मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 186 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 1 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## अवसंरचना योजना, कार्यान्वयन, और निरीक्षण को पीएम गतिशक्ति से नई दिशा मिलेगी: पीएम मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वोत्तर भारत में तेजी से ढांचागत विकास सुनिश्चित करने और इस क्षेत्र को राष्ट्रीय गैस ग्रिड में शामिल करने के भारत सरकार के उद्देश्य के साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आज गुवाहाटी में पीएम गतिशक्ति (पीएमजीएस) के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देना तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक गैस को अपनाने में तेजी लाना है। इस सम्मेलन में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, असम सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, सार्वजनिक उद्यम, परिवहन, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता, एक्ट ईस्ट नीतियां, कल्याण अल्पसंख्यक मंत्री चंद्र मोहन पटोवरी, त्रिपुरा सरकार के एफसीएस एवं सीए, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मनोज कांति देब, नगालैंड सरकार के मृदा और जल संरक्षण मंत्री वी. काशीहो संगतम, सिक्किम सरकार के शिक्षा, कानून, विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री, भू-राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा मामले के मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा ने भाग लिया। केंद्र सरकार के बुनियादी ढांचा से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों, पूर्वोत्तर राज्यों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन की शुरूआत से पहले, गणमान्य व्यक्तियों ने गति शक्ति के दृष्टिकोण और केंद्रीय बजट 2022 के साथ इसके सम्मिलन पर आयोजित वेबिनार में भाग लिया, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट ने 21वीं सदी में भारत के विकास की गति (गतिशक्ति) निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि 'अवसंरचना आधारित विकास' की इस दिशा से हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत में असाधारण वृद्धि होगी, जिससे रोजगार की कई नई संभावनाएं पैदा होंगी। प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं को पूरा करने के पारंपरिक तरीकों में हितधारकों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसा विभिन्न संबंधित विभागों के बीच स्पष्ट जानकारी के अभाव की वजह से था। उन्होंने कहा, 'पीएम गतिशक्ति के कारण अब हर कोई पूरी जानकारी के साथ अपनी योजना बना सकेगा। इससे देश के संसाधनों का अधिकतम उपयोग भी होगा।'

## यह चुनाव किसी को विधायक बनाने का नहीं, यूपी को नए विकास के रास्ते पर ले जाने का है: नड्डा



मिजार्पुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पांच चरणों का मतदान हो चुका है और अब बाकी बचे दो चरणों के लिए सियासी दलो का प्रचार घमासान जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जेपी नड्डा ने मिजार्पुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का चुनाव सिर्फ किसी को विधानसभा भेजना का नहीं है, किसी को विधायक बनाने का नहीं है, ये चुनाव उत्तर प्रदेश को मजबूत और नए विकास के रास्ते पर ले जाने का है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में 130 करोड़ जनसंख्या वाले देश में बैंक खाते मात्र पौने 3 करोड़ थे, जो सिर्फ अमीरों के थे। जब मोदी जी ने कहा कि मैं बैंक में गरीबों के खाते खुलवाऊंगा तो यही चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए लोग मोदी जी का मजाक बनाते थे।

इसी बीच लॉकडाउन का जिक्र करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने कहा कि बिना पैसे के गरीबों के खाते खुलेंगे और जिनकी गारंटी भारत सरकार लेगी। जब कोरोना महामारी में लॉकडाउन लगा तो 20 करोड़ बहनों के खाते में 500-500 रुपए तीन महीने तक पहुंचाया। अभी मैं मछलीशहर में था, वहां के प्रत्याशी के बारे में चर्चा कर रहा था। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हमारा एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है, उसके खाते में मात्र 3,000 रुपए थे। ये भाजपा ही है जो एक गरीब आदमी को विधायक बनाने की ताकत रखती है।

उन्होंने कहा कि जब हम कहते हैं कि गरीब की चिंता करते हैं तो हम भाषण नहीं देते बल्कि 80 करोड़ की जनता को फ्री राशन देते हैं। 2 I5 करोड़ लोगों को बिजली का कनेक्शन मिला। प्रधानमंत्री ने कहा है 56 इंच का सीना चाहिए बिजली पहुंचाने के लिए और उन्होंने बिजली पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ऐसा कोई गांव नहीं बचा जहां लोग खुले में शौच करते हों...भाजपा ने महिलाओं को सम्मानजनक जीवन दिया। यह सब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया गया है... हम महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी नतीजों के बाद तय होगा किस दल को समर्थन देना हैं : प्रियंका

बलिया, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी के विधानसभा चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताकर कहा कि चुनाव के बाद सरकार बनाने के लिए किसी दल को समर्थन देने पर विचार किया जाएगा। प्रियंका ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को उत्साहवर्धक परिणाम मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के पहले चार चरणों के दौरान कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कई वर्षों बाद 400 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे उम्मीदवार अच्छा लड़ रहे हैं। कई सीटों पर वह मजबूती से लड़ रहे हैं।ह्लह्ल विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाने के लिए किसी दल को समर्थन देने को लेकर पूछने पर कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इसके बारे में परिणाम के बाद विचार होगा। रोड शो के दौरान प्रियंका की एक झलक पाने के लिए आम लोगों खासकर युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बांसडीह से पुनीत पाठक कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। पुनीत के दादा बच्चा पाठक इस क्षेत्र से सर्वाधिक सात बार विधायक रहे।

### कोरोना के कारण यूपीएससी मेंस एग्जाम नहीं दे पाए तीन उम्मीदवारों ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक महामारी कोविड 19 के कहर के चलते संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के पेपर ना दे पाने वाले तीन सिविल सेवा उम्मीदवारों ने राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को याचिकाकताओं को याचिका की अग्रिम प्रति यूपीएससी को देने का निर्देश दिया, जिसमें वे मेन्स में एक अतिरिक्त प्रयास की मांग कर रहे हैं। जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने मामले को आगामी 7 मार्च तक के लिए सूचीबद्ध करते हुए अपने आदेश में कहा, 'मामला 7 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया जाता है। उत्तरदाताओं को अग्रिम प्रति दी जाए।' याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मुख्य परीक्षा से संबंधित यह मामला प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित पहले के मामले से अलग है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से इनकार किया था। वरिष्ठ वकील ने आगे कहा कि 'मुख्य परीक्षा के दौरान याचिकाकर्ता कोविड19 सकारात्मक पाए गए। वे परीक्षा में शामिल हो सकते थे और परीक्षा में उपस्थित होकर झूठ बोल सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया'। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने याचिकाकर्ताओं से प्रतिवादियों को अग्रिम प्रति देने का निर्देश देते हुए कहा कि 'अग्रिम प्रति दें। दूसरे पक्ष को आने दें। केस को 7 मार्च के लिए लिस्टेड किया जाता है। उत्तरदाताओं को अग्रिम कॉपी दी जाए।

## यूएलआईपी कार्गो की रियल टाइम निगरानी करेगा: सचिव संजीव रंजन



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम गतिशक्ति के विजन पर वेबिनार को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि पीएम गतिशक्ति लॉजिस्टिक अवसंरचना सुधारने में बड़ी भूमिका निभाएगी और लॉजिस्टिक लागत कम करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूनिफायड लॉजिस्टिक इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अपनाया जा रहा है और इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी आवश्यक है। छह मंत्रालयों की 24 डिजिटल प्रणालियां यूएलआईपी के माध्यम से एकीकृत की जा रही हैं। इससे राष्ट्रीय सिंगल विंडो लॉजिस्टिक पोर्टल बनेगा, जिससे लॉजिस्टिक लागत कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने पीएलआई पहल की चर्चा करते हुए निजी क्षेत्र से देश की अवसंरचना में निवेश करने को कहा। बजट बाद के इस वेबिनार में बंदरगाह, शिपिंग तथा जलमार्ग मंत्रालय के सचिव डॉ. संजीव रंजन ने इस विषय पर अपना विचार साझा किया कि किस तरह यूएलआईपी भारतीय लॉजिस्टिक्स को क्रांतिकारी बना रहा है और मंत्रालय की भूमिका को किस तरह सफल बना रहा है।

उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति का उद्देश्य पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करना और अवसंरचना क्षमताओं को बढ़ाना, बाधारहित मल्टी मॉडल परिवहन के माध्यम से सक्षम लॉजिस्टिक, विभिन्न विभागों के बीच तालमेल करना है। रंजन ने कहा कि बंदरगाहों के इकोसिस्टम को और अधिक सक्षम बनाने तथा व्यावसायिक सुगम्यता को लागू करने के लिए 2006 में पोर्ट कम्युनिटी सिस्टम (पीसीएस) शुरू की गई थी। पीसीएस लागू करने के बाद 16000+ से अधिक कॉरपोरेट इसका उपयोग कर रहे हैं और इससे लाभान्वित हुए हैं। अब पीसीएस को नेशनल लॉजिस्टिक पोर्टल (एनएलपी मरीन) में उन्नत करने के प्रक्रिया जारी है। इससे संपूर्ण लॉजिस्टिक इकोसिस्टम अधिक सक्षम होगा, एक्जिम व्यापार लाभ होगा और विशेषज्ञता संपन्न नौकरियों के लिए अधिक अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि यूएलआईपी के साथ एकीकृत होकर एनएलपी प्रक्रियाओं को मानक बनाएगा और संपूर्ण व्यापार से संबंधित प्रक्रियाओं को गति देगा।

## जम्मू-कश्मीर- गुलाम नबी आजाद के भतीजे भाजपा में शामिल, कांग्रेस को लगा झटका

जम्मू, एजेंसी। कांग्रेस के बागी कहलाने वाले जी 23 समूह के सदस्य और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के बड़ा नेता गुलाम नबी आजाद के भतीजे ने भाजपा का दामन थाम बड़ा झटका दिया है। ज्ञात हो कि कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले डोडा, किश्तलाड़ और रामबन जिले में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के भतीजे मुबशिर आजाद को पार्टी में शामिल करा लिया। मुबशिर आजाद ने त्रिकुटा नगर स्थित भाजपा मुख्यालय में अपने समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने पूर्व विधायक दलीप परिहार और भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष हारून चौधरी के साथ मुबशर आजाद का स्वागत किया, जो लंबे समय से कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ जुड़े हुए थे। रविंदर रैना ने मुबशर आजाद के साथ-साथ पार्टी में अन्य नए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसी पार्टियों ने सत्ता की विलासिता का आनंद लेने के अलावा कुछ नहीं समझा।

उन्होंने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार थी, जिसने यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए कि जम्मू-कश्मीर में बुनियादी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया जाए और यहां रहने वाले हर समुदाय को अधिकार दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व की नीतियों की सभी सराहना कर रहे हैं और यही कारण है कि लगभग दैनिक, सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां जनता की सेवा के लिए पार्टी को गले लगाने के लिए आगे आ रही हैं।

मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए मुबशिर आजाद ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और केंद्र में वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने चाचा पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अपमान से बहुत आहत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के करिश्माई नेताओं में से एक गुलाम नबी आजाद के साथ पार्टी ने जिस तरह से व्यवहार किया उससे आम जनता की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रयासों को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर पूरी तरह से स्वार्थी अंतर्कलह है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने आम जनता का विश्वास हासिल किया है। इस प्रकार हम समाज और राष्ट्र के हित में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के साथ खड़े होने का संकल्प लेते हैं।

## भारत में यूक्रेनी राजदूत बोले- हमारे विदेशी साझेदार रूसी राष्ट्रपति पर युद्ध रोकने डालें दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी। रूसी हमले से तबाह होते यूक्रेन की दुर्दशा के बीच भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. इगोर पोलिखा ने हताहतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सारे नागरिक हताहत हो रहे हैं। हमारे मंत्रालय की आधिकारिक जानकारी के अनुसार, रूसी संघर्ष अभियान के परिणामस्वरूप पहले से ही बम विस्फोटों, गोलाबारी आदि से 16 बच्चे मारे जा चुके हैं। भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ इगोर पोलिखा ने बताया कि यूरोप ने बीते दिनों रूस के हवाई जहाजों के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। रूसी अर्थव्यवस्था हर दिन चरमराती जा रही है। रूस अभूतपूर्व तरीके से हताहत हो रहा है। लगभग 5,300 रूसी सैनिकों ने अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि हम अपने सभी विदेशी साझेदारों से अनुरोध कर रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालें। आज हमारा प्रतिनिधिमंडल पहले दौर की शांति वार्ता करने गया। इस दौरान गोलाबारी, बमबारी हुई है। डॉ इगोर पोलिखा ने कहा कि यूक्रेन के शरणार्थियों की संख्या 4 लाख को पार कर गई है। अगर युद्ध नहीं रुका तो यह संख्या 70 लाख तक पहुंच सकती है। बॉर्डर पर बहुत लंबी कतारें हैं। लाखों यूक्रेनियन कतार में खड़े हैं और वह लोग बॉर्डर पार करने की कोशिश कर रहे हैं। रूस में मॉस्को से लेकर साइबेरिया तक युद्ध विरोधी कार्यकर्ता यूक्रेन पर हमले के खिलाफ एक बार फिर से सड़कों पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है और हर दिन सैकड़ों कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।

## एयर इंडिया की बुडापेस्ट-दिल्ली फ्लाइट से राजस्थान के 41 विद्यार्थी पहुंचे दिल्ली एयरपोर्ट

**कैबिनेट मंत्री श्रीमती ममता भूपेश और धीरज श्रीवास्तव ने किया स्वागत**

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस के साथ युद्ध की मार झेल रहे संकटग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लेकर लौटी एयर इंडिया की बुडापेस्ट-दिल्ली की दो उड़ानों से आज राजस्थान के कुल 41 बच्चे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे।



इन विद्यार्थियों में 18 विद्यार्थी आज सुबह पहुंचे तथा 23 विद्यार्थी सायं एयरपोर्ट पर पहुंचे। नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्थान सरकार द्वारा 24 घंटे की हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

जहां पर राजस्थान के प्रवासियों को रिसीव किया जाता है तथा उनकी सुविधा अनुसार राज्य के खर्चे पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने की सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है।

आज एयरपोर्ट पहुंचने वाले राजस्थान के इन बच्चों का राजस्थान की कैबिनेट मंत्री श्रीमती ममता भूपेश और राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त एवं इस मिशन के राजस्थान से नोडल अधिकारी धीरज श्रीवास्तव ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती भूपेश ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशन में हम लगातार राजस्थान के विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भारत सरकार को पत्र लिखकर यह मांग की है कि भारत सरकार अभिलंब यूक्रेन में फंसे हुए प्रवासियों को सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव मदद करें।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आज दिल्ली पहुंचे इन 41 बच्चों में डूंगरपुर, झुंझुनू, उदयपुर, बांसवाड़ा, चूरू, राजसमंद और सीकर के बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए, दिल्ली, जयपुर और मुंबई एयरपोर्ट से अब तक कुल 136 राजस्थानी विद्यार्थियों को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया जा चुका है।

## आईआईएमसी के विद्यार्थियों के बिना अधूरी है भारतीय पत्रकारिता : प्रो. द्विवेदी

नई दिल्ल। 'भारतीय पत्रकारिता का इतिहास आईआईएमसी के विद्यार्थियों के बिना अधूरा है। अपनी प्रतिभा से भारतीय जन संचार संस्थान के विद्यार्थियों ने पूरे विश्व में संस्थान का नाम रोशन किया है।' यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने आईआईएमसी एलुमिनाई मीट के दौरान पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

प्रो. द्विवेदी ने कहा कि आमतौर पर लोग बड़े पदों पर पहुंचते हैं, तो अपनी जड़ों को भूल जाते हैं, लेकिन आईआईएमसी के पूर्व विद्यार्थियों का कैंपस से लगाव हम सभी को अपनी स्मृतियों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के दो ही आधार होते हैं, एक शिक्षक और दूसरे विद्यार्थी। कोई भी संस्थान बड़े भवनों से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों से बड़ा बनता है।




आईआईएमसी के पूर्व छात्रों के संगठन 'ईमका' के वार्षिक कार्यक्रम 'कनेक्शन्स 2022' में संस्थान से पढ़कर निकले और देश के अलग-अलग संस्थानों में काम कर रहे जनसंचार के दिग्गजों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 14 पूर्व विद्यार्थियों को 'इफको ईमका अवॉर्ड्स 2022' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देश के वरिष्ठ पत्रकार मधुकर उपाध्याय, चित्रा सुब्रह्मण्यम, पद्मश्री से अलंकृत मशहूर नृत्यांगना गीता चंद्रन, 'एपको वर्ल्डवाइड' के प्रबंध निदेशक राहुल शर्मा एवं सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया में कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के हेड पार्थो घोष को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। 'इंडिया टुडे हिंदी' एवं 'द लल्लनटॉप' के संपादक सौरभ द्विवेदी को 'एलुमिनाई ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड दिया गया, जबकि उत्तर प्रदेश के मलकपुर गांव के प्रधान अमित को पब्लिक सर्विस अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा स्वतंत्र पत्रकार सृष्टि जैसवाल को कृषि पत्रकारिता, रॉयटर्स के विशेष संवाददता कृष्ण एन दास को को प्रिंट मीडिया, एबीपी न्यूज की संवाददाता अजातिका सिंह को टीवी पत्रकारिता, इतिकला भवानी को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (प्रिंट मीडिया), ज्योतिस्मिता नायक को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (टेलीविजन), कौशल लखोटिया को प्रॉड्यूसर ऑफ द ईयर, विपिन ध्यानी को विज्ञापन एवं मुनी शंकर पांडेय को जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर कर्नाटक चैप्टर को 'कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर', वर्ष 1994-95 बैच को 'कनेक्टिंग ग्रुप ऑफ द ईयर' एवं श्याम मीरा सिंह और अभिनव पांडेय को 'कनेक्टिंग एलुमिनाई ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा वर्ष 1971-72 के गोल्डल जुबली एलुमिनाई बैच एवं वर्ष 1996-97 के सिल्वर जुबली एलुमिनाई बैच के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।

आयोजन में 'ईमका' के अध्यक्ष कल्याण रंजन, महासचिव साधना आर्य, मुख्य आयोजक कर्नाटक के परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव राजेंद्र कटारिया, नेशनल मीट संयोजक नेटवर्क 18 के ग्रुप एडिटर ब्रजेश कुमार सिंह, स्टेट मीट संयोजक असम के राज्य सूचना आयुक्त समुद्र गुप्त कश्यप, ईमका अवॉर्ड संयोजक संबित मोहंती, अवॉर्ड समन्वयक सिमरत गुलाटी, मेडिकल फंड चेयरमैन नितिन प्रधान एवं स्कॉलरशिप चेयरमैन टीवी टुडे समूह के न्यूज डायरेक्टर सुप्रिय प्रसाद समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए एलुमिनाई शामिल हुए।








# महिलाओं के लिए मध्य पुलिस जिले में हुआ पिंक बूथ का उद्घाटन

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता




महिलाओं के लिए मध्य पुलिस जिले के पिंक बूथ का उद्घाटन पीएफडब्ल्यूएस अध्यक्ष श्रीमती अनु अस्थाना द्वारा माता सुंदरी कॉलेज में किया गया। महिला शिकायतकताओं की सुविधा के लिए और दिल्ली की सड़कों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों में महिलाओं की अधिक भीड़ / महिला प्रधान सड़कों पर महिला पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मध्य जिले में गुलाबी बूथ शुरू किए गए हैं ।कार्यक्रम में श्रीमती गीता पाठक ने डीसीपी/सेंट्रल, की उपस्थिति में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। लगभग 400 कॉलेज की लड़कियों, शिक्षकों और उनके माता-पिता के साथ सभी एसीएसपी, एसएचओ सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के साथ डीसीपी- कऔर डीसीपी क्क/ सेंट्रल भी समारोह में उपस्थित थे । मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के स्वागत के लिए पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्लशक्तिह्व की शुरूआत डीसीपी / सेंट्रल, श्रीमती श्वेता चौहान के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के लिए पिंक बूथ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को ह्लवीरा दस्तेह्व ( सभी महिला पुलिस गश्त दल ) के बारे में भी बताया, जिसका उद्देश्य संकरी गलियों और सुनसान इलाकों में गश्त करके मध्य जिले में आने वाली / रहने वाली सभी महिलाओं / लड़कियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने ह्लप्रशाक्तिह्व योजना को और विस्तृत किया जिसका उद्देश्य सड़कों पर महिला पुलिस की दृश्यता बढ़ाना और महिला शिकायतकताओं की त्वरित शिकायत निवारण की सुविधा प्रदान करना है ।कार्यक्रम की शुरूआत एक स्वागत गीत ह्लइतनी शक्ति हमें देना दाताह्व के साथ हुई, जिसे हमारे सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में केंद्रीय जिला पुलिस द्वारा समर्थित विशेष बच्चों द्वारा गाया गया था। तत्पश्चात मध्य जिला एवं मध्य जिले की महिला पुलिस द्वारा योग में प्रशिक्षित बच्चों की टीम द्वारा योग किया गया। एसआई किरण सेठी और उनकी टीम ने सभी लड़कियों/महिलाओं को आत्मरक्षा की तकनीक दिखाई, ताकि वे अपने हौसले को बुलंद रखने और पूरे साहस के साथ अपना बचाव करने के लिए प्रोत्साहित हों। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा कई लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए और गीत गाए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मास्टर सचिन और हर्ष का गायन प्रदर्शन था, जिन्होंने एक लोकप्रिय गीत ह्लसंदेसे आते हैंह्व गाया था। अंत में माता सुंदरी कॉलेज की छात्राओं द्वारा पंजाबी भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनु अस्थाना ने सभी कलाकारों, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और माता सुंदरी कॉलेज के प्रधानाचार्य, जिन्होंने दिल्ली पुलिस सप्ताह 2022 और आजादी का अमृत महोत्सव में समाज और जरूरतमंदों के प्रति उनके समर्पित प्रयासों और जिम्मेदारी को पहचानने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया, को सम्मानित किया। .मुख्य अतिथि ने प्रदर्शन के लिए सभी की प्रशंसा की और महिलाओं को प्रेरित करने और सशक्त बनाने की दिशा में मध्य जिला पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ महिलाओं की शिकायत निवारण के लिए एक अनूठी और अनूठी पहल है। उन्होंने आगे एक ऐसे समाज की कल्पना की जहां महिलाएं पुरुषों के बराबर हों और लड़कियों के साथ कोई भेदभाव न हो। कार्यक्रम का समापन डीसीपी श्रीमती श्वेता सिंह चौहान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम स्थल और अंत में एक सेल्फी वॉल भी लगाई गई थी। सभी ने सेल्फी बूथ पर फोटो खिंचवाई।

# चुनाव के मद्देनजर आरडब्लूए ई ब्लॉक जवाहर पार्क की वार्षिक आम सभा संपन्न



पिछले 27 फरवरी को आरडब्लूए ई ब्लॉक जवाहर पार्क खानपुर की वार्षिक आम सभा संपन्न हुई। इसका आयोजन डी - 23 श्री राम कृष्ण मंदिर में किया गया। आम सभा में सर्वसम्मति से प्रदीप कुमार दुबे को एसोसिएशन की त्रि - वार्षिक आम चुनाव 2022 के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। श्री इंदर सिंह के द्वारा सभापति के रूप में बैठक का सफल संचालन किया गया। कोषाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह यादव द्वारा बैठक में एसोसिएशन की आय-व्यय (बैलेंस शीट) को सर्वसम्मति से पास किया गया । एसोसिएशन के प्रधान श्री मिथिलेश कुमार विगत वर्षों में किए गए विकास के कार्यों को सबके सामने प्रस्तुत किया । महासचिव बृजभूषण मिश्रा द्वारा विधायी संबंधी गतिविधियों के बारे में बताया गया । इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रधान मिथिलेश कुमार के अलावा आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, ज्वाइंट सेक्रेट्री संजीव कुमार शर्मा के अलावा कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की दिल्ली के गिने-चुने आरडब्लूए में से एक है जिन्होंने अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य किया तथा एक नई पहचान बनाई है । आरडब्लूए ई ब्लॉक जवाहर पार्क के प्रधान मिथिलेश कुमार ने पिछले 3 वर्षों में क्षेत्र में जन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया है। जनप्रतिनिधियों से तालमेल बिठाकर श्री मिथिलेश कुमार ने जवाहर पार्क की सड़कें, नालियां बोर, ट्यूबेल आदि का काम करा कर एक मजबूत पहचान बनाई है। आरडब्लूए का कार्यकाल 3 वर्षों का होता है ।इस 3 वर्ष के पूरा होने पर विधिवत ढंग से चुनाव प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी डिफेंस एक्सपो में इन्वेस्ट4आईडेक्स और मंथन 2022 कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी । वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरू किया रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडेक्स) अनिवार्य रूप से रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों के लिए एकीकृत मंच प्रदान करता है । यह नवाचार रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास और संभावित सहयोग की निगरानी के लिए एक प्रमुख संगठन की तरह कार्य करता है। आधुनिक सैन्य युद्ध में एक राष्ट्र की प्रभावी शक्ति का निर्धारण करने में नवाचार धीरे-धीरे सबसे महत्वपूर्ण कारक बनता जा रहा है । आईडेक्स जैसे प्लेटफॉर्म सेना को अपने प्रमुख कार्यक्रमों जैसे डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज (डीआईएससी) और ओपन चैलेंज (ओसी) के माध्यम से जटिल चुनौतियों का विघटनकारी समाधान खोजने में सक्षम बनाते हैं, जो कि सैन्य प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए प्रमुख कारक होंगे। इसी के तहत, भारतीय नौसेना ने आईडेक्स विजेता सैफ ऑटोमेशन सर्विसेज एलएलपी के लिए सफलतापूर्वक आपूर्ति का आदेश पारित किया है । अब तक, आईडेक्स ने डीआईएससी के पांच राउंड और ओसी के तीन सत्र आयोजित किए हैं, जिसमें अलग-अलग इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स से 2,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं । इसके अलावा, आईडेक्स अपने ग्रांट-इन-एड फ्रेमवर्क, सपोर्ट फॉर प्रोटोटाइप एंड रिसर्च किक स्टार्ट (स्पार्क) के माध्यम से कई तकनीकी क्षेत्रों में परियोजनाओं को वित्तपोषित करने में सक्षम है।

# केजरीवाल सरकार करेगी 'बिजनेस ब्लास्टर्स इन्वेस्टमेंट समिट एंड एक्सपो' का आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी। केजरीवाल सरकार का बिजनेस ब्लॉस्टर्स प्रोग्राम दिल्ली के साथ-साथ पूरे देश में सुपरहिट हो गया है। बिजनेस ब्लॉस्टर्स प्रोग्राम की मदद से दिल्ली के सरकारी स्कूलों में भविष्य की कंपनियों के सीईओ तैयार हो रहे है। इन बडिंग एंत्रप्रेन्योरर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने के लिए दिल्ली सरकार बिजनेस ब्लास्टर्स की फाइनलिस्ट 100+ टीमों के साथ, 5 मार्च 2022 को त्यागराज स्टेडियम में ह्यबिजनेस ब्लास्टर्स इन्वेस्टमेंट समिट एंड एक्सपोह्ण का आयोजन करेगी। जहाँ देशभर से इन्वेस्टर्स आकर इन बिजनेस आइडियाज में इन्वेस्ट कर सकेंगे। यहां इन छोटे बिजनेस स्टार्स को अपने स्टार्टअप के लिए तो इन्वेस्टमेंट मिलेगा ही साथ ही इन बच्चों को दिल्ली सरकार के टॉप विश्वविद्यालय जैसे; एनएसयूटी, डीएसईयू, डीटीयू, कऋृऊळवह आदि में बीबीए प्रोग्राम में सीधे दाखिला लेने का मौका मिलेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को एक प्रेस-कांफ्रेंस के माध्यम से ये बातें कही। उन्होंने देशभर के इन्वेस्टर्स को निमंत्रित करते हुए इन बच्चों के स्टार्ट-अप्स में निवेश करने और उनका हौसला बढ़ाने की अपील की। दिल्ली सरकार के बडिंग एंत्रप्रेन्योरर्स के बिजनेस आइडियाज से इन्वेस्टर्स इतने प्रभावित हुए है कि अबतक इन आइडियाज को 12 करोड़ रुपए से अधिक का सपोर्ट ऑफर किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम की मदद से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चे अब जॉब सीकर्स नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर्स बनने लगे है और उनका माइंडसेट बदलने लगा है और इन्ही बच्चों में से भविष्य के बड़े उद्योगपति तैयार होंगे जो फेसबुक,गूगल जैसी कंपनियां बनायेंगे।

5 मार्च को होने वाले ह्यबिजनेस ब्लास्टर्स इन्वेस्टमेंट समिट एंड एक्सपोह्ण के बाबत श्री सिसोदिया ने इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करते हुए कहा कि जो इन्वेस्टर्स नए आइडियाज में इन्वेस्ट करना चाहते है वो एक्सपो में आए और देखे कि भविष्य के टाटा,बिरला,इनफोसिस, फेसबुक, टेस्ला जैसी कंपनियों के मालिक कहां से शुरूआत कर रहे है। साथ ही इनके बिजनेस आइडियाज में इन्वेस्ट कर उनका हौसला बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जो इनवेस्टमेंट नहीं भी करना चाहते वो लोग भी इस एक्सपो में आकर देखे कि कैसे सरकारी स्कूलों के 11वीं-12वीं के बच्चों को एक मौका देने भर से वो जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बन रहे और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए तैयार है।

श्री सिसोदिया ने बताया कि बिजनेस ब्लास्टरर्स प्रोग्राम विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप प्रोग्राम में से एक है। जहाँ दिल्ली सरकार के स्कूलों के 3 लाख से अधिक बच्चों ने 51,000+ टीम्स बनाई और उन्हें 60 करोड़ रुपए की सीडमनी दी गई। और इनमें से ज्यादातर टीम्स ने प्रॉफिट कमाया और जिस टीम ने प्रॉफिट नहीं भी कमाया तो उनमे एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट का विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले पड़ाव में स्कूल,जोनल,डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इन 51,000+ टीम्स में से विभिन्न एक्सपर्ट्स की मदद से 1000 टीम्स का चयन किया गया। साथ ही एक्सपो के 100+ टीम्स का चयन किया गया है।

# 5 मार्च को होगा दो रनिंग ट्रॉफियों के लिए कड़ा मुकाबला , राष्ट्रीय आयोजन समिति गठित



हिमांशु सहलोत विजय गौड़ राजीव रंजन
संजय उपाध्याय विजय भारद्वाज अनुपमा रंजन

भागीदारी जन सहयोग समिति , दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा एवं ह्यूमन फाउंडेशन तथा युग संस्कृति न्यास की सक्रिय भागीदारी से आयोजित की जा रही राष्ट्रीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी , कॉलेज , नगर पालिका वीमेन टेक्निकल इंस्टिट्यूट , टीचर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट सहित 4 राज्यों से 15 टीमें भाग लेंगी, जिसमें इंग्लिश माध्यम की सर्वश्रेष्ठ टीम को सुप्रसिद्ध समाजसेवी ब्रजेन्द्र नाथ सिन्हा रनिंग टॉफी तथा हिंदी माध्यम की सर्वश्रेष्ठ टीम को सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी आचार्य अमरनाथ शास्त्री रनिंग टॉफी से सम्मानित किया जाएगा । दोनों वर्गों में पृथक पृथक 5000 /- रुपए , 3000 /- रुपए एवं 2000 /- रुपए के नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे ।राष्ट्रीय आयोजन की कार्यसमिति में दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण से हिमांशु सहलोत सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण राउज एवेन्यू कोर्ट , भागीदारी जन सहयोग समिति से विजय गौड़ एवं विजय भारद्वाज , ह्यूमन फाउंडेशन से अनुपमा रंजन एवं राजीव रंजन और युग संस्कृति न्यास से संजय उपाध्याय को शामिल किया गया है इन 15 टीमों को मार्गदर्शन कर रहे है फैकल्टी सदस्य डॉ नकुल , डॉ तजिंदर कौर , डॉ वैभव भारतीय , डॉ दिनेश , डॉ जी के वढेरा , डॉ प्रदीप डिमरी , डॉ उमेश , डॉ भावना बत्रा , डॉ रमा शर्मा , डॉ शिवानी गोस्वामी , डॉ नीलू मेहरा , डॉ अनामिका रोहिल्ला , डॉ पायल जैन , डॉ दुर्गेश वर्मा , डॉ स्वाति पॉल , डॉ उर्मिल वत्स , डॉ कावेरी शर्मा , कोमल पाठक , डॉ सुप्तिका बिस्वास तथा टेक्निकल टीम के मुखिया है मंजीत सिंह मल्होत्रा एवं राहुल झा ।

# यूपी की जनता पश्चिम से पूरब तक घोर परिवारवादियों को नकार दिया : पीएम मोदी

बलिया, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों का नाम लिए बिना कहा कि यूपी में पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं, इसमें पश्चिम से पूरब तक घोर परिवारवादियों को जनता ने नकार दिया है। यूपी के लोगों ने बता दिया है, कि राज्य की गाड़ी अब जात-पात की गलियों में अटकने वाली नहीं है। बलिया जिले में चुनावी रैली में महर्षि भृगु को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत भोजपुरी में लोगों का अभिवादन करते हुए कहा, माता, बहिन, बड़-बुजुर्ग सब कर गोड़ लागत बानि (माताओं, बहनों, बड़े बुजुर्गों को पैर छूकर प्रणाम कर रहा हूं)। उन्होंने बताया कि बलिया ने विकास के हाइवे पर रफ़्तार भर ली है और जाति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित का सम्मान और परिवारवाद का विरोध यही तब बलिया की परिभाषा है। उन्होंने कहा कि ह्यह्लबलिया, पूर्वांचल का विकास और उप्र का विकास मेरा कर्तव्य और मेरी प्राथमिकता है, उप्र ने मुझे बहुत कुछ दिया है और इस धरती की संतान के नाते गरीब से गरीब की सेवा का संकल्प लेकर चल पड़ा हूं ।ह्लह्ल

उल्लेखनीय है कि बलिया में 2017 के चुनाव में सात विधानसभा सीटों में पांच सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी, जबकि बांसडीह से राम गोविंद चौधरी (विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष) और रसड़ा से उमाशंकर सिंह (विधानसभा में बसपा के दल नेता) चुनाव जीते थे। बैरिया विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार भाजपा से चुनाव जीते सुरेंद्र सिंह इस बार टिकट न मिलने पर विद्रोही होकर विकासशील इंसान पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि पिछली बार बलिया से चुनाव जीते राज्य मंत्री आंनद स्वरुप शुक्ला का क्षेत्र बदलकर उन्हें बैरिया से मैदान में भाजपा ने उतारा है। बलिया में स्वरुप की जगह पार्टी ने इस बार राज्य मंत्री स्वाति सिंह के पति और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इनदिनों बलिया जिले में राजनीतिक दांव-पेंच के बीच जातीय गोलबंदी की भी खूब अटकलें हैं। मोदी ने आजादी की लड़ाई में बलिया के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि ह्यह्लये मेरा सौभाग्य है कि आप इतनी बड़ी संख्या में यहां हम सबको आशीर्वाद ने के लिए आए हैं। यह प्यार और आशीर्वाद कभी भूल नहीं सकता, आपके प्यार और आशीर्वाद को ब्याज सहित लौटाऊंगा और विकास करके लौटाऊंगा। मोदी ने कहा कि आप सबने मुझे इतना प्यार दिया है, कि उसका कर्ज उतार नहीं सकता, बलिया से मेरा एक भावुक रिश्ता यह भी है कि यहीं पर मैंने माताओं-बहनों की जिंदगी बदलने वाली उज्जवला योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि ये धरती जननायक चंद्रशेखर जी की भूमि है,चंद्रशेखर जी को गर्व था कि वे चित्तू पांडेय की धरती से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि बलिया का गहरा संबंध लोकनायक जयप्रकाश नारायण और साहित्यकार हजारी प्रसाद द्विवेदी जी से भी रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं इन सभी विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। सभा को केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भी संबोधित किया।

# भारत माता के सच्चे सपूत विजय सिंह पथिक के आदर्शों पर चलकर भारत विश्व गुरु बन सकता है: अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



प्रख्यात अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी ने किसानों के मसीहा, राजस्थान केसरी, लेखक पत्रकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की इतिहास गवाह है इस महान व्यक्ति के कृतित्व व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को कहीं ना कहीं दबा दिया गया और यह एक बड़े षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। गुर्जर शिरोमणि विजय सिंह पथिक का देश की स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान रहा है। परंतु एक रणनीति के तहत पाठ - पुस्तकों में उनकी महान उपलब्धियों , कृतित्व एवं व्यक्तित्व को देश के सामने नहीं आने दिया गया । इंदर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि सच्चाई यह है कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों को आज हम महान राष्ट्र भक्त मानते है और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को अविस्मरणीय बताते है उनकी ताकत के पीछे भी विजय सिंह पथिक का हाथ था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की जीवनी और उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को समाज गंभीरता से पढ़ें और उसके प्रचार-प्रसार का प्रयत्न करें, ताकि इतिहास की गहरी सच्चाई और स्वतंत्रता आंदोलन का एक महानायक विश्व एवं राष्ट्र पटल पर अपनी वास्तविक पहचान प्राप्त कर सकें। पिछले 27 फरवरी को श्री पथिक की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु हरकेश नगर सामुदायिक केंद्र एम ब्लॉक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों एवं अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी उल्लेखनीय भूमिका की चर्चा की। इंदर सिंह बिधूड़ी ने कहा की महान व्यक्तित्व विजय सिंह पथिक की जयंती एवं पुण्यतिथि बड़े पैमाने पर मनाई जाए , ताकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक उनके महान कार्यों एवं त्याग के बारे में देशवासी अवगत हो सकें ।आजादी की पहली जीत 1920 बिजोलिया अहिंसक आंदोलन, पथिकजी की 1919 की आरएसएस ( राजस्थान सेवा संघ) , आजादी का पहला सफल आंदोलन 1920 बिजोलिया आदि एवं देश का आजादी पूर्व झंडा गीत पथिकजी ने रचा, 1930 कांग्रेस अधिवेशन में ,व आजाद हिंद फौज का गीत भगतसिंह राजगुरु सुखदेव को हथियार गोला बारूद योजना पथिक ने दी । शस्त्र क्रांति 1915 पथिकजी की देन है ।मध्यभारत में अखबारों की नींव,पहला विश्व्यापी किसान आंदोलन,देश की आजादी के हर आंदोलन में पथिकजी व उनके परिवार का प्रथम लाइन में योगदान,देश की प्रजातंत्र प्रणाली की संरचना 1925 उदयपुर जेल मे सामन्तशाही क्रूर व्यवस्था में सफल प्रजामण्डल आंदोलन

किसानों को आजादी 1920 में पंचायत की स्थापना, राजपूताने से राजस्थान नाम मध्यभारत में स्वदेशी शिक्षा केन्द्र, यूपी,एमपी, राजस्थान, महाराष्ट्र गुजरात मे क्रांतिकारी गतिविधियां

सात भाषाओं में लेखनी

5 अखबारों के संपादन,

1916 में 1.25 लाख रुपये का जिंदा या मुर्दा इनाम,

1912 में कलकत्ता से दिल्ली राजधानी पर चांदनी चौक में बम धमाके पथिकजी के 1857 से 1947 तक पथिक के पितामह राव इंदरसिंह 1857,पिता हमीर सिंह1858, माता कवलकुवारी 1905, भाई नयन सिंह 1921, 5 साल की पुत्री 1945 ने 4 पीढ़ियों ने राष्ट्र को आजाद कराने शहादते दी । पथिक 1954 और पत्नी जानकी देवी 1996 में अभाव और निर्वासित जीवन मे तिल तिल शहिद हुये।

# आम आदमी पार्टी राजनीतिक विचारधारा के आधार पर नहीं बल्कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम करती है: फुरकान कुरैशी

» जावेद खान, मदरलैंड संवाददाता





नई दिल्ली। बाबरपुर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के लिये सबसे सुरक्षित माने जाने वाला कर्दमपुरी वार्ड 49-ए दिल्ली नगर निगम चुनाव में हाथों से निकलता हुआ दिख रहा है। पिछले कई बर्षों से इलाके में सक्रिय कांग्रेस पार्टी के सबसे कद्दावर नेता फुरकान कुरैशी ने जनता के सामने आम आदमी पार्टी के झूठे विकास के दावों की पोल खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । फुरकान कुरैशी द्वारा चलाए गये जागरूकता अभियान ने यहां की राजनीति को काफी प्रभावित किया है।

दिल्ली नगर निगम चुनाव -2022 में कर्दमपुरी वार्ड की सीट महिला के लिये आरक्षित होने के बाद, कांग्रेस पार्टी से फुरकान कुरैशी की बहन रिजवाना सबसे प्रबल दावेदार हैं। बहन रिजवाना ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपने नामांकन का पर्चा जमा कर दिया है।

बहन रिजवाना के समर्थन में इलाके के लोग लगातार इंडोर मीटिंग का आयोजन कर रहे हैं जिसमें जनता अपने विचार रखती है। कर्दमपुरी गली न.10 में रहने वाले मोहम्मद नदीम उर्फ भोला भाई ने बहन रिजवाना के समर्थन में अपने घर पर एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें फुरकान कुरैशी ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में कराए गये कार्यों को गिनाया। फुरकान कुरैशी ने कहा आम आदमी पार्टी राजनीतिक विचारधारा के आधार पर नहीं बल्कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम काम करती है जिसका मालिक अरविंद केजरीवाल है और इस पार्टी के विधायक-पार्षद- कार्यकर्ता केजरीवाल के कर्मचारी। फुरकान कुरैशी ने कहा कोई भी विधायक या पार्षद केजरीवाल के सामने दिल्ली की जनता की आवाज नहीं उठा सकता वह केवल केजरीवाल द्वारा दिए गये आदेशों का पालन करते हैं । यही कारण है कर्दमपुरी वार्ड सहित दिल्ली की जनता केजरीवाल की पार्टी की असलियत जान चुकी है और अब वह इस पार्टी से किनारा कर रही है। निगम पार्षद के कामों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कर्दमपुरी वार्ड में आम आदमी पार्टी के वर्तमान निगम पार्षद को मालूम ही नहीं है कि उसके क्या-क्या कार्य और शक्तियां है। फुरकान कुरैशी ने कहा अगर जनता बहन रिजवाना को दिल्ली नगर निगम चुनाव में एक मौका दिया तो बहन रिजवाना सदन के अंदर आपकी आवाज बुलंद करेंगी और मैं आप सबके साथ मिलकर सदन के बाहर आपके सभी कामों के लिये और वार्ड के विकास के लिये काम करूंगा।

मीटिंग में दिल्ली में हुए दंगों पर एक विशेष वर्ग के प्रति केजरीवाल के गैर जिम्मेदाराना रवैया चर्चा का विषय रहा। कोरोना काल में मरकज निजामउद्दीन, तबलीगी जमाअत और मौलाना साद पर दिए गये केजरीवाल के बयानों पर मुस्लिम समाज में खासा आक्रोश है जिसका असर दिल्ली नगर निगम चुनाव - 2022 में देखा जा सकता है।

केजरीवाल की मुस्लिम विरोधी विचारधारा से आहत होकर आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले मतलूब अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के चुने हुए जनप्रतिनिधि ने इलाके के लिये ऐसा कोई काम किया जिसे उनकी उपलब्धि के तौर पर देखा जाए। जनता से बात करते हुए मतलूब अहमद ने वह सभी तर्क दिए जिससे यह जाहिर हुआ कर्दमपुरी वार्ड में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता मे बहुत कमी आई है और दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे इलाके से पार्टी को बाहर का रास्ता सिखाने की शुरूवात होगी।

मीटिंग में उपस्थित इलाके के लोगों ने फुरकान कुरैशी द्वारा कौम और इंसानियत के लिये किये जा रहे कार्यों को याद किया और उनकी बहन रिजवाना को नगर निगम चुनाव में विजय बनाने के लिये हर संभव प्रयास करने का वादा किया।

मशहूर शायर अकमल ने फुरकान कुरैशी पर एक खूबसूरत नजम सुनाई जिसमें उनके राजनीतिक और सामाजिक व्यक्तित्व पर रोशनी डाली। लोगों ने अकमल के कलाम को बहुत सराहा।

मीटिंग का आयोजन करवाने के लिये फुरकान कुरैशी ने मोहम्मद नदीम उर्फ भोला भाई और उनकी टीम के सदस्य नसीम, कय्यूम, गुलफाम, खालिद, राजा, सोनू, समर, इस्माइल, महताब, जावेद का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला में महिला अपराधों की बाढ सी आई, आधा दर्जनभर मामलें दर्ज

मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में महिला अपराधों की बाढ सी आ गई है। गत दिनों न्यायालय ने दो अलग-अलग छेडछाड के मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई है तथा पुलिस भी इस ओर तेजतर्रार नीति अपनाये हुए है लेकिन इसके बावजूद भी महिला अपराधों की बाढ सी आई हुई है। ताजा आए मामलों में नूंह सदर थाना के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताडना, दुष्कर्म व तीन तलाक का मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि अन्य मामलें में जिला के गांव बीसरू निवासी अंजू पुत्री गफूर ने अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताडना व तीन तलाक का मामला दर्ज कराया है। जबकि अन्य मामलें में पुन्हाना थाना के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को अवैध हथियार के बले पर अपहरण व उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म करने के मामलें में राजस्थान के भरतपुर जिला के एक गांव के कुछ लोगों को नामजद कराया है। जबकि जिला के फिरोजपुर झिरका शहर की एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज प्रताडना, अप्राकृतिक यौन शोषण व दहेज प्रताडना का आरोप लगाकर नामजद कराए हैं। इस मामलें के आरोपी फरार हैं।

### मतदान अधिकारी प्राप्त करें अपनी धनराशि

अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता
मैनपुरी। उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 की मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु दि. 19 फरवरी को पार्टी रवानगी तथा मतदान के दिन उपस्थित रिजर्व कामिर्कों (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय) को सूचित किया है कि जिस किसी कामिर्क द्वारा यात्रा व्यय एवं हल्के नाश्ते की धनराशि प्राप्त न की गयी हो, वह अपने सम्बन्धित विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के तहसीलदार (मैनपुरी, भोगांव, किशनी एवं करहल) से अपना ड्यूटी कार्ड की छायाप्रति देकर 3 दिवस के अंदर यात्रा व्यय एवं हल्के नाश्ता की धनराशि प्राप्त कर लें अन्यथा 3 दिवस के बाद किसी भी प्राथर्ना पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

### निर्वाचन में प्रयुक्त वाहन स्वामी 5 मार्च तक जमा कराएं वाहन की प्रमाणित छाया प्रति

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 में प्रयुक्त समस्त भारी वाहन, हल्के वाहन स्वामियों से कहा है कि वाहन के किराये हेतु जिला निवार्चन कायार्लय द्वारा प्राप्त करायी गयी लॉगबुक तथा वाहन स्वामी के बैंक खाते की छायाप्रति जिसमें बैंक खाता नम्बर, आईएफएससी कोड स्पष्ट हों तथा वाहन का अवमुक्त आदेश की प्रति, वाहन की प्रमाणित आरसी की छायाप्रति दि. 5 मार्च 22 तक जिला पूर्ति कायार्लय में जमा कर दें, जिससे इसी वित्तीय वर्ष में वाहनों के किराये के भुगतान की कायवार्ही की जा सके।

### शराबी पति से परेशान महिला ने दी पुलिस को तहरीर

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। गांव रठेह निवासी मीनाकुमारी पत्नी धीरसिह ठाकुर ने तहरीर दी कि सोमवार की सुबह वह अपने घर के काम में व्यस्त थीं। तभी उनके पतिदेव धीरसिंह पुत्र रामसेवक ठाकुर शराब पीकर घर आये और उन्हें तथा उनकी बेटी कंचन के साथ गालीगलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीडिता ने बताया कि धीरसिंह ने घर का सारा सामान बेच कर शराब पी डाली है तथा रोकने पर मारपीट करता है।

### खेत में पानी भरने को लेकर की मारपीट

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। गांव सिंगनी निवासी जयसिंह पुत्र नन्नहू सिंह नुनेरे ने तहरीर दी कि तीन दिन पूर्व रात के समय वह लोअरगंग नहर के पानी से अपने खेत में पानी लगा रहा था। तभी गांव पदमपुर निवासी कमलेश पुत्र जगन्नाथ यादव उनके खेत पर आये और उनके खेत में जा रहा पानी अपने खेत में कर लिया। वह मारे डर के चुपचाप अपने घर पर चले आये। अगले दिन जब वह प्लास्टिक की सेक्शन पाइप गांव पदमपुर निवासी जयवीर पुत्र हाकिमसिंह के घर पर देने गया तो उक्त कमलेश रास्ते में मिलगया और उनके साथ गालीगलौज कर मारपीट की।

### किशनी व क्षेत्र में गलीमुहल्लों में सज गईं सट्टे की दुकानें

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। किशनी की पहिचान थाना, ब्लॉक तथा तहसील से हो तो बात समझ में आती है। पर जब सट्टा ही कस्बे की पहिचान बन जाय तो बात समझ में नहीं आती है। बतादें कि कस्बे में सट्टे का व्यवसाय खूब फलफूल रहा है। सट्टे की खाईबाडी करने बालों ने अपने कई एजेन्ट बना रखे हैं। उनमें से कई एजेन्ट अपने घर से तथा कई गलियों में घूम घूम कर लोगों से पर्चियां एकत्र करते हैं। गौरतलब है कि इस खेल में महिलायें और बच्चे भी शामिल होगये है। कुछ सटोरिये तो कई बार जेल की हवा खा चुके हैं पर इस काम को छोडने का नाम नहीं ले रहे है। ऐसा भी नहीं है कि सट्टे का काम सिर्फ कस्बे तक ही सीमति हो। यह कारोवार क्षेत्र के कई गांवों मसलन शमशेरगंज, कुम्हौल, रामनगर, कुसमरा आदि गांवों में भी धढल्ले से किया जा रहा है। पुलिस जब कोई कार्यवाही करती है तो राजनीति हावी हो जाती है। जनपद के उच्च अधिकारियों को चाहिये कि नई पीढी को इस बीमारी से बचाने के लिये सटोरियों पर सख्त कायवार्ही करें।

### विपक्षियों ने महिला के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

ललितपुर, एजेंसी। गांव में किसी बात को लेकर एक महिला का विवाद उसके ही कुछ विपक्षियों से हो गया था। जिसके चलते तीन व विपक्षियों ने मिलकर एक राय होकर महिला को दबोच लिया और उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ागाना निवासी श्रीमती रेखा पत्नी बल्लू ने थाना नाराहट पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि उसका आपसी विवाद गांव के ही उसके विपक्षी मीठी लाल पुत्र दयाराम के साथ हो गया था। जिसके चलते मीठीलाल ने अपने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे गांव में ही दबोच लिया और उसके साथ सरेआम जमकर गाली-गलौज कर मारपीट भी की।

## बेहद दयालु और निर्मल स्वभाव के थे डॉ राजेंद्र प्रसाद : चतुर्वेदी

### शिशु शिक्षा मंदिर पेड वाले स्कूल में मनाई गई देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

» मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ ब्राह्मणपुरी पुरानी तहसील रोड स्थित शिशु शिक्षा मंदिर पेड वाले स्कूल के प्रांगण में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता प्रबंधक मुनेश चतुर्वेदी ने की। प्रधानाचार्य नरेश चतुर्वेदी एवं शिक्षकों तथा स्कूल के छात्र छात्राओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की छवि चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




प्रबंधक मुनेश चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद दया, क्षमा, उदारता और परोपकार के जीवंत प्रतिनिधि थे। वे उच्च विचार के जीता जागता दृष्टांत थे। वह बेहद दयालु और निर्मल स्वभाव के थे। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर 1884 को बिहार के सिवान जिले के एक छोटे से गांव जीरादेई में महादेव सहाय के पुत्र के रूप में जन्मे डॉ राजेंद्र प्रसाद काफी विलक्षण बुद्धि के थे। देश जब आजाद हुआ तो उन्हें देश का प्रथम राष्ट्रपति बनाया गया। भारतीय राजनैतिक इतिहास में उनकी छवि एक महान और विनम्र राष्ट्रपति की है। अपने निधन के इतने वर्षों बाद भी वह समस्त राजनेताओं के बीच एक आदर्श के रूप में याद किए जाते हैं। 28 फरवरी 1963 को उनका निधन हो गया। डा. राजेंद्र प्रसाद ने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया। उनके जीवन से सभी को सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर शरद शर्मा, श्रीकृष्ण दीक्षित, किशन उपाध्याय, वंदना वार्ष्णेय, अनुपम तोमर, अनम मलिक, विशाल पचौरी, निशा शर्मा, निशा खान, प्रगति गुप्ता, शिवहरी शर्मा, प्रांजल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## सिद्ध पीठ पथवारी माता मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग करने की अपील

» मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ मौहल्ला नगला शीशगर स्थित शहर की विख्यात सिद्ध पीठ पथवारी माता मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। पूरे शहर के हर व्यक्ति को इस समय माता रानी के जीर्णोद्धार मंदिर के सौंदर्यीकरण में अपना सहयोग करना चाहिए। मंदिर सार्वजनिक एवं अपने शहर की कुलदेवी का है इसीलिए शहर के हर सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले हिंदुओं को मंदिर निर्माण में स्वयं आगे आकर तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर को भव्य दिव्य एवं सभी सुविधाओं से सुसज्जित भक्तजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। उक्त जानकारी सिद्ध सिद्धेश्वरी मां पथवारी बृजेश्वरी मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक धर्मेंद्र शर्मा वीरेंद्र वार्ष्णेय महेश चंद शर्मा समाजसेवी चेतन शर्मा ने सभी सनातन धर्म प्रेमी माता रानी के भक्तों से उक्त मंदिर निर्माण में अपने सहयोग की सहभागिता एवं जीर्णोद्धार एवं



सौंदर्यीकरण में आर्थिक मदद की आहुति देने की अपील आव्हान अनुरोध किया है। जिससे शहर की कुलदेवी का कायाकल्प जल्द से जल्द हो सके मंदिर कमेटी आप सभी सम्मानित सहयोगीयों धर्म प्रेमियों भक्तजनों से सहयोग मदद की अभिलाषा आशा करते हैं।

## यूक्रेन से 20 छात्रों की घर वापसी पर परिवार वालों ने जाहिर की खुशी

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। यूक्रेन से जिला के 20 छात्रों के घर वापस लौटने पर परिवार वालों ने खुशी जाहिर की है। इसी प्रकार यूक्रेन में फंसे हुए अन्य देशवासियों को भी जल्द वतन वापसी के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार निरंतर कोशिश में है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि यूक्रेन में बढ़ते तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर हरियाणा सरकार ने राज्य के लोगो की सुविधा के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। राज्य में विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से स्थापित किये गए इसके माध्यम से हरियाणा व भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन $91 9212314595 (केवल व्हाट्सएप) जारी किया गया है। यूक्रेन में मौजूदा अनिश्चितताओं और तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वहां फंसे हुए भारतीय राष्ट्रीयता के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे शांत रहें और घबराहट व चिंता से दूर रहें। वहीं, जो छात्र अपने गांव पहुंच रहे हैं उनमें व उनके परिजनों में खुशी देखने लायक थी, लोग अपने लाडलों को लेने के लिए दिल्ली हवाई अडडे पर पहुंच रहें और गांवों में छात्रों का पहुंचने के बाद उनका हाल चाल पूछने वालों का तांता लगा हुआ है। जबकि अभी जो लोग यूक्रेन में फंसे हुए है उनके आगमन व कुशलक्षेम के लिए लोग पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

## सिकंदराराऊ में शिवरात्रि पर यादों के साथ हजारों को रुलाएगा कृष्णा यादव

» मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ गत दिनों गोली लगने की चलते हुई हिन्दूवादी व गौ भक्त तथा भाजयुमो के जिला महामंत्री की मौत को लेकर उसके शोक में नगर में शिवरात्रि के पर्व पर मंगलवार आज निकलने वाली विशाल शिव संकीर्तन यात्रा के नहीं निकलने के कारण नगर के लोगों बहुत याद आएगा कृष्णा तथा इस मौके पर हजारों लोगों रुलाएगा भी कृष्णा।

जानकारी के अनुसार 8 वर्षो से लगातार हजारों शिव भक्तों की भीड़ व दर्जनों आकर्षक झांकियों तथा बैण्ड बाजों के साथ कई किलोमीटर के क्षेत्र में निकलनें वाली जनपद की ऐतिहासिक शिव शक्ति संकीर्तन पदयात्रा के इस बार कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक कृष्णा यादव की मौत की चलते नहीं निकालने का कमेटी व शहर के लोगो ने निर्णय



लिया है। वही इस मौके पर जीएस गौरी शंकर हिंदू इंटर कॉलेज में एक विशाल शोक सभा का आयोजन होगा जिसमे कृष्णा यादव को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

बतादें कि गत दिनों मतदान वाले दिन रविवार 20 फरवरी को भाजयुमो के जिला महामंत्री कृष्णा यादव खून से लथपथ हालत में अपने मकान की तीसरी मंजिल पर कमरा में पडा हुआ मिला था। जिसको उपचार के लिए उसके मित्र व परिजन ट्रामा सेंटर अलीगढ लेकर गये थे जंहा मौजूद चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया था।

जिसको लेकर पूरा सिकंदराऊ क्षेत्र शोक की लहर में डूब गया है। और उसी के चलते मंगलवार को नगर में निकलने वाली विशाल शिव शक्ति संकीर्तन पदयात्रा को स्थगित गया है। दौरान इस मौके पर जहां शिव भक्तों को कृष्णा यादव के ना होने पर उसकी याद आयेगी वहीं लोगों को वह रूलायेगा।

## पीडब्लूडी के लटक रहे बोर्ड को हटाने की मांग, दुकानदारों का प्रदर्शन

» फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ गत दिनों रात्रि में आयी तेज आंधी व बारिश के चलते पुरदिलनगर रोड स्थित रेलवे अंडर पास के समीप पीडब्लूडी के बोर्ड के लटकने के चलते उसको अभी तक विभाग द्वारा हटाकर ठीक नहीं कराए जाने को लेकर स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। और उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही को लेकर नारेबाजी करते हुए रोष जताया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उक्त बोर्ड को ठीक कराया जाए या उसको उतार कर रख दिया जाए जिसके चलते कभी भी होने वाला बड़ा हादसा टल सकता है।

जानकारी के अनुसार गत रात्रि तेज बारिश और तूफान रूपी आंधी आई थी। जिसको लेकर जलेसर बस स्टैंड के पास रेलवे के अंदर पास से पहले लगा पीडब्लूडी का संकेत लोहे का भारी बोर्ड तेज आंधी के चलते टूट कर लटक गया है। जिसके चलते उसके गिर जाने के कारण कभी




भी गंभीर हादसा होने की आशंका को लेकर स्थानीय दुकानदारों में भय व्याप्त है। जिसको लेकर उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों से उक्त बोर्ड को ठीक कराने की बात कही। लेकिन विभाग के लापरवाह अधिकारायों द्वारा इस मामले में अभी कोई पहल नहीं की गई है। जिसको लेकर स्थानीय दुकानदारों व वहां होकर गुजरने वाले लोगों में कभी भी बोर्ड के गिर जाने के कारण उसकी चपेट में आकर बड़ा हादसा होने की आशंका को लेकर रोष व्याप्त है। जिसको लेकर उन्होंने रविवार को नारेबाजी करके जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त पीडब्लूडी के अधिकारियों से वार्ता करके बोर्ड को या तो ठीक कराया जाए या फिर भारी बोर्ड को उतरवा कर रख दिया जाए। जिसको लेकर कभी भी होने वाला गंभीर हादसा टल सके।

## बॉडी बिल्डिंग में सतपाल सहरावत ने जीता स्वर्ण पदक



» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संगठन द्वारा आयोजित राजकीय चैंपियनशिप में फिटंलाइन फिटनेस जिम, तावडू के संचालक सतपाल सहरावत ने जीता स्वर्ण पदक। खिलाडी का तावडू पहुंचने पर खुले वाहन में उनका नगर परिक्रमा कराकर जोरदार स्वागत किया गयां खिलाडी ने बताया कि राजस्थान के ब्यावर में आईएबीबीएफ वाब्बा राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संगठन द्वारा आयोजित मिस्टर नॉर्थ इंडिया में परचम लहराया है। इस अवसर पर तावडूवासियों ने खिलाडी के बेहतर भविष्य की कामना की।

## महाशिवरात्रि को लेकर जिला के मंदिरों में तैयारियां पूर्ण

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। महाशिवरात्रि को लेकर जिला के मंदिरों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नल्हेश्वर मंदिर नूंह, झिर मंदिर फिरोजपुर, शिव मंदिर जौरासी आदि के अलावा अन्य शिवालयों में श्रृंगार, झांकियां, धार्मिक आयोजन, भण्डारा, साज-सज्जा आदि के लिए मंदिर प्रबंधन कई दिनों से तैयारियों में जुटा हुआ था। शहर में जगह-जगह सीवरलाईन डालने को लेकर चल रहे कार्य के चलते नूंह स्थित नल्हेश्वर मंदिर में कलश यात्रा खाटूश्याम मंदिर से उठाई जायेगी जो मंदिर प्रांगण तक घूमधाम से पहुंचेगी। जबकि सोमवार को भी लोगों ने व्रत रखे हुए थे और मंदिर पहुंचकर बाबा का गुणगान कर रहे थे। वहीं, तावडू के मुख्य बाजार में तपस्वी योगी बाबा बम बम नाथ समिति के द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष में खीर का भंडारा किया गया, हालांकि शिवरात्रि मंगलवार की है लेकिन मंगलवार को मार्केट बंद रहने के कारण सोमवार को इसका आयोजन



किया गया। इस मौके पर बाजार के लोगों और समिति सदस्यों ने कार सेवा की और प्रसाद ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। वहीं, शिव-शनि पीठ डिढारा के मुख्य द्वार पर श्रीपति गणपति की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए आचार्य, पंडित पुरोहितों ने धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है और सोमवार को मूर्ति स्थापना के बाद 1 मार्च महाशिवरात्रि के मौके पर लंगर का आयोजन होगा।

## हर हर बमबम बोले के जयकारों के साथ निकली कांवड यात्रा

### - कांवरियों के लिये कस्बे में जगह जगह लोगों ने किया खानेपीने का इंतजाम

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/किशनी। दो दिनों से लगातार कांवरियों के जयकारे तथा रातभर चलने बाला शोर मंगलवार को समाप्त हो जायेगा। हजारों की संख्या में लोग कांवर लेकर कस्बे से गुजरे जिनकी आवभगत के लिये कस्बा वासियों ने पलक-पांवडे बिछा दिये।

मंगलवार को महाशिवरात्रि का महापर्व है। शदियों से परम्परा रही है कि लोग कांवर लेकर श्रंगवेरपुर जिसे आज सिंगीरामपुर के नाम से जाना जाता है। पहुंच कर कांवर में पवित्र गंगाजल लेकर पैदल आते है और शिवरात्रि के दिन भगवान शिव पर अपिर्त करते हैं। इस वर्ष भी पूर्व की वर्षो की तरह हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवर में गंगाजल लेकर कस्बे से गुजरे। कांवरियों की सुरक्षित यात्रा के लिये जहां पुलिस बेहद चौकन्नी रही। वही कस्बा वासियों ने भी कांवरियों की जमकर खातिरदारी की। थाना पुलिस थाना पुलिस की दो मोवाइल पीआरबी तथा दो लीमा लगातार घूम घूमकर कन्नौज सीमा से इटावा बॉर्डर तक सारी रात सडकों की निगरानी करते रहे। इसके अलाबा बिधूना चौराहा, रामनगर तिराहा और मोहकमपुर पुलिया पर लगातार पुलिस की फिक्स पिकेट रहीं। गांव धर्मपुर शिव मंदिर पर जहां कांवरिये जल अर्पित करते हैं वहां सुरक्षा की दृष्टि से डेढ सैक्सन पीएसी तथा चौकी इंचार्ज कुसमरा मौजूद रहे। थाना किशनी में कांवरियों के लिये पानी तथा चाय की व्यवस्था की गई। इसके अलावा कस्बे में रामनगर तिराहा, सांईधाम मंदिर, सदर बाजार, बस स्टैंड आदि स्थानों पर लोगों ने जलपान की निशुल्क व्यवस्था की। बतादें कि क्षेत्र के अधिकांश कांवरिये जनपद इटावा की सीमा पर स्थित हजारी शिवमंदिर में शिव लिंग पर गंगाजल अर्पित करते हैं। जहां पर भारी मेला लगता है।

## सामाजिक नेत्री इंदू जुनेजा का निधन हो गया

मदरलैंड संवाददाता, नूंह /मेवात। आमडा व आनंदपुर कुटिया फरीदाबाद इकाई से जुडी सामाजिक नेत्री इंदू जुनेजा का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी और सोमवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन से आमडा की केन्द्रीय व स्थानीय इकाई ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया। आमडा की केन्द्रीय इकाई व बल्लभगढ इकाई से जुडे जीएल जुनेजा, आमडा की तावडू इकाई के प्रधान सुरेन्द्र सिंह, आनंदपुर कुटिया समेत अन्य सामाजिक, धार्मिक व सियासी लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदन व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया।

## एक सप्ताह पूर्व गायब युवक की लाश तालाब में मिली

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। नूंह शहर के वाल्मीकि मोहल्ले का एक विवाहित युवक कमल उम्र 31 वर्ष पुत्र रामू राम करीब एक सप्ताह से गायब था जिसको लेकर परिजन इधर-उधर ढूंढ रहे थे और थाना में 19 फरवरी को गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज कराया हुआ था लेकिन सोमवार को युवक



की तेरती हुई लाश नूंह के एक तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने युवक की लाश को तालाब से निकलवाया। पुलिस ने आगे कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया और गमगीन माहौल में युवक का हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बता दें कि, कमल की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी और वह प्राईवेट जॉब करता था। 19 फरवरी को घर से रहस्मय ढंग से गायब होने पर उसके गायब होने की शिकायत दर्ज कराने के बाद सोशल मीडिया पर भी फोटो डालकर लोगों से ढूंढने की अपील की जा रही थी लेकिन सोमवार को उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई।

## सघन मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण जल्दी होगा शुरू

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/किशनी। मिशन इंन्द्रधनुष के अंतर्गत स्वास्थ्य बिभाग लगातार टीकाकरण का अभियान चला रहा है। इस टीकाकरण के तहत बच्चों को ग्यारह प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिल जाती है। उक्त नियमित टीकाकरण से जानलेवा टीवी, पोलियो, गलघौंटू, कालीखांसी, टिटनेस, हिब, रोटा वायरस से होने बाले दस्त, खसरा, रूवैला, न्यूमोनिया तथा पीलिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य बिभाग के अथक प्रयास के बाद भी कुछ लोग टीकाकरण में सहयोग नहीं करते है। स्वास्थ्य बिभाग के आरबी सिंह के अनुसार गांव समान के सात, रूपपुर के पांच, बिरतिया इलाबांस के तीन, नगला जसी के दो, कन्हूपुर छोटा के चार, सहारा के पांच, मनपुरा के तीन परिवार हर बार टीकाकरण के दौरान बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने इस बाबत बीडियो किशनी से मदद के लिये कहा है। यदि बीडीओ के समझाने का भी कोई प्रभाव न पडा तो वह एसडीएम से उक्त लोगों की शिकायत करेंगे। सघन मिशन इन्द्रधनुष की शुरूआत आगामी सात मार्च से तथा पोलियो अभियान बीस मार्च से शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन समारोह की तैयारियों में जुटी अग्रवाल सम्मेलन की जिला महिला टीम

मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन, जिला महेंद्रगढ़ महिला इकाई की एक विशेष बैठक जिला अध्यक्षा सारिक गर्ग की अध्यक्षता में दुलीचंद संघी स्मृति भवन में आयेजित हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम होली मिलन समारोह की तैयारियां से सम्बंधित चर्चा की गई और समारोह के सफल संचालन की रूपरेखा बनाई गई। सारिक गर्ग ने बताया कि होली हमारे देश के मुख्य त्योहारों में से एक है साथ ही यह हर्षोल्लास एवं भाईचारे का प्रतीक पर्व है, अतः अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला इकाई पूरी टीम इस पर्व को जिला स्तर पर धूम-धाम से बनाने के लिए तैयार है जिसकी तैयारियां से संबधित आज बैठक की गई। बैठक में जिला महामंत्री शालिनी बंसल, उपाध्यक्ष डॉ. रजनी गर्ग, शहरी प्रधान सावित्री संघी, पूर्व पार्षद कैलाशवती संघी, मुख्य सलाहकार रानी संघी, संगठन मंत्री सुशीला गोयल, मंत्री रेखा संघी, सुमन जैन, सह-सलाहाकर मीना संघी, प्रवक्ता उमा अग्रवाल, रचना अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहीं

### सीवी रमन आज भी रमन प्रभाव के रूप में जाने जाते हैं-सृष्टि



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। जीआर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विज्ञान दिवस मनाया गया। विज्ञान अध्यापक दिलीप कुमार और हरि ओम ने सीवी रमन की जीवन शैली और विज्ञान के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। विद्यालय के संस्थापक विजयपाल यादव ने बच्चों को दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्व बताया। इस मौके पर विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया,विज्ञान प्रयोग करवाए गए तथा भाषण निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजयपाल यादव ने इस मौके पर बताया कि 1986 से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। डा सी वी रमन ने 28 फरवरी को अपना प्रमुख प्रयोग कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रदर्शित किया था। यह प्रयोग बाद में नोबेल पुरस्कार विजेता बनने में सहायक सिद्ध हुआ। 1928 में किए गए प्रयोग का नाम रमन प्रभाव रखा गया था। 1930 में डा सी वी रमन को नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया। यही नहीं श्री रमन कोलकाता में प्राध्यापक रहे उन्हें 1954 में भारत रत्न पुरस्कार दिया गया तथा लेनिन शांति पुरस्कार से भी नवाजा गया। डा सी वी रमन तमिलनाडु में 1888 में जन्में तथा 21 नवंबर 1970 में उनका देहांत हुआ था। भारत के प्रथम भौतिकशास्त्री थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापक राजकुमार राव ने कहा कि भारत देश में सबसे पहला नोबेल पुरस्कार रविंद्र नाथ टैगोर को मिला था किंतु विज्ञान के क्षेत्र में यदि किसी को प्रथम नोबेल पुरस्कार मिला तो वह डा सीवी रमन थे। सीवी रमन को आज भी उनको उनके कार्यों के लिए याद किया जाता है। उन्होंने सबसे पहले सिद्ध किया ताकि प्रकाश जब किसी पारदर्शी माध्यम से गुजरता है तो उसकी तरंगदैर्ध्य बदल जाती है प्रकाश फोटोन से मिलकर बना होता है। बाद में यह प्रयोग अनेक स्थानों पर उपयोग में लाया जाने लगा। यहां तक की चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ये प्रतिभाएं यदि मौका मिलता है तो विशेष नाम कमाती है। इन प्रतिभाओं में डा सी वी रमन भी एक था। ऐसे महान वैज्ञानिक को आज हम याद करते हैं। इस अवसर पर सृष्टि ने साइंस सूत्र, अंश ने वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन, राधिका ने न्यूटन वैज्ञानिक की जीवन शैली, इशिता ने बल्ब के आविष्कार, विदुषी और वंशिका ने शार्ट सर्किट के बारे में बताया। समस्त स्टाफ मौजूद था। विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

फोटो कैप्शन 01: जीआर स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते विजयपाल चेयरमैन।

### न्यूज चैनल के पत्रकार अनिल शर्मा को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। कनीना के निवासी एवं न्यूज चैनल साधना के पत्रकार अनिल शर्मा को उनकी बेहतर सेवाओं के चलते शिक्षा मंत्री कुंवर पाल गुर्जर ने सम्मानित किया है। अनिल शर्मा ने बताया कि उनको यह सम्मान जगाधरी में शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने अपने हाथों से बेहतर सेवाओं के चलते दिया है। इस मौके पर कनीना प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि अनिल शर्मा लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं जहां पहले प्रिंट मीडिया से जुड़े थे अब वह न्यूज चैनल से जुड़ गए हैं।

# ह्यसागा म्यूजिकह्ण ने पेश किया ह्यलाहौरह्ण, एक अभिनेता के रूप में दीप सिद्धू का आखिरी म्यूजिक वीडियो, सिद्धू के को-स्टार रहे दिलराज ग्रेवाल

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना: दीप सिद्धू ने पहले ही अपने मनभावन व्यक्तित्व और बेदाग अभिनय कौशल से सभी के दिलों में जगह बना ली थी, लेकिन इस गीत के साथ उन्हें निश्चित रूप से अपने प्रशंसकों और जनता से बहुत सम्मान मिलेगा। दीप सिद्धू के निधन की खबर से पूरे उद्योग जगत में हड़कंप मच गया है।

दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि के रूप में सागा म्यूजिक ने 8 मिनट के वीडियो ट्रैक 'लाहौर' का अनावरण किया, जो भारत-पाक विभाजन की दर्दनाक बैकग्राउंड में शुरू हुई दो दोस्तों की मार्मिक कहानी पर आधारित है। लाहौर में दीप सिद्धू की शानदार मौजूदगी और परफॉर्मेंस को संगीत की दुनिया में पसंद किया जाएगा। सदी की सबसे बड़ी क्रांति के पीछे की आवाज, कलाकार दीप सिद्धू के लिए हम सभी की श्रृद्धांजलि। वह एक ऐसी सख्शियत थे जिसने लाखों लोगों को अपना बना लिया था।

विजन एक ऐसी कला है जिससे वह देखा जा सकता है जो दूसरों को नजर नहीं आता है। शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह एक आंख से भी जनता के दिल की बात देख सकते थे और जिन्होंने खालसा राज की नींव रखी। एक ऐसा राज जहां सभी समुदायों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, एक ऐसा राज जहां किसी को फांसी नहीं होगी, एक ऐसा राज जहां पुरुष और महिलाएं एक साथ राष्ट्र की तरक्की के लिए आगे बढ़ें, संक्षेप में कहें तो एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र। दुर्भाग्य से, उनकी मृत्यु के बाद पूरी नींव ढह गई और अंग्रेजों ने हमारे देश पर आक्रमण कर दिया। अब प्रश्न यह उठता है कि यदि विभाजन न होता तो क्या होता? उस राष्ट्र की शक्ति क्या होगी, जिसके बाजू बंटवारे से छिन्न-भिन्न हो गए हों?



सागा म्यूज़िक का विशाल कैटलॉग और पंजाबी मूवी और म्यूज़िक इंडस्ट्री में योगदान इसकी प्रतिबद्धता और भक्ति के बारे में बहुत कुछ कहता है। सागा म्यूजिक और सुमीत सिंह एक सेकेंड में किसी के अंदर छिपी प्रतिभा और अद्भुत ट्रैक को सामने लाने के लिए जाने जाते हैं। इस बार, सागा म्यूजिक अपने दिल छू लेने वाले सिंगल 'लाहौर' के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार है। लाहौर कोई गाना नहीं बल्कि भाईचारे, दोस्ती, प्यार और शांति से भरी एक गाथा है। यह गीत दो दोस्तों पर आधारित है जो पार्टीशन और उसके बाद की भयानक घटना के दौरान अलग हो गए थे। लाखों मुसलमानों ने पश्चिम और पूर्वी पाकिस्तान (जिसे अब बांग्लादेश के रूप में जाना जाता है) की यात्रा की, जबकि लाखों हिंदू और सिख विपरीत दिशा में चले गए। लाखों लोग फिर कभी नहीं मिल पाए। दंगों ने दो समुदायों के बीच दूरी पैदा कर दी।

आज, म्यूजिक वीडियो शॉर्ट फिल्म का रूप ले रहे हैं। दिलकश गीतों पर समा बांध देने वाली कहानियां देखना एक शानदार अनुभव होता है। 'लाहौर' हर भारतीय के दिल में चुभन पैदा करेगा। यह ट्रैक निश्चित रूप से आपको चकित और मोहित कर देगा। गाने को गाया और लिखा है दिलराज ग्रेवाल ने। गायक और कलाकार दिलराज ग्रेवाल ने कहा, 'लाहौर' सिर्फ एक गीत नहीं है, बल्कि प्यार, दोस्ती और शांति की मार्मिक कहानी है। यह एक शख्स के व्यक्तिगत नुकसान की भावनाओं को दशार्ता है। अगर यह विभाजन न हुआ होता तो चीजें बेहतर हो सकती थीं। तब रिश्ते बेहतर होते। 'लाहौर' एक ऐसी आवाज है जो आपका दिल दहला देगी।'

सागा म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुए इस मास्टरपीस का निर्माण और कल्पना इसके मालिक सुमित सिंह की है। इस ट्रैक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ₹विभाजन हम में से प्रत्येक के दिल को आहत करता है। जब हम बंटवारे के बारे में सोचते हैं तो हमारे मन में कई तरह की भावनाएं आती हैं जो हमारे दिलों और दिमागों में छा जाती हैं। हालांकि, इस गीत के साथ, मैं केवल यह बताना चाहता हूं कि प्यार और दोस्ती की कोई सीमा नहीं होती है, और अंत में मानवता ही एकमात्र धर्म है जिसका हम सभी को पालन करना चाहिए।ह्व भारी आवाज के साथ उन्होंने आगे कहा, ₹दीप सिद्धू और दिलराज ग्रेवाल जैसी युवा प्रतिभाओं को सच्चाई से अपनी कम्यूनिटी और देश के साथ खड़े होते देखना अच्छा लगता है।₹

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुलताजपुर के मुख्य अध्यापक नौरंग लाल हुए सेवानिवृत्त

» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। नारनौल के समीप राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुलताजपुर से नोरंगलाल सैनी मुख्य अध्यापक पद से आज सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने शिक्षा विभाग में 35 वर्ष तक सेवाएं दीं। उनकी सेवानिवृत्त का कार्यक्रम राजकीय विद्यालय कुलताजपुर में हुआ। सुरेंद्र कुमार प्रवक्ता ने बताया कि नोरंग लाल सैनी ने विभाग में रहते हुए अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा व इमानदारी से निभाया। सामाजिक अध्ययन अध्यापक के रूप में नियुक्ति होने के बाद विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को लगन से पढ़ाया। इसके बाद मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने विभाग ने अपनी बेहतरीन सेवाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में वक्ता के रूप में बोलते हुए सैनी सभा के पूर्व प्रधान बिशन कुमार सैनी, मास्टर केसरीनंदन सैनी आदि ने अपने उद्बोधन में उनके बेहतरीन कार्यकाल की प्रशंसा की तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर राजेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर




जुकती राम हेड मास्टर, अनिल कुमार मास्टर, मैडम उमा गौड, पतराम सैनी, सुभाष रोहिल्ला जेई, सरदार प्रकाश, निरंजन लाल, राजेन्द्र सैनी, रोशन लाल सैनी, देवेंद्र सैनी, मोहर सिंह सैनी, दिनेश कुमार, सुनील कुमार समस्त विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्य सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## गहली जोहड़ को मॉडल पोंड रूप देने हेतु अधिकारियों ने गांव पहुंचकर ठेकेदार को जल्द कार्य शुरू करने के दिए निर्देश

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। हरियाणा तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए) के तहत गांव गहली स्थित शिव मंदिर के समीप बने जोहड़ को मॉडल पोंड का रूप दिया जा रहा है। इसके तहत जोहड़ के नवीनीकरण का ठेका विभाग द्वारा जारी किया है। इस कार्य के लिए विभाग द्वारा टैंडर निकाले गए थे, जो कि अब ओमप्रकाश यादव ठेकेदार को इस कार्य का टैंडर जारी हुआ है। सोमवार को पंचायतीराज के कार्यकारी अभियंता नारायण दत्त ने अपनी टीम के साथ गांव का दौरा कर ठेकेदार ओमप्रकाश यादव व अधिकारियों को जोहड को मॉडल पोंड रूप दिए जाने के कार्य को समय सीमा के अंदर जल्द से जल्द पूरा किए जाने के दिशानिर्देश दिए। उन्होने बताया कि पंचायतीराज विभाग द्वारा जोहड़ की चार-दीवारी बनाकर जोहड के चारों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। मौके का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारी ने ठेकेदार से जोहड में भरे पानी को खाली कर के जल्द से जल्द कार्य शुरू करने और तीन महीने की समय अवधि में इस कार्य को पूरा किए जाने के दिशानिर्देश दिए।

यह जानकारी देते हुए जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि हरियाणा की जजपा-भाजपा गठबंधन वाली संयुक्त सरकार द्वारा गांवों में जोहड़ का सुधारीकरण किया जाएगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से गांव गहली के जोहड़ को इस योजना में शामिल किया गया था और अब दी हरियाणा पोंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथोरिटी (एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए) द्वारा गांव गहली में शिव मंदिर के समीप स्थित जोहड़ का नवीनीकरण कार्य को मूलरूप दिया जा रहा है। सिंचाई विभाग के एसडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा इस जोहड़ में पानी पहुंचाने के लिए आरसीसी पाइप लाइन दबाई जाएंगी। जिसके लिए पाइप लाइन दबाने का टैंडर भी विभाग द्वारा ठेकेदार विजेन्द्र को जारी हो चुका है और गांव में फसल की कटाई के तुरंत बाद पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जैसा कि विदित है कि गांव गहली व अन्य कुछ गांवों के जोहड़ों को मॉडल पोंड स्कीम के तहत ये कार्य हो रहे है। गांव के जोहड़ को नहर द्वारा जोड़ने से उसमें पशुओं व पक्षियों के लिए पानी की सुविधा हो सकेगी। साथ ही भूमिगत जल स्तर में सुधार हो सकेगा।

## प्रदेशभर में चलाया जाएगा कांग्रेस सदस्यता अभियान , युवा कांग्रेस लेगी बढ़ चढ़ कर हिस्सा : कृष्ण राव



» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह के बेटे कृष्ण राव ने सोमवार को प्रेस नोट के माध्यम से कहा कि पूरे प्रदेशभर में कांग्रेस द्वारा ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत करने जा रही है। जिससे ना केवल नए लोगों को जोड़ा जाएगा बल्कि हर व्यक्ति तक कांग्रेस द्वारा करवाये गए कार्य व कांग्रेस की नीतियों के बारे में अवगत करवाया जाएगा व साथ ही लोगों से सीधा संपर्क स्थापित करके उन्हें कांग्रेस पार्टी के साथ विधिवत रूप से जोड़ा जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव ने बताया कि रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य दिपेंद्र हुड्डा द्वारा दिल्ली में भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा के अंतर्गत आने वाले जिलों के तमाम कांग्रेस व युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों व कांग्रेस कार्यकताओं की मीटिंग रखी गई। जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई।

कृष्ण राव ने बताया कि ऑनलाइन सदस्यता अभियान के तहत सर्वप्रथम प्रत्येक ब्लॉक से 4 से 5 चीफ एनरोलेर की नियुक्ति की जाएगी , जिसके बाद प्रत्येक बूथ से 2 से 3 एनरोलेर नियुक्त किए जाएंगे , जिसमें हमारी माताओं बहनों को भी चीफ एनरोलेर व एनरोलेर बनाया जाएगा।

मीटिंग के दौरान कृष्ण राव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दिपेंद्र हुड्डा को ये आश्वासन दिया कि युवा कांग्रेस की पूरी टीम हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर कांग्रेस सदस्यता अभियान में ना केवल बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी बल्कि सदस्यता अभियान के तहत नया इतिहास व कीर्तिमान स्थापित करने का काम करेगी

## वर्तमान सरकार में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से करवाए जा रहे हैं विकास कार्य : केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर

» मदरलैंड संवाददाता



- केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांव सीहा में 27 लाख रुपए की लागत से बने पशु चिकित्सालय का किया उद्घाटन
- सीहा से दिघोट तक बनने वाले सडक मार्ग का किया विधिवत शिलान्यास

होडल (पलवल)। केंद्रीय बिजली एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सोमवार को होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव सीहा में 27 लाख रुपए की लागत से बने पशु चिकित्सालय का उद्घाटन किया। इसके उपरांत सीहा से दिघोट तक 3 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से 4 किलोमीटर लंबी बनने वाली सडक का शिलान्यास भी किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव के बरौठा मंदिर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंर्तगत सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महिला कॉलेज बनाए गए है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने हेतु रजवाहों में पानी छोड़ा गया है। शहरों की तर्ज पर गांवों में भी 24 घंटे बिजली देने के लिए बिजली विभाग द्वारा तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार की योजना के अनुसार अब गांवों में भी 24 घंटे बिजली की सप्लाई की जाएगी।

श्री गुर्जर ने कहा कि एक गांव को दूसरे गांव से जोड● के लिए सडक बनाने तथा गांवों में गलियों को पक्का कराने का कार्य किया गया है। पलवल शहर में एलिवेटिड पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। मार्च महीने में एलिवेटिड पुल का एक साइड का कार्य पूर्ण होने पर आवागमन शुरू हो जाएगा। यातायात को सुगम बनाने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जा रहे है। फरीदाबाद व पलवल को जेवर एयरपोर्ट से जोडने के लिए हाईवे का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की शाख को बढाया है, जिससे कि अब हमारे देश ने दुनिया में एक अनूठी छाप बनाई है। योग के मामले में हमारे देश को योग गुरू की उपाधि मिली है। यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हो पाया है। उन्होंने पूरे देश में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली से मुंबई जाना आसान हो जाएगा, क्योंकि आगामी कुछ महीनों में दिल्ली बडौदरा हाईवे बनकर तैयार हो जाएगा। यह हाईवे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से होकर निकल रहा है, जिससे कि लोकसभा के लोगों को मुंबई जाने में ज्यादा परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने ग्रामवासियों द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, जिनमें शामिल मंदिर के परिक्रमा मार्ग को पक्का करवाने तथा मंदिर के रास्ते में सोलर लाइट लगवाने की मांगो को जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री के सहयोग से होडल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने होडल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कमी को कभी आड़े नहीं आने दिया। इसी कारण से पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। अकेले सीहा गांव में ही करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं, जिनमें सडके, गलियां, बारातघर, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र जैसे विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। विधायक ने बताया कि गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इस अवसर पर एसडीएम होडल वकील अहमद, डीएसपी होडल सज्जन सिंह, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता जोगेंद्र हुड्डढा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जिला पार्षद गिरधारी, पूर्व सरपंच राजपाल, राजवीर सिंह, चेतन, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य तैय्यब हुसैन, सहित दर्जनों गांवों की सरदारी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

# पंजाब के सीईओ ने स्ट्रांग रूम का दौरा किया, सुरक्षा व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना: लुधियाना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ), पंजाब सशस्त्र पुलिस और राज्य पुलिस के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा कवच।

पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ एस करुणा राजू ने उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी वरिंदर कुमार शर्मा, पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर, एसएसपी खन्ना जे एलानचेझियां, एसएसपी लुधियाना (ग्रामीण) डॉ केतन बलिराम पाटिल के साथ आज स्ट्रांग रूम का दौरा किया। जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्र।

उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की भीतरी परिधि की रक्षा केंद्रीय अर्धसैनिक बल द्वारा की जा रही है, दूसरी परिधि पंजाब सशस्त्र पुलिस द्वारा और बाहरी सुरक्षा कवर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रांग रूम को पंजाब पुलिस द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इन केंद्रों पर चुनाव की मतगणना सुचारू और परेशानी मुक्त तरीके से सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.

उन्होंने कहा कि इन स्ट्रांग रूम की चौबीसों घंटे ई-सर्विलांस के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार स्ट्रांग रूम की



सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों की प्रतिनियुक्ति कर सकते हैं.

राजू ने बताया कि प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी दिन में दो बार (सुबह और शाम) स्ट्रांग रूम (केवल भीतरी परिधि तक) जाकर लॉग बुक और वीडियोग्राफी की जांच कर रिपोर्ट भेज रहा है।

इस बीच, उपायुक्त वरिंदर कुमार शर्मा ने कहा कि दाखा निर्वाचन क्षेत्र के लिए, डॉ सुखदेव सिंह भवन पीएयू में, लुधियाना उत्तर के लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल पीएयू में, लुधियाना पश्चिम के लिए जिमनैजियम हॉल, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है। सतीश चंदर धवन सरकार में समराला के लिए परीक्षा हॉल, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में जगराओं। कॉलेज, लुधियाना पूर्व के लिए सतीश चंदर धवन सरकार में। कॉलेज, साहनेवाल के लिए खालसा गर्ल्स सेन सेकेंडरी स्कूल, कॉलेज रोड, लुधियाना, रायकोट के लिए मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन, लुधियाना सेंट्रल के लिए आर्य कॉलेज, ऑडिटोरियम हॉल, लुधियाना साउथ के लिए केवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गिल के लिए एसआरएस . में पायल के लिए गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर विमेन, ऋषि नगर। गुरु नानक देव पॉलिटेक्निक कॉलेज, लुधियाना में खन्ना के लिए महिला कॉलेज, लुधियाना। (एप्लाइड साइंस बिल्डिंग) और आत्म नगर निर्वाचन क्षेत्र के लिए, जीएनई पॉलिटेक्निक कॉलेज, गिल रोड लुधियाना के नए भवन में स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है।

इस मौके पर उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की.

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### 30वीं चंडीगढ़ स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2021-22 आयोजित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। एमेच्योर कराटे एसोसिएशन द्वारा कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन और नेहरू युवा केंद्र संगठन से संबद्ध सी.एल. अग्रवाल डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7, चंडीगढ़ में 30वीं चंडीगढ़ स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2021-22 का आयोजन संदीप कौर और तरुण चौधरी नों सिविल जज हरियाणा के उक्त चैंपियनशिप में माननीय मुख्य अतिथि थे। एसडीकेडी क्लब ओवरऑल चैंपियन रहा और मौर्य क्लब ओवरऑल रनर-अप रहा। स्पेशल डिसएबिलिटी के छात्रों ने भी उक्त चैंपियनशिप में भाग लिया और कई जीते।

### पब्लिक रिलेशंस (पीआर) शिक्षा में अपग्रेडेशन की आवश्यकताः पीआर विशेषज्ञ

विनोद कुमार,मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। पब्लिक रिलेशन एज्यूकेशन में अपग्रेडेशन जबकि बिजनैस एज्यूकेशन को अपनी पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है, यह मानना है पंजाब युनिवर्सिटी स्थित स्कूल ऑफ काम्युनिकैशंस स्टडीज की पूर्व चैयरपर्सन डॉ अर्चना आर सिंह का जो कि पब्लिक रिलेशंस कौंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा आयोजित एक नैशनल वैबिनार को संबोधित कर रही थी। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन के यंग कम्युनिकेटर्स क्लब (वाईसीसी) द्वारा मेजबान किये गये इस आयोजन में देश भर से कम्युनिकेशन और पब्लिक रिलेशंस के दिग्गजों में उपस्थिति में ह्यअनमास्किंग पब्लिक रिलेशंसःदी हाई एंड लोसह्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किये जिसमें जनसंपर्क की भूमिका को समझने और अनुशासन में स्पष्टता लाने में मंथन किया गया। पीआरसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष विवेक अत्रे ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पीआर प्रोफेशन असल मायनों में परिवर्तन और सकारात्मक बदलाव लाने के विषय में है और नियमित ट्रेनिंग और स्किल डिवलपमेंट के माध्यम से प्रोफेशनल प्रेक्टिस को उन्नत करने की निश्चित ही जरुरत है। डॉ अर्चना ने कहा कि इस प्रोफेशन का भविष्य एक प्रैक्टिशनर के दिमाग को विकसित करने की क्षमता पर भी निर्भर करता है जिसमें बिजनेस फोक्स्ड, क्रिएटिविटी और निर्णय लेने की क्षमता आदि कारक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस भूमिका में जनसंपर्क शिक्षा और ट्रेनिंग के दृष्टिकोण में बदलाव, पाठ्यक्रम को नया स्वरुप देने पर बल दिया। इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार जुपिंदरजीत सिंह ने पुलिस, रेलवे, सेना और यहां तक की आतंकवादी समूहों सहित विभिन्न विभागों के पीरओ के साथ अपने खट्टे मीठे अनुभव साझा किये जहां मीडिया कमांडर ने उन्हे कश्मीर में एक आतंकवादी समूह के प्रमुख से मिलने के लिये आंखों पर पट्टी बांधकर ले जाया गया। हालांकि उन्होंने कारपोरेट जगत के मशहूर हस्तियों में पीआर प्रोफेशनल्स की उभरी जरूरत की सराहना की। वाईसीसी एमसीएमडीएवी के छात्र पैनलिस्ट कावेरी सतीजा ने माना कि डिजिटल मीडिया के आगमन ने पीआर प्रैक्टिशनरों को कॉरपोरेट को सफलतापूर्वक आयाम देने में काफी सहायक सिद्ध हुआ है। पीआरसीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह ने कहा कि पीआर प्रोफेशनलों को एक स्ट्रेटेजिक माईंडसेट और क्रियेटिव क्षमताओं को विकसित करने की जरुरत है जिससे की स्टेकहोल्डर्स की ह्यूमन नीड्स पर फोकस कर सके। यह नेशनल वेबिनार स्वर्गीय नरेश कुमार की स्मृति में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 40 वरिष्ठ प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और एमसीएमडीएवी कॉलेज की डॉ मनजोत कौर द्वारा संचालित किया गया था। वेबिनार में चीफ ज्यूरी, पुरस्कार विजेता डॉ दीपांकर राय, सीईओ (वर्ल्डवाईड) ऑथर्स क्लब एंड इंटरनेशनल आर्ट एक्ट्स ने उम्मीद जताई कि विश्व में बेहतर भावना और शांति कायम होगी। वेबिनार में भाग लेने वालों में पीआरसीआई के चेयरमैन एमेरिटस और मुख्य संरक्षक एमबी जयराम, राष्ट्रीय पीआरसीआई अध्यक्ष डॉ टी विनयकुमार, प्रधानमंत्रियों के पूर्व सलाहकार एस नरेन्द्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रविद्रन, नॉर्थ रीजनल हेड रेणुका सलवान, वाईसीसी प्रमुख चिन्मयी प्रवीण सहित विजय लक्ष्मी, जीएस बावा, योगेश जोशी, विपिन खरबंदा अन्य ने भाग लिया।

### नगर निकाय चुनावों के लिए चुनाव संचालन समिति का हुआ गठन

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाताद्व नारनौल। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने आज प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए नारनौल नगर परिषद, महेंद्रगढ़ नगर पालिका व नांगल चौधरी नगर पालिका के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि नारनौल नगर परिषद चुनाव को लेकर बनाई गई संचालन समिति के अध्यक्ष सामाजिक न्याय मंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे। उनके साथ चुनाव संचालन समिति के सदस्य मनीष मित्तल, सत्यव्रत शास्त्री, गोविंद भारद्वाज, सुदर्शन बंसल, मनीष संघी, कप्तान रमेश शर्मा, किशन लाल सैनी, पूर्व चेयरमैन भारती सैनी, बेगराज सैनी, सुमेर सिंह यादव व अनिल शर्मा जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन व जिला प्रमुख चुनाव आयोग संपर्क पदेन सदस्य रहेंगे। वहीं इसी प्रकार महेंद्रगढ़ नगर पालिका चुनाव में संचालन समिति के अध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा रहेंगे। उनके साथ टीम में देवेंद्र यादव, राजेंद्र लंबा, सुगन चंद सैनी, सुधीर दीवान, कुलदीप कौशिक, नौरंग सिंह राजपूत, अमित भारद्वाज, सुनील अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन रमेश बोहरा, मुकेश मेहता, दिनेश सैनी व हेमंत खुराना जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन व जिला प्रमुख चुनाव आयोग संपर्क पदेन सदस्य रहेंगे। नांगल चौधरी नगर पालिका चुनाव में संचालन समिति के अध्यक्ष नांगल चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह यादव रहेंगे। वही उनके साथ टीम में अजीत सिंह यादव, शिव कुमार मेहता, विजय सांगवान, पूर्ण चंद गुर्जर, दयाराम यादव, भवानी सिंह राजपूत, हवा सिंह गुर्जर, रमेश तवर व पूर्व चेयरमैन बबीता सैनी जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन व जिला प्रमुख चुनाव आयोग संपर्क पदेन सदस्य रहेंगे।

## इनोविटी के अग्रणी मोबाइल ब्रांड के साथ गठबंधन से पंजाब में मोबाइल डीलरों को लाभदेयता बढ़ाने में मदद मिली

चंडीगढ़। ऑफलाइन एंटरप्राइज मर्चेंट्स को भुगतान समाधान (पेमेंट सोल्यूशंस) के भारत के सबसे बड़े प्रदाता, इनोविटी पेमेंट सोल्यूशंस ने अपनी बीईएएम (ब्रांड ईएमआई एक्सेलेरेटर मिशन) योजना की सफलता साझा की है। इससे पंजाब में मिड-मार्केट मोबाइल डीलर अच्छे फायदे में हैं। चंडीगढ़ के 10 से अधिक मोबाइल व्यापारियों ने बीईएएम योजना के माध्यम से अतिरिक्त मार्जिन का वादा किया है, भले ही बाजार महामारी से उबर रहे हों। इनोविटी पेमेंट सोल्यूशंस के सीईओ श्री राजीव अग्रवाल ने कहा, ₹ ऋ.ए.ठ.क.ए. की बीम योजना मिड-मार्केट मोबाइल स्टोर्स और अग्रणी मोबाइल ब्रांड के बीच सहयोग के निर्माण में एक त्वरित सफलता रही है। बीम इन मोबाइल डीलर्स को शीर्ष मोबाइल द्वारा प्रायोजित करने में सक्षम बनाता है ताकि इनोविटी के ऋ.ए.ठ.क.ए. स्मार्ट मार्केटिंग ऐप पर ब्रांड और प्रत्येक ब्रांड ईएमआई बिक्री के साथ अतिरिक्त मार्जिन अर्जित करे। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि जिनी व्यापारियों को इस योजना से 100,000 रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ हो रहा है।₹ ₹यह इनोविटी और प्रायोजक मोबाइल ब्रांड दोनों के समर्पण पर जोर देता है, जिसमें ओप्पो, वीवो, वनप्लस, सैमसंग और शाओमी शामिल हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹ये महामारी द्वारा लाई गई चुनौतियों से उबरने में मिड-मार्केट मोबाइल स्टोर पारिस्थितिकी तंत्र की सहायता करते हैं₹। बीईएएम को इनोविटी द्वारा वनप्लस, ओप्पो, शाओमी, वीवो और सैमसंग सहित सभी प्रमुख मोबाइल ब्रांड के साथ साझेदारी में पेश किया गया था। जेनी (ऋ.ए.ठ.क.ए.) बीम के माध्यम से 21-22 की पहली तिमाही में इन मिड-मार्केट मोबाइल व्यापारियों को प्रायोजित ब्रांड के मोबाइल फोन पर 1% और अन्य सभी ब्रांड के मोबाइल पर 0.5% का अतिरिक्त मार्जिन अर्जित करने का अधिकार देता है। इसके लिए इन्हें इन अग्रणी मोबाइल ब्रांड द्वारा प्रायोजित होना होता है। ऋ.ए.ठ.क.ए. व्यापारियों में, योजना के जो लाभार्थी शामिल हैं उनमें चंडीगढ़ के आदिदेव ग्लोबल और जीलटेल ग्लोबल शामिल हैं जिन्होंने क्रमशः एक लाख और 70 हजार रुपए अधिक कमाए। इसी तरह, चावला ब्रदर्स, एडीज मोबाइल आर्केड और बंसल ट्रेडिंग कंपनी तथा पंजाब के शुभ इलेक्ट्रिकल्स जैसे अन्य मेनलाइन खुदरा विक्रेताओं को भी ऋ.ए.ठ.क.ए. की बीम योजना के माध्यम से अतिरिक्त मार्जिन प्राप्त हुआ है। ऋ.ए.ठ.क.ए. मोबाइल डीलर समुदाय के हितों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन ग्राहकों को रिटेल स्टोर पर वापस लाने में मदद करता है - विशेष रूप से कोविड 19 महामारी को देखते हुए। ऋ.ए.ठ.क.ए. ग्राहकों को 999 रुपये तक का आकर्षक इंस्टेंट कैशबैक दे रहा है। यह उन सभी लाभों के अलावा है जो ऑनलाइन साइटें उन्हें प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए शून्य-लागत वाली ईएमआई आदि ताकि मिड मार्केट मोबाइल स्टोर में वॉक-इन को बढ़ावा दिया जा सके और कनवर्जन बेहतर हो। ऋ.ए.ठ.क.ए. ने लगातार विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से पूरे भारत में व्यापारियों को बढ़े हुए मार्जिन के साथ पुरस्कृत किया है।

## आदित्य ए के चाँद बालियां पर सेलिब्रिटीज, कंटेंट क्रिएटर्स एवं नेटिजंस मोहित हुए

चंडीगढ़, 28 फरवरी, 2022ः अलग-अलग मूड, अलग-अलग भावना के लिए गीत भी अलग-अलग होते हैं। और कुछ ऐसे दुर्लभ रत्न हैं, जो कोई भी अवसर क्यों न हो, आपके दिल की धड़कनों को छू लेते हैं। आदित्य ए की चाँद बालियां ऐसी ही एक रचना है। यदि आप सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं, तो आपको रोज यह गाना सुनने को मिलता होगा, और इस खूबसूरत गीत ने आपका मन मोह लिया होगा और आप इसे पूरा दिन गुनगुनाते होंगे।

यह गीत न केवल नेटिजंस, बल्कि सेलिब्रिटीज और कंटेंट क्रिएटर्स के दिलों में उतर गया है। वो शादियों, जन्मदिन, उपलब्धियों, यात्रा एवं रोमांटिक छुट्टियों, अपनी कमियों, विफलताओं आदि को बताने के लिए शॉर्ट-फॉर्म वीडियो के रूप में चाँद बालियां का इस्तेमाल कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सभी को बहुत पसंद आ रहा है। इस ट्रैक के वायरल होने का एक कारण है।

आदित्य ए द्वारा लिखा, कंपोज किया गया और गाया गया यह रोमांटिक बैलड एक लड़के व लड़की की कहानी दिखाता है, जो एक दूसरे को बहुत ज्यादा प्यार करते हैं। इन दोनों के बीच का संवाद, मुलाकात और प्रेम के इजहार ने ट्रैक का एक मूड स्थापित कर दिया। इस गीत का संगीत देसी, समकालीन है, जिसमें अर्बन पॉप की झलक मिलती है। गीत के बोल, विज्युअल,



आदित्य की आवाज और मधुर संगीत के साथ युकुलेले की बेहतरीन धुन आपको एक अलग दुनिया में ले जाते हैं।

गीत की प्रतिक्रिया के बारे में आदित्य ए ने कहा, ह्यह्यइस ट्रैक को लोगों के दिलों में उतरते देखना और दर्शकों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहवर्धक है। मेरे गीत को उनका इतना स्नेह मिलता देखकर बहुत खुशी हो रही है। उनकी सराहना ने मुझे और ज्यादा गीत बनाने एवं उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## पंजाब में पानी की कमी के बावजूद धड़ले से लग रहे हैं समर्सिबल

### ग्लाडा अधिकारियों ने की आंखे बंद

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः पंजाब में दिन प्रतिदिन पानी का स्तर कम होता जा रहा है हाई कोर्ट ने भी सख्ती से कहा कि कोई भी समर्सिबल नहीं लगा सकता उसके बावजूद खुले आम बसंत एवन्यू, फ्लावर इंक्लेव, भगत सिंह नगर, धाधरा रोड की सभी कॉलोनी में समर्सिबल खुले आम लग रहे हैं 30 हजार रुपए में 125 फीट नीचे से पानी निकाला जा रहा है मगर गलाड़ा के अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है देख कर अपनी आंखें बंद कर लेते हैं खुलेआम समर्सिबल पंप लगाए जा रहे हैं और हाईकोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है कई इलाकों में तो लोग पानी के लिए तरस रहे हैं मगर पानी नहीं मिल रहा और दूसरी तरफ गलाड़ा के एरिया में खुलेआम समर्सिबल पंप लग रहे हैं कोई रोक-टोक के बिना पंप लगाए जा रहे हैं नई कॉलोनियां जितनी भी काटी जा रही है उन सभी में समर्सिबल पंप लग रहे हैं।



## पेटीएम पेमेंट्स बैंक यूपीआई लाभार्थी लेनदेन और फास्टैग का लीडर बना

चंडीगढ़। जनवरी 2022 के लिये नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के डाटा के मुताबिक, भारत के देशी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) द्वारा देश के यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) परितंत्र और फास्टैग सेगमेंट का नेतृत्व जारी है। पीपीबीएल ने जनवरी 2022 में 957.39 मिलियन यूपीआई लेनदेन दर्ज कर देश के टॉप यूपीआई लाभार्थी बैंक के रूप में अपनी स्थिति को और भी मजबूत किया है। पीपीबीएल से पावर्ड पेटीएम यूपीआई काफी तेज और सुरक्षित मनी ट्रांसफर देता है।बैंक ने फास्टैग सेगमेंट में भी अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है और जनवरी 2022 में 4.3 लाख से ज्यादा फास्टैग जारी किये है। पेटीएम फास्टैग की इस बेजोड़ लोकप्रियता का कारण उसके द्वारा यूजर्स को सीधे पेटीम वालेट से भुगतान करने की सुविधा देना है। यूजर्स को अपने फास्टैग्स रिचार्ज करने के लिये कोई अलग खाता बनाने या वालेट डाउनलोड करने की जरूरत नहीं है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ सतीश गुप्ता ने कहा, ह्रहमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिये डिजिटल बैंकिंग के सर्वश्रेष्ठ को लाना और वित्तीय समावेशन के टूल्स से उन्हें सक्षम बनाना है। हमारे उत्पादों, जैसे पेटीएम यूपीआई और पेटीएम फास्टैग को बड़े पैमाने पर अपनाया गया है, जो टेक्नोलॉजी के मामले में हमारे मजबूत बुनियादी ढांचे और हमारे द्वारा पेश किये जाने वाले डिजिटल बैंकिंग के अबाध अनुभव का प्रमाण है। हम सभी के लिये डिजिटल पेमेंट्स में पहुँचने की योग्यता को आसान बनाना जारी रखने की आशा करते हैं।ह्व जनवरी में पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने टॉप लाभार्थी बैंक के रूप में 957 मिलियन से ज्यादा यूपीआई लेनदेन दर्ज किये; कुल 1.3 करोड़ इश्यूएंस के साथ फास्टैग में अग्रणी, जनवरी 2022 में यूपीआई लेनदेन के लिये टॉप लाभार्थी बैंक बना हुआ है, जनवरी महीने में 4.3 लाख नये कार्ड जारी रखने के साथ फास्टैग सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है, यूपीआई और फास्टैग सेगमेंट्स में वृद्धि ग्राहकों के बीच पेटीएम पेमेंट्स बैंक की लोकप्रियता दिखाती है। यूपीआई के परितंत्र में एक लाभार्थी बैंक के तौर पर पीपीबीएल की वृद्धि दिखाती है कि अब ज्यादा ग्राहक रोजाना के भुगतानों या बचत के लिये अपने पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते में पैसा लेना पसंद करते हैं। इससे पहले, दिसंबर 2021 में पीपीबीएल देश का पहला यूपीआई लाभार्थी बैंक बना था, जिसने एक महीने में 926 मिलियन से ज्यादा यूपीआई लेनदेन की उपलब्धि हासिल की थी। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के ताजा जारी डाटा के अनुसार यह यूपीआई लेनदेन के लिये अग्रणी विप्रेषक बैंकों में से एक बना हुआ है।पीपीबीएल को देश में डिजिटल पेमेंट्स की वृद्धि को गति देने में उसकी भूमिका के लिये हाल ही में भारत सरकार ने सराहा था। उसे लेनदेन के वॉल्यूम, व्यापारियों को शामिल करने और लेनदेन की सफलता की दर के संदर्भ में सबसे अच्छे प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया गया था।

## एमसीएम ने स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ की चरित्र निर्माण समिति और आर्य समाज समिति ने 'वैदिक भजन गायन प्रतियोगिता' और 'कंट्रीब्यूशन ऑन कैनवास'शीर्षक से राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। महान दार्शनिक, समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक को श्रद्धांजलि देने के अलावा, प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को स्वामी दयानंद सरस्वती जी बहुमूल्य शिक्षाओं और विरासत के बारे में अवगत करवाना था। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव ने छात्रों को स्वामी दयानंद सरस्वती के अविस्मरणीय योगदान से परिचित करवाते हुए, शिक्षा के क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण, वेदों के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना को जगाने, भेदभाव से लड़ने, सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनके अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान को विस्तार से बताया। स्वामीजी को आधुनिक भारत के निर्माणकताओं में से एक के रूप में संदर्भित करते हुए, डॉ. भार्गव ने कहा कि उनके लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प होगा और दूसरों को भी उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना होगा। प्रतियोगिताओं में 47 से अधिक छात्रों की उत्साही भागीदारी रही। ऑनलाइन वैदिक भजन गायन प्रतियोगिता में, प्रतिभागियों के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कंट्रीब्यूशन ऑन कैनवास' प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वामीजी के योगदान को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं।

ह्यकंट्रीब्यूशन ऑन कैनवास'प्रतियोगिता के परिणाम हैंः

प्रथम पुरस्कारः अमीषा गोयल, बीए-द्वितीय, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़

द्वितीय पुरस्कारः अनुभा शर्मा, बीए-द्वितीय, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़

तीसरा पुरस्कारः पीजल सिंह, बीसीए-कककक, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़

सांत्वना पुरस्कारः आशिमा चोपड़ा, बीए कककक, पीसीएम एसडी कॉलेज फॉर विमेन जालंधर।

वैदिक भजन प्रतियोगिता के परिणाम हैंः

प्रथम पुरस्कारः मुकुल गिल, पंजाब विश्वविद्यालय

दूसरा पुरस्कारः इश्मीत कौर, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़

तीसरा पुरस्कारः आंचल झा, शिवांगी महिला महाविद्यालय पछटिया, जौनपुर (यूपी) और सिमरनजीत कौर, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़

## चुनावो का पूरा फायदा उठा काटी जा रही गैर कानूनी कॉलोनी

### ग्लाडा अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः चुनावो के दौरान एक तरफ गैर कानूनी बिल्डिंग बन रही है तो दूसरी तरफ धंधारा रोड पर कोलोनिया काटी जा रही है पूरा फायदा उठाया जा रहा है चुनावो का 10 मार्च को अभी चुनावो के नतीजे घोषित होने है उससे पहले ही क्लोनाइजर धड़ले से कॉलोनी काटने में लगे हुए हैं इस संबंध में जब ग्लाडा के एस डी ओ और जे ई को जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि काम बंद करा दिया है मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि काम जोरों से चल रहा है 30 हजार से 40 हजार रुपए प्रति गज जमीन का रेट रखा हुआ है बलजीत सिंह ने बताया कि कमर्शियल प्लाट काटे जा रहे हैं पहले भी ग्लाडा के एस डी ओ गलत तरीके से सिवरेज कनेक्शन जोड़ने की शिकायत की गई थी मगर उस समय भी कोई कार्यवाही नहीं की गई अब खुले आम प्लाट काट कर बेचे जा रहे हैं मगर ग्लाडा के कुछ अधिकारियों की मिली भगत से सरकार को चुना लग रहा है बिना किसी डर और कारवाही न होने की वजह से कॉलोनाइजर अपनी मर्जी से कही भी कॉलोनी काटी जा रहे हैं



राजनेतिक अप्रोच होने की वजह से और ग्लाडा के कुछ अधिकारियों की मिली भगत से उनको किसी भी बात का डर नही है सिर्फ आम आदमी ही पिस्ता है जो अपनी मेहनत से एक प्लाट खरीदता है जिसकी एन ओ सी लेने में जुतिया घीस जाती है अगर ग्लाडा मे ईमानदार अफसर हो तो इन कॉलोनाइजर पर सख्ती से कारवाही हो सकती है।

## धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी जगबीर को मिल रही पुलिस की शरणः डॉक्टर कोमल

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। सिम्बोसिस फार्माच्यूटीयूएल के मालिक जगबीर सिंह के खिलाफ सेक्टर 20 पंचकूला निवासी डॉ कोमल खन्ना ने शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है। थाने में शिकायत देने के बावजूद भी पंचकूला थाना सेक्टर 20 में मामला दर्ज नहीं किया गया तो पीड़ित डॉक्टर कोमल ने कोर्ट के माध्यम से पंचकूला थाना सेक्टर 20 में आरोपी जगबीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पंचकूला सेक्टर 20 थाने में भारतीय धारा 323, 379, 380, 406, 420, 468, 467, 471, 506 के तहत मामला दर्ज करवाया है। गौरतलब है की डॉक्टर कोमल और जगबीर सिंह ने पार्टनरशिप में 50% के साथ मेसर्स जेनिया फार्मास्युटिकल ने कारोबार साल 2016 में शुरू किया था। डॉक्टर कोमल ने अपनी शिकायत में बताया है आरोपी मेसर्स सिम्बायोसिस फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स साई टेक मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और कुछ अन्य कंपनियों में फार्मास्यूटिकल्स का समान व्यवसाय भी चला रहा है। शुरूआती तौर पर आरोपी जगबीर ने डॉक्टर कोमल को आश्वस्त किया कि उपरोक्त कंपनियों के साथ साझेदारी फर्म का व्यवसाय भी बेहतर रिटर्न लाएगा।लेकिन जगबीर सिंह बुरे मंसूबे और दुर्भावनापूर्ण के साथ पहले से ही प्लानिंग करके रणनीति बना चुका था, जिस के मंसूबों के बारे में पहले पता नहीं था। जो एक पार्टनरशिप व्यवसाय की आड़ में धोखाधड़ी करके व्यवसाय हड़पना चाहते थे।जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 में आरोपी ने पार्टनरशिप फर्म में अपनी 45% हिस्सेदारी को जरूरत के अनुसार सरेंडर करने की इच्छा दिखाई।

जहाँ जगबीर सिंह के कहने पर पीड़ित कोमल ने जगबीर को फर्म में आरोपी के 45% शेयर खरीदने के लिए पैसे का भुगतान किया और और लिखित रूप में एक एग्रीमेंट के साथ हिस्सेदारी का प्रतिशत भी लिखा गया। जगबीर सिंह पर आरोप है कि उसने डॉक्टर कोमल के साथ धोखाधड़ी कर गलत मकसद और साजिश के तहत उक्त फर्म के व्यवसाय को नष्ट कर स्थानांतरित करना था।

आरोप यह भी है कि जगबीर सिंह ने अपने व्यापार को चोरी छुपे बढ़ाने का प्रयास किया और पार्टनरशिप की फर्म को पूरी तरह से खत्म करने के लिए गलत तरीकों का प्रयोग करता रहा। और जिसके कारण जगबीर ने जेनिया फार्मासयूटिकल की फर्जी वित्तीय देनदारी बनाई। गौरतलब है कि जगबीर सिंह सभी फर्म में व्यवसाय के निर्णय लेने का अधिकार दिया गया था और उन सभी कंपनियों में कई शेयर धारक रहे हैं इसके कारण जगबीर सिंह दोनों तरफ से लाभार्थी रहा है और झूठे बिल और फर्जी तरीके से तैयार किए हुए बिल बनाकर धन लूट कर कंपनी को नुकसान पहुंचाने का कार्य करता रहा है। वही जगबीर सिंह पहले भी कई घटनाओं में मामला दर्ज होने के बाद आरोपी रहा है और जिसकी पूछताछ और जांच से इकोनॉमिक्स विंग चंडीगढ़ और दिल्ली में भी की गई है।

गौरतलब है कि डॉक्टर कोमल की पार्टनरशिप कंपनी में जगबीर सिंह करोड़ों रुपए का चूना लगा कर पार्टनरशिप पर कंपनी के फार्मासिस्ट पद से इस्तीफा दे दिया। जहां आरोपी जगबीर सिंह ने कंपनी को फायदा पहुंचाने की बजाय पार्टनरशिप कंपनी पर देनदारी निकाल ली। वही बाद में जगबीर ने मैसर्स जेनिया फार्मास्युटिकल्स कंपनी में डॉक्टर कोमल और जगबीर सिंह के बीच आपसी समझौता हुआ जहां जगबीर ने 5% हिस्सा डॉक्टर कोमल को देने के लिए सहमति दी।

जहां पर जगबीर सिंह और डॉक्टर कोमल ने मध्यस्थ के लिए कई लोगों की मौजूदगी में देनदारी को लेकर सहमति बनी। जहां जनवरी 2022 में मध्यस्थता करवाने के लिए एक चेक 25 लाख रु डॉक्टर कोमल द्वारा सिंबोसिस फार्मासिस्टकल्स के पक्ष में दिया। दस्तावेजों का गलत प्रयोग करने के कारण डॉक्टर कोमल ने मध्यस्थता करवाने वाले व्यक्ति के पास चेक जमा करवा दिया और फार्म के सभी दस्तावेज व खातों का पूरा विवरण निपटाने के साथ-साथ सभी जानकारी उपलब्ध कराने के बाद चेक देने की सहमति बनी थी लेकिन जगबीर सिंह ने मध्यस्थता करवाने वाले विनय अग्रवाल से गुप्त तरीके से चेक चोरी किया और जिसकी चोरी करने की तस्वीर सीसीटीवी में भी कैद हुई। चेक का गलत प्रयोग किया और बाद में समझौता करने से इंकार कर दिया।जगबीर सिंह द्वारा चेक चोरी होने की शिकायतें डीसीपी पंचकूला को मध्यस्थता करवाने वाले विनय अग्रवाल ने शिकायत दर्ज करवाई लेकिन पुलिस की मिलीभगत के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। जहां डॉक्टर कोमल ने जगबीर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी को लेकर सेक्टर 20 पंचकूला डीसीपी को भी लिखित रूप में शिकायत दी। यहां तक कि प्रदेश के मुख्यमंत्री गृहमंत्री और पुलिस महानिदेशक हरियाणा समेत कई जगह पर शिकायत देने के बाद कोई भी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी जगबीर सिंह बड़े नेताओं और पुलिस के बड़े अधिकारियों के साथ अच्छे संबंध होने के दावे के साथ कई बार जान से मारने धमकी देता है और उसका कुछ नहीं बिगड़ेगा ऐसा कहते हुए उसने डॉक्टर कोमल के साथ धोखाधड़ी से पैसे हड़प लिए हैं।

# धर्मगुरुओं के 'राजनैतिक फतवे'



निर्मल रानी

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते यहाँ 'लोकतान्त्रिक' तरीके से होने वाले आम चुनाव हमेशा ही पूरे विश्व के लिये कौतूहल का विषय होते हैं। समय समय पर इस विराट एवं अद्भुत चुनावी प्रक्रिया को करीब से देखने व समझने के लिये विदेशों से भी वहां के संसदीय प्रतिनिधिमंडल तथा अंतर्राष्ट्रीय चुनावी विशेषज्ञ आते रहते हैं। परन्तु सवाल यह उठता है कि क्या हमारे देश के शत प्रतिशत मतदाता वास्तव अपने अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी स्वतंत्रता व स्वविवेक के साथ करते हैं ? क्या भारतीय मतदाताओं का एक बड़ा अर्थात निर्णयकारी वर्ग वास्तव में जनसमस्याओं, देश की प्रगति, विकास, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग, रोजगार, स्वास्थ्य, मंहगाई जैसे मुद्दों को सामने रखकर ही मतदान करता है ? और यदि जनता स्वविवेक से मतदान करती है, उसपर किसी तरह का धर्म-जाति-पंडित-गुरु-अथवा मौलवी के फतवों का प्रभाव नहीं होता फिर आखिर देश की संसद व विधानसभाओं में सांप्रदायिक, अपराधी, जातिवादी, निठल्ले, अशिक्षित, भ्रष्ट, स्वार्थी, विचारविहीन, व लुटेरी प्रवृति के लोग विभिन्न सदनों में कैसे पहुँच जाते हैं ?

सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सियन लूंग ने गत 15 फरवरी को सिंगापुर की संसद में एक टिप्पणी की। ली सियन लूंग ने कहा था कि ह्यनेहरू का भारत अब ऐसा बन गया है, जहां मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोकसभा के आधे से अधिक सांसदों के विरुद्ध बलात्कार, हत्या जैसे आरोपों सहित अनेक आपराधिक मामले लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इसमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं.ह्न। ली सियन लूंग ने इजराईल में चल रही राजनैतिक अस्थिरता का भी जिक्र किया। उनके द्वारा इजराइली नेता वे डेविड बेन-गुरियन व भारत के जवाहरलाल नेहरू का जिक्र समयानुसार राजनीति व राजनेताओं के तुलनात्मक स्तर के सन्दर्भ में किया गया था। इसमें कोई शक नहीं कि विश्व के अधिकांश देश उच्च आदर्शों और महान मूल्यों के आधार पर स्वतंत्र अथवा स्थापित हुए हैं। ऐसे में राजनीति के वर्तमान विश्व स्तरीय पतन काल पर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति विशेषकर गंभीर राजनेताओं का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालाँकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद दिल्ली में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग को बुलाया और ली सियन लूंग के उपरोक्त वक्तव्य पर आपत्ति व असहमति जताते हुये कहा कि भारत के संबंध में ली सीन लूंग का यह बयान को 'गैर-जरूरी' और 'अस्वीकार्य' है।

परन्तु क्या भारतवासियों के लिये यह सोचना व चिंतन करना जरूरी नहीं कि विदेशी नेताओं को आखिर भारत की वर्तमान राजनैतिक दुर्दशा पर ऊँगली क्योंकर उठानी पड़ती है ? किसी कड़वे सच को अस्वीकार करने के बजाये क्या हमें आत्म चिंतन व आत्मावलोकन करने की जरुरत नहीं ? क्या सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने जो भी कहा वह पूरी तरह तथ्यहीन है ? क्या विदेश मंत्रालय के 'गैर-जरूरी' और 'अस्वीकार्य' कह देने मात्र से हमारे देश के अपराधी व अपराधों के आरोपी राजनेताओं की छवि उज्जवल हो जायेगी ? क्या इससे ज्यादा जरूरी यह नहीं कि हम इस बात को लेकर आत्ममंथन करें कि हम कैसे अपनी इस ह्यकलंकपूर्ण ह्य चुनाव व्यवस्था को रोकने के लिये सख़्त कदम उठायें ? क्या मंदिर - मस्जिद, हिन्दू-मुसलमान, धर्म जाति, ऊंच नीच, क्षेत्र, भाषा, गाय, लव जिहाद, हिजाब, वन्देमातरम, कब्रिस्तान, शमशान, जिन्ना, औरंगजेब जैसे मुद्दों को आगे रखकर लड़े जाने वाले चुनाव व इन्हीं मुद्दों को गरमा व भ्रमा कर चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों से हमें यह उम्मीद करनी चाहिये कि वे जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर भी काम करेंगे ? राजनेताओं के भाषण भी ऐसे होने लगे हैं गोया वे अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदी को अपना व्यक्तिगत दुश्मन मानने लगे हों। कोई किसी को आतंकवादी बता रहा है तो कोई चुनाव के बाद



ह्यगर्मी निकालने ह्य की धमकी दे रहा है। कोई बुलडोजर चलाने की बातें कर रहा है। कोई पाकिस्तान भेज रहा है तो कोई बंगाल, कश्मीर व केरल से तुलना कर सांप्रदायिकता का भ्रमपूर्ण भय पैदा कर रहा है।

हमारे देश में विभिन्न धर्मों व जातियों में तथाकथित राजनैतिक धर्मगुरुओं की भी भरमार है। इनमें तमाम ऐसे हैं जो सत्ता के करीब भी रहना चाहते हैं और सत्ता से लाभ भी उठाना चाहते हैं और उठाते रहते हैं। प्रायः देखा गया है कि यह धर्म गुरु अपने अनुयायियों को निर्देश अथवा फतवे जारी करते रहते हैं। इनके निर्देश अथवा फतवे आम तौर पर इस बात से प्रेरित होते हैं कि किसी धर्मगुरु के साथ सत्ता अथवा धर्मगुरु द्वारा समर्थन दिये जा रहे दल का व्यवहार कैसा है। इस स्थिति में इन ह्यस्वयंभू अध्यात्मवादियोंह्न का सीधा संबंध राजनीति से स्थापित हो जाता है। और इनकी कोशिश होती है कि इनके अनुयायी इनके निर्देश व फतवे के अनुसार ही मतदान करें। गोया किसी धर्मगुरु के लाखों करोड़ों अनुयायी अपने गुरु अथवा मौलवी मौलाना के दिशानिर्देश पाते ही अपना स्वविवेक ताख पर रखकर अपने बहुमूल्य मताधिकार को गोया गिरवी रख देते हैं। ऐसी स्थिति में जीतने वाला प्रत्याशी अपराधी है, सांप्रदायिक, जातिवादी अथवा भ्रष्ट है यह बातें कोई मायने नहीं रखतीं।

आज अनेक धर्मगुरु बेलगाम होकर जो मुंह में आये वह बोलते फिर रहे हैं। उनके मुंह से अमृतवाणी निकलने के बजाये विषवमन होता रहता है। यह अपने अनुयायियों को चरित्र निर्माण या रोजगार अथवा आत्मनिर्भरता के उपाय या इसपर आधारित प्रवचन नहीं देते बल्कि उन्हें धर्म विशेष के विरुद्ध हथियार उठाने के लिये उकसाते फिरते हैं। गृह युद्ध छेड़ने के लिये प्रेरित करते हैं। ऐसे ही धर्मगुरु सार्वजनिक मंचों से उस महात्मा गांधी को गालियां देते व अपमानित करते हैं जिसकी सत्य-अहिंसा-शांति व सर्वधर्म समभाव की नीति के समक्ष दुनिया नतमस्तक होती है। क्या राजनेता तो क्या धर्माधिकारी इनका एक बड़ा समूह इनदिनों अपने जहरीले शब्दों, अनैतिक दिशानिदेर्शों व फतवों के चलते भारतीय राजनीति के चेहरे को कुरूपित कर रहा है। ऐसे लोग जनसरोकारों की बातें करने के बजाये मतदाताओं को कभी ह्यगर्व ह्य, कभी ह्यस्वाभिमान ह्य, कभी ह्यसम्मान ह्य, कभी राष्ट्रवाद तो कभी ह्यअस्तित्व ह्य बेचने लगते हैं। और हमारे देश के भोले भाले मतदाता आसानी से ऐसे पाखंडी राजनेताओं व स्वार्थी स्वयंभू धर्मगुरुओं की बातों के झांसे में आ जाते हैं। यह अथवा ऐसी स्थितियां इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये पर्याप्त हैं कि हमारे देश में राजनीतिक स्तर में गिरावट के मुख्य कारण क्या हैं और क्यों हमारे देश को लेकर विदेशों में अब नकारात्मक चचार्यें होने लगी हैं ? हमें मुंह छुपाने की नहीं बल्कि दर्पण देखकर आत्मावलोकन करने की जरुरत है। इतना ही नहीं बल्कि जहाँ हमें स्वविवेक से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की जरुरत है वहीँ अनुयाईयों को भ्रमित करने वाले धर्मगुरुओं के स्वार्थपूर्ण ह्यराजनैतिक फतवोंह्न से भी सचेत रहने की जरुरत है। भारतीय मतदाताओं की जागरूकता व उनका जनसरोकारों के मद्देनजर किया जाने वाला विवेकपूर्ण मतदान ही देश की दिशा व दशा को भी बदल सकता है साथ ही भारत की गिरती जा रही राजनैतिक साख से भी बचा सकता है।

## संपादकीय

### संकट में नागरिक



यूक्रेन हमले के बीच फंसे 490 भारतीय छात्रों को रोमानिया और हंगरी के रास्ते भारत लाया गया। रोमानिया से एअर इंडिया के विमान ने शनिवार रात 9.30 बजे उड़ान भरी और रविवार तड़के करीब 3 बजे यह दिल्ली पहुंचा। हंगरी के बुडापेस्ट से भी एक विमान रविवार को आया, इसमें 240 भारतीय सवार थे। अब तक कुल 709 छात्र यूक्रेन से रेस्क्यू किए गए हैं। फ्लाइट में सवार छात्रों ने खुशी जाहिर की और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके पहले शनिवार रात 8 बजे 219 भारतीय छात्रों को लेकर एअर इंडिया का विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। यूक्रेन में हमलों के बीच फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। 16 हजार से ज्यादा भारतीय नागरिक इस वक्त वहां हैं। इनमें वहां पढने गए भारतीय विद्यार्थियों की संख्या भी खासी है। ऐसे में इनके परिजनों का परेशान होना स्वाभाविक है। लगातार मिसाइलों के धमाकों, गोलियों की आवाज और टैंकों की गडगड़ाहट के बीच ये भारतीय नागरिक जिस संकट और मानसिक वेदना से गुजर रहे हैं, उसकी कल्पना भर से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। विद्यार्थी अपने परिजनों को जो वीडियो भेज रहे हैं, उससे पता चलता है कि किस तरह ये लोग पल-पल काट रहे होंगे! हमलों से बचाव के लिए लोगों को छोटे-छोटे बंकरों में रखा गया है। खाने-पीने के सामान के लाले पड़ रहे हैं। मार्शल ला लग जाने के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है। किसको पता कि कहां मिसाइलें गिरेंगी? कहने को यूक्रेन में भारतीय दूतावास सक्रिय है और अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के अभियान में दिन-रात जुटा है। पर वहां जिस तरह के हालात हैं, उसमें दूतावास के लिए इतने सारे भारतीयों की सुरक्षा और उन्हें स्वदेश भेजना कठिन काम है। हालांकि दूतावास ने कई दिन पहले परामर्श जारी कर भारतीयों को अस्थायी रूप से यूक्रेन छोड़ने को कह दिया था। इसके बाद बीस हजार लोगों ने वापसी के लिए आनलाइन पंजीकरण करवाया था। इनमें से अब तक सिर्फ चार हजार लोग ही लौट पाए हैं। वैसे हर कोई इस उम्मीद में रहा होगा कि युद्ध टल जाएगा। पर अब यूक्रेन ने दूसरे देशों के यात्री विमानों के लिए अपने हवाई मार्ग बंद कर दिए हैं। ऐसे में विदेशी विमान वहां जा नहीं सकते। दो दिन पहले भारत का एक विमान कीव के लिए गया भी था, लेकिन उतरने की इजाजत नहीं मिलने से खाली दिल्ली लौट आया। इसलिए भारतीयों को अब पहले सड़क मार्ग से हंगरी और रोमानिया ले जाया जा रहा है और फिर वहां से भारत के विमान इन्हें लेकर स्वदेश पहुंचेंगे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत की सरकार देर से चेती। सरकार जो कदम अब उठा रही है, वे अगर एक पखवाड़े पहले उठा लिए जाते तो आज जैसा हाहाकार नहीं मचता। ऐसा भी नहीं कि सरकार को इस बात का अनुमान नहीं रहा होगा कि यूक्रेन में आने वाले दिन कैसे होंगे। युद्ध की आशंका को लेकर अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश तो पहले ही अपने नागरिकों को बचाने के काम में जुट गए थे।

# शिव साधना का महान पर्व महाशिवरात्रि !



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

> पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। वहीं ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। शिवपुराण में उल्लेखित एक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और भोलेनाथ ने वैराग्य जीवन त्याग कर गृहस्थ जीवन अपनाया था। इस दिन विधिवत आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व कष्टों का निवारण होता है ।अमावस्या से एक दिन पूर्व, हर चंद्र माह के चौदहवें दिन को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों के अलावा फरवरी-मार्च माह में महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इन सभी में से महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व सबसे ज्यादा है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ ऐसी स्थिति में होता है कि मनुष्य में ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में सहायता करती है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए ही, इस परंपरा में हमने इस पूरी रात चलने वाले उत्सव की स्थापना की।

शिवरात्रि का पावन पर्व शिव साधना से परमात्मा शिव को खुश करके उनकी कृपा प्राप्त कर अपनी मनोकामना की पूर्ति करना है। यह वह दिन है जब सभी साधक भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पूजा अर्चना करते हैं। इस साल महाशिवरात्रि 1 मार्च को मनाई जा रही है। शिवरात्रि के दिन लोग मंदिर जाते हैं और वहाँ जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। इसी के साथ सभी साधक अपने-अपने तरीकों से भगवान शिव को साधना का प्रयास करते हैं। शिव की पूजा के समय खास रंग के कपड़े पहनने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। इस शिवरात्रि कौन से रंग के कपड़े आपकी पूजा को सफल बना सकते हैं।

भगवान शिव की आराधना के समय हरे रंग के कपड़े धारण करना शुभ माना जाता है। इसी के साथ अगर आप हरे रंग के साथ सफेद रंग के वस्त्र भी धारण करते हैं तो यह अधिक लाभदायक होगा। जी दरअसल ऐसी मान्यता है कि भोले बाबा को सफेद और हरा रंग बहुत प्रिये होता है इसलिए शिवरात्रि के दिन शिव जी को चढ़ाये हुए फूल और बेल-धतूरा सफेद और हरे रंग के ही होते हैं।

इसी के साथ शिवरात्रि के दिन हरे रंग को धारण करना बहुत शुभ मन जाता है। वहीं अगर आपके पास हरे या सफेद रंग के वस्त्र नहीं हैं तो आप लाल, केसरिया, पीला, नारंगी तथा गुलाबी रंग के वस्त्र धारण कर के भोले बाबा की आराधना कर सकते हैं। ध्यान रहे भगवान शिव को काला रंग बिलकुल भी प्रिये नहीं होता। दरअसल काला रंग अंधकार और भसम का प्रतीक होता है इसलिए कभी भी शिवरात्रि के दिन काले रंग के वस्त्र न धारण करें। आपको बता दें कि काले वस्त्रों के साथ काला दुपट्टा, बिंदी, चूड़ियां भी नहीं पहनना चाहिए। वहीं अगर आप भगवान शिव को अपनी श्रद्धा और आराधना से प्रसन्न करना चाहते हैं तो शिवरात्रि के दिन काले रंग का त्याग कर दें।

महाशिवरात्रि पर्व शिव और शक्ति के मिलन का पर्व माना जाता है। वैसे तो प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को ये पर्व मनाया जाता है। लेकिन फाल्गुन महीने में आने वाली मासिक शिवरात्रि सबसे खास होती है जिसे महा शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। शिव भक्तों के लिए ये दिन काफी खास होता है। इस साल ये पर्व 1 मार्च को मनाया जा रहा है ।महाशिवरात्रि 1 मार्च को सुबह 3 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 2 मार्च को सुबह 10 तक रहेगी।

पहला प्रहर का मुहूर्त-:1 मार्च शाम 6 बजकर 21 मिनट से रात्रि 9 बजकर 27 मिनट तक है।

दूसरे प्रहर का मुहूर्त-: 1 मार्च रात्रि 9 बजकर 27 मिनट से 12 बजकर 33 मिनट तक है।

तीसरे प्रहर का मुहूर्त-: 1 मार्च रात्रि 12 बजकर 33 मिनट से सुबह 3 बजकर 39 मिनट तक है।

चौथे प्रहर का मुहूर्त-: 2 मार्च सुबह 3 बजकर 39 मिनट से 6 बजकर 45 मिनट तक है।

पारण समय-: 2 मार्च को सुबह 6 बजकर 45 मिनट के बाद है ।सनातन धर्म के अनुसार शिवलिंग स्नान के लिये रात्रि के प्रथम प्रहर में दूध, दूसरे में दही, तीसरे में घृत और चौथे प्रहर में मधु, यानी शहद से स्नान कराने का विधान है. इतना ही नहीं चारों प्रहर में शिवलिंग स्नान के लिये मंत्र भी अलग हैं।

प्रथम प्रहर में- 'ह्रीं ईशानाय नमः'

दूसरे प्रहर में- 'ह्रीं अघोराय नमः'

तीसरे प्रहर में- 'ह्रीं वामदेवाय नमः'

चौथे प्रहर में- 'ह्रीं सद्योजाताय नमः' ।। मंत्र का जाप करना चाहिए ।एक साल में कुल 12 शिवरात्रि आती हैं, लेकिन फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। वहीं ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। शिवपुराण में उल्लेखित एक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और भोलेनाथ ने वैराग्य जीवन त्याग कर गृहस्थ जीवन अपनाया था। इस दिन विधिवत आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व कष्टों का निवारण होता है ।अमावस्या से एक दिन पूर्व, हर चंद्र माह के चौदहवें दिन को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों के अलावा फरवरी-मार्च माह में महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इन सभी में से महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व सबसे ज्यादा है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ ऐसी स्थिति में होता है कि मनुष्य में ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में सहायता करती है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए ही, इस परंपरा में हमने इस पूरी रात चलने वाले उत्सव की स्थापना की। इस उत्सव का एक सबसे मुख्य पहलू ये पक्का करना है कि प्राकृतिक ऊजाओं के प्रवाह को अपनी दिशा मिल सके। इसलिए आप अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखते हुए जागते रहते हैं ।आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बहुत महत्वपूर्ण है। पारिवारिक परिस्थितियों में जी रहे लोगों तथा महत्वाकांक्षियों के लिए भी यह उत्सव बहुत महत्व रखता है। जो लोग परिवार के बीच गृहस्थ हैं, वे महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं से घिरे लोगों को यह दिन इसलिए हत्वपूर्ण लगता है क्योंकि शिव ने अपने सभी शत्रुओं पर विजय पा ली थी।

साधुओं के लिए यह दिन इसलिए महत्व रखता है क्योंकि वे इस दिन कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। वे एक पर्वत की तरह बिल्कुल स्थिर हो गए थे। यौगिक परंपरा में शिव को एक देव के रूप में नहीं पूजा जाता,, वे आदि गुरु माने जाते हैं जिन्होंने ज्ञान का शुभारंभ किया। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के बाद, एक दिन वे पूरी तरह से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि था। उनके भीतर की प्रत्येक हलचल शांत हो गई और यही वजह है कि साधु इस रात को स्थिरता से भरी रात के रूप में देखते हैं।

यौगिक परंपरा के अनुसार इस दिन और रात का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इस दिन आध्यात्मिक जिज्ञासु के सामने असीम संभावनाएँ प्रस्तुत होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से गुजरते हुए, उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ वे ये प्रमाणित कर रहे हैं झ कि आप जिसे जीवन के रूप में जानते हैं, जिसे आप पदार्थ और अस्तित्व के तौर पर जानते हैं, जिसे ब्रह्माण्ड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं, वह केवल एक ऊर्जा है जो अलग-अलग तरह से प्रकट हो रही है।

यह वैज्ञानिक तथ्य ही प्रत्येक योगी का भीतरी अनुभव होता है। योगी शब्द का अर्थ है, ऐसा व्यक्ति जिसने अस्तित्व की एकात्मकता का एहसास पा लिया हो। जब मैं ह्ययोगह्न शब्द का प्रयोग करता हूँ तो मैं किसी एक अभ्यास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। उस असीमित को जानने की हर प्रकार की तड़प, अस्तित्व के उस एकत्व को जानने की इच्छा झ योग है। महाशिवरात्रि की वह रात, उस अनुभव को पाने का अवसर भेंट करती है ।हम सत्यम,शिवम,सुंदरम को आत्मसात कर स्वयं को आत्म बोध में स्थापित कर परमात्मा से अपनी लौ लगाये ।यह लौ हमारे अंदर के विकारों से हमे मुक्त कर हमारे कल्याण का माध्यम बनती है ।युग परिवर्तन के लिए भी परमात्मा शिव हमे संगम युग मे ईश्वरीय ज्ञान प्राप्ति कराकर कलियुग से सतयुग में लाने के लिए यज्ञ रचते है ।जिसमे स्त्री शक्ति का पोषण कर उन्हें युग परिवर्तन के निमित्त बनाया जाता है ।वस्तुतःविश्व रचियता परमात्मा एक है जिसे कुछ लोग भगवान,कुछ लोग अल्लाह,कुछ लोग गोड ,कुछ लोग ओम, कुछ लोग ओमेन ,कुछ लोग सतनाम कहकर पुकारते है। यानि जो परम ऐश्वर्यवान हो,जिसे लोग भजते हो अर्थात जिसका स्मरण करते हो एक रचता के रूप में ,एक परमशक्ति के रूप में एक परमपिता के रूप में वही ईश्वर है और वही शिव है। एक मात्र वह शिव जो ब्रहमा,विष्णु और शकंर के भी रचियता है। जीवन मरण से परे है। ज्योति बिन्दू स्वरूप है। वास्तव में शिव एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से परमात्मा की सुखद अनुभूति होने लगती है। शिव को कल्याणकारी तो सभी मानते है, साथ ही शिव ही सत्य है

शिव ही सुन्दर है यह भी सभी स्वीकारते है। परन्तु यदि मनुष्य को शिव का बोध हो जाए तो उसे जीवन मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

गीता में कहा गया है कि जब जब भी धर्म के मार्ग से लोग विचलित हो जाते है,समाज में अनाचार, पापाचार ,अत्याचार, शोषण, क्रोध, वैमनस्य, आलस्य, लोभ,अहंकार,का प्रकोप बढ़ जाता है ।माया मोह बढ जाता है तब परमात्मा को स्वयं आकर राह भटके लोगो को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का कार्य करना पडता है। ऐसा हर पाचं हजार साल में पुनरावृत होता है। पहले सतयुग,फिर द्वापर,फिर त्रेता और फिर कलियुग तक की यात्रा इन पांच हजार वर्षो में होती है।

# कहो तो कह दूँ - 'वादे पे तेरे मारा गया, बन्दा मैं सीधा साधा, वादा तेरा वादा'



चैतन्य भट्ट

किसी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगा दी है जिसमें कहा गया है कि जो भी राजनैतिक दल मतदाताओं से लुभावने वादे करते हैं और पूरा नहीं करते उनके चुनाव चिन्ह जब्त कर लिए जाएँ , अब आप ही बताओ यदि ऐसा होने लगा तो तमाम राजनैतिक दलों के चुनाव चिन्ह ही जब्त हो जाएंगे, फिर चुनाव कौन लड़ेगा और मतदाता किसको वोट देंगे ह्न अरे भाई दुनिया ही वादों पर टिकी है वादे न होते तो क्या होता, वैसे भी जो भी राजनैतिक दल चुनाव जीतने के लिए वादे करता है उसमें उसका क्या जाता है, उन वादों को पूरा करने के लिए उनकी जेब से तो धेला भी नहीं लगता, जनता का पैसा होता है और जनता के लिए खर्चा हो जाता है यानी ह्लतेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेराह्व फिर दूसरी बात यदि नेता वादे नहीं करेंगे तो चुनाव कैसे जीतेंगे सारे चुनाव झूठे वादों पर ही तो टिके रहते हैं ह्न राजनेताओं को भी मालूम है कि वे जो वादे कर रहे है उनको पूरा होना नहीं है और जनता भी जानती है की उसे बेबकूफ बनाया जा रहा है लेकिन वो बेचारी करे तो क्या करे उसके पास कोई दूसरा ह्लसब्सिट्यूटह्व भी तो नहीं है चुनना इनमें से किसी एक को ही है सो जो ज्यादा लुभावने वादे कर देता है जनता उसी तरफ दौड़ लगा देती है ह्न जंहा तक वादों का सवाल है सारी दुनिया वादों पर ही जिन्दा है ह्न पति पत्नी शादी के दौरान एक दूसरे से वादा करते हैं कि सात जन्मों तक एक दूसरे का साथ निभाएंगे लेकिन एक जनम में ही एक दूसरे से ऐसे ऊब जाते है कि एक जनम ही तय करने में उन्हें अपनी नानी याद आने लगती है ह्न डाक्टर मरीज से वादा करता है कि तुम बच जाओगे लेकिन दूसरे ही दिन उसका ह्लराम नाम सत्यह्व हो जाता है , बिल्डर खरीददार से वादा करता है कि वो कालोनी में सड़क, स्वीमिंग पूल, गार्डन बना कर देगा लेकिन मकान और प्लाट बिकते ही ऐसा गायब होता है जैसे ह्लगधे के सर से सींगह्वह्न बाप से बेटा वादा करता है कि वो बड़ा होकर उसकी सेवा करेगा पर बुढ़ापा आते ही बाप को वृद्धाश्रम के दरवाजे पर दस्तक देना पड़ती है वादों पर तो फिल्मी गीतकारों ने कई गीत ही लिखे हैं मसलन ह्लताजमहलह्व का गीत ह्लजो वादा किया वो निभाना पड़ेगाह्व हाथ की सफाई का ये गीत ह्लवादा करले साजना तेरे बिन मैं न रहूँ मेरे बिना तू न रहेह्व दूसरी तरफ ये भी कहा जा रहा है ह्लक्या हुआ तेरा वादा वो कसम वो इरादाह्वह्न फिल्म ह्लकारवांह्व का गाना तो आज भी लोगों की जुबान पर चढ़ा है ह्लकितना प्यारा वादा है इन मतवाली आँखों काह्व लेकिन राजनेताओं और जनता के बीच जो गाना सबसे ज्यादा फिट होता है जो जनता नेताओ को देख कर गाती है वो हैं ह्लदुश्मनह्व का गीत हो ह्न मैं तुझसे प्यार करूँ, ये दिल निसार करूँ मगर कैसे ऐतबार करूँ झूठा हैं तेरा वादा, वादे पे तेरे मारा गया बन्दा मैं सीधा साधा, वादा वादा तेरा वादाह्व

**ह्लतू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और हैह्व**

एक बड़ा मशहूर गाना है ह्लतू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और हैह्व ये गीत हाल ही में साध्वी उमा भारती के बयान पर पूरी तरह से फिट बैठता है ह्न एक कार्यक्रम में उनका दर्द शब्दों के माध्य से फूट पड़ा , बोली ह्लसरकार मैं बनाती हूँ और उसे चलाता कोई और हैह्वह्न सही कह रही हैं उमा भारती , कितनी मेहनत से उन्होंने मध्यप्रदेश में सरकार बनाई थी लेकिन ताव ताव में इस्तीफा देकर चली गयी और अब उनकी सरकार को कोई और बरसों से चला रहा है हाल ये हैं कि वे न तो सांसद हैं और न ही विधायक ह्न अब उमा जी को कौन समझाए कि ये तो राजनीति में चलता ही है मेहनत कोई करता है और मलाई कोई और खाता है दूसरी बात राजनीति में तुनक मिजाजी नहीं चलती साम दाम दंड भेद जिसको नहीं आता वो राजनीति में मिसफिट है, अब आप अपने को ही देख लो क्या हाथ आया कुछ नहीं, अच्छी भली मुख्यमंत्री थी लेकिन कहते हैं इंसान अपनी आदतें बदल सकता है स्वभाव नहीं ह्न एक झटके में सत्ता छोड़ी थी और अब कई सालों से उसे पकड़ने की कोशिश कर रही हो लेकिन वो हाथ में नहीं आ रही और निकट भविष्य में भी दिखाई नहीं देता कि सत्ता हाथ में आएगी क्योंकि सत्ता की कुर्सी को किसी और ने जकड़ रखा है ऐसे में उस कुर्सी तक पंहुचने में कितना वक़्त लग जायेगे भगवा- ही बतला सकता है अपनी तो एक ही राय है कि जो ह्लचला गया उसे भूल जाह्व

**ये गलत बात है कलेक्टर साहेब**

जबलपुर में नए कलेक्टर साहेब आये है ह्लइलैया राजा टीह्व इनका काम ही समझ में नहीं आ रहा है उनके अधीनस्तों को, कहीं जाते है उसका निरीक्षण करते है अपने ह्लसब ऑर्डिनेट्सह्व को निर्देश देते है और फिर चार पांच दिन बाद फिर से उसी जगह पंहुच जाते है ये देखने के लिए कि जो निर्देश उन्होंने दिए थे वे पूरे हुए ये नहींह्न ये तो परंपरा से हट कर काम कर रहे हो कलेक्टर साहेब आप, परंपरा तो ये ही है कि अफसर कहीं जाता है, निरीक्षण करता है, निर्देश देता है और फिर खुद भी भूल जाता है उसने कंहाँ कौन से निर्देश दिए थे अफसर भी उन निदेर्शों को हवा में उड़ा देते हैं वे जानते हैं कि अब साहब तो वापस लौटकर आने वाले हैं नहीं तो क्यों खाली पीली अपना टाइम खोटा करें लेकिन ये साहेब तो दूसरे मूड के ही निकले , ये बात गलत है कलेक्टर साहेब, आप अफसरों के काम करने की परंपरा को तोड़ रहे हो और किसी भी परंपरा को तोड़ना अच्छी बात नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 07
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 मार्च 2022

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामसभा में छलका किसान का दर्द, मुखिया जी कर्मचारी पैसे मांग रहे हैं!



मदरलैण्ड संवाददाता, बांका। मुखिया जी कर्मचारी मोटेशन के पैसे मांग रहे हैं। जी ऐसा ही वाक्य हुआ बांका जिला के रजौन प्रखंड के ओडहरा पंचायत में जहां सबका साथ सबका विकास योजनाओं को अमल करने का दौर चल रहा था। जहां ग्राम सभा चल रही थी। ग्राम सभा में मुखिया वार्ड को संबोधित कर रहे थे जिसके बाद वह बारी-बारी से सभी की समस्या सुनते। लेकिन इसी बीच ओडहारा के एक किसान विकास यादव का दर्द बीच ग्राम सभा में ही छलक पड़ा। और किसान ने मुखिया को बताया कि वह अपने जमीन मोटेसन कराने आवेदन कर्मचारी को दे चुके हैं। लेकिन कर्मचारी कहता है रू3000 दोगे तो होगा। हालांकि पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार सिंह ने बड़े ही ठंडे दिमाग से इस किसान को समझा बुझाकर शांत करवाया। और उस किसान को भरोसा दिलया कि ऐसे कर्मचारी के खिलाफ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा जिससे आने वाले समय में किसी को दिक्कततो का सामना ना करना पड़े।

### केसरिया में सड़क हादसे में एक महिला सहित दो की मौत,दो घायल



मदरलैंड संवाददाता, मोतिहारी। केसरिया में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो की मौत हो गई है।वहीं दो अन्य बुरी तरह घायल हैं।जिनका इलाज चल रहा है।पहली घटना केसरिया-खजुरिया एसएच-74 मार्ग के किरासन तेल डिपो के समीप की है।जानकारी के अनुसार खिजिरपुरा गांव के रंजीत कुमार व नवनीत कुमार बाइक से केसरिया की तरफ आ रहे थे।इसी बीच खजुरिया की तरफ जा रही अनियंत्रित तेल टैंकर की चपेट में आ गए।जहां घटनास्थल पर हीं रंजीत(18)ने दम तोड़ दिया।वहीं बुरी तरह घायल नवनीत को ग्रामीणों की सहयोग से अस्पताल पहुंचाया गया।घायल युवक खिजिरपुरा की पूर्व मुखिया विंध्यवासिनी देवी का पुत्र है।वहीं पीताम्बर चौक पर घटित दूसरी सड़क दुर्घटना में महम्मदपुर की संगीता देवी(45)की मौत हो गयी।बताया जाता है कि संगीता अपने पुत्र नीलेश के साथ बाइक से केसरिया आ रही थी।इसी बीच ट्रक की चपेट में आ गयी।इस घटना में मृतका के पुत्र को भी गहरी चोट आयी है।जिसका इलाज चल रहा है।इधर,ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ा है।हालांकि मौका पाकर चालक भागने में सफल रहा।पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ख्वाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सात सौ मरीजों का किया गया इलाज





» मदरलैंड संवाददाता

मोतीहारी। ख्वाब फाउंडेशन द्वारा रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।उत्क्रमित मध्य विद्यालय ध्रुव लखौरा के परिसर में आयोजित इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन आगत चिकित्सकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने कहा कि यह निःशुल्क शिविर ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।करोना और लॉकडाउन के कारण सबकी माली हालत खराब हो चुकी है।इस शिविर से कम से कम थोड़ा राहत तो जरूर मिलेगा और समय रहते बीमारी की पहचान हो सकेगी ताकि समय पर समुचित इलाज हो सके।सेवा दे रहे चिकित्सकों को मानवता की सेवा में योगदान को काफी सराहा।स्वास्थ्य के महत्व को समझने के लिए बच्चों के शिक्षा पर जोर देने की अपील की।उन्होंने कहा कि स्वस्थ आदमी के दिमाग में सकारात्मक सोच का वास होता है।जिससे समाज में शांति और समृद्धि आती है।शिविर में करीब सात सौ लोगों की जांच की गई।इसमें मोतिहारी के सुप्रसिद्ध और अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आए हुए मरीजों की इलाज की।इन मरीजों को मुफ्त में दवा भी मुहैया कराई गई।इस शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ जमाल अख्तर,हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निरंजन सागर व गजाला सागर,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश कुमार,डॉ एस प्रसाद,डॉ मुकेश कुमार, पीएमसीएच के डॉ सुशील कुमार,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कुमारी,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार सिंह,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश कुमार,डॉ श्रीभगवान प्रसाद आदि ने अपनी सेवा दी।मौके पर मुखिया किशोरी सहनी,सरपंच ध्रुव प्रसाद,ख्वाब फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष टी वाई साहब,अरुण कुमार,मयंकेश्वर, जीतन पासवान,मुकेश कुमार,विश्वास कुमार,संजय कुमार,कामेश्वर सहनी,पवन कुमार,व्यास कुमार,कृष्णंदन कुमार,मौसम कुमार,नरेश कुमार,विवेक कुमार,मनीष कुशवाहा,अमित,नकुल कुमार,आशीष कुमार ,धर्मेंद्र कुमार,राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सदन में हंगामे के बाद विपक्ष का राजभवन मार्च:BJP विधायक बचौल के बयान के खिलाफ हुआ हंगामा, सफाई देने के बाद भी नहीं माने



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बजट सत्र के दूसरे दिन आज डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री ने बजट पेश किया। हालांकि, बजट पेश होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर नंदकिशोर यादव को धन्यवाद ज्ञापन करना था। लेकिन, विपक्ष ने हंगामा कर दिया। सदन में हंगामे के बाद विपक्ष राजभवन मार्च पर निकल गया। इखढ विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल के बयान को लेकर विपक्ष नाराज है। उन्होंने मुसलमानों से वोटिंग का अधिकार ले लेने की बात कही थी।

सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले भी आज कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया था। कांग्रेस के विधायक काला पट्टा लगाकर पहुंचे थे। दरअसल, विपक्ष के नेतागण हरिभूषण ठाकुर बचौल को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की बात कह रहे थे। हालांकि, बचौल ने सदन में सफाई दी। लेकिन, विपक्ष नहीं माना।

राज्यपाल फागू चौहान से मिलने के बाद राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि हम लोगों ने संयुक्त रूप से राज्यपाल से मुलाकात की। लोकतंत्र की हो रही हत्या से उन्हें अवगत करवाया और उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि उनके अधिकार क्षेत्र में जितना आता है, उतना वह कार्रवाई करेंगे। वहीं, राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा है कि हम लोग कल रणनीति बनाएंगे। उसके बाद परसों बताएंगे कि सदन आगे चलेगी या नहीं।

## चंगेरी मिजार्पुर गांव में नए शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा!



» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। जिले के बाराहाट प्रखंड क्षेत्र साहित्यकारों के गांव चंगेरी मिजार्पुर में नए शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला लाल पीले वस्त्र पहने माथे पर कलश लिए कतार बंद होकर कलश शोभा यात्रा की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। कलश शोभा यात्रा चंगेरी बिंद टोला स्थित मंदिर प्रांगण से मुख्य मार्ग होते हुए पुनसिया बाजार स्थित बाबा दुखहरण नाथ महादेव में सभी श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से जल भरा फिर चंगेरी मिजार्पुर के लिए आते के क्रम में सभी श्रद्धालुओं जगह जगह सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। कल महाशिवरात्रि के मौके पर नए शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा इस मंदिर की स्थापना चंगेरी मिजार्पुर ग्राम वासी के विशेष सहयोग से किया जा रहा है।इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खांसी उत्साह देखने को मिल रहा है महीने भर से तैयारी कर रहे सक्रिय युवाओं ने बताया कलश शोभायात्रा के बाद 24 घंटे राम धुन का कार्यक्रम होना है वैसे तो महीने भर से माताओं के द्वारा गीत मंगल गाकर माहौल को पूर्ण भक्तिमय बना दिया है। बाराहाट के प्रमुख खुशबू कुमारी व पूर्व प्रमुख राजेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग बिभीषन कु सहनी डॉ सदानंद कुमार आलोक कुमार पोखन बिन्द अमरजीत कुमार, योगेंद्र बिन्द लंकेश कुमार पवन कुमार सुभाष कुमार सोहित कुमार बंसीधर बिन्द बैंजो कुमार रामधन बिन्द देवानंद बिन्द रिंकू पंडित बबलू मंडल, संजय पंडित दिलीप बिन्द नवलकिशोर चक्रबर्ती माकुन बिन्द ने योगदान दिया।

## बिहार में शराब पीकर पकड़ाने पर भी जेल जाने से बच सकेंगे, कानून करेगी मदद, लेकिन करना होगा ये काम...

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार में शराबबंदी को सख्ती से लागू कराने के लिए उत्पाद विभाग लगातार नयी तैयारी कर रहा है. शराब का सेवन करने वालों से अधिक अब शराब का कारोबार पसारे हुए माफिया उत्पाद विभाग के निशाने पर हैं. वहीं अदालतो में शराब मामले के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए भी अब उत्पाद विभाग ने नयी तैयारी की है.

अगर कोई व्यक्ति शराब का सेवन करने के बाद पकड़ा जाता है तो वो जेल जाने से तब बच सकता है जब वह शराब माफिया के बारे में पुलिस को जानकारी दे दे. यानी जहां से शराब खरीदा गया उसकी जानकारी देनी होगी. इसके बाद अगर उसके दिये सूचना पर धंधेबाज पकड़ा जाता है जब जाकर वह व्यक्ति जेल जाने से बच सकता है. कानून उसकी मदद करेगी.मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के डिप्टी कमिश्नर कृष्णा पासवान ने यह जानकारी दी है. आज बैठक में हुए फैसले के तहत बिहार पुलिस और मद्य निषेध व उत्पाद विभाग को विशेष अधिकार दिया गया. बिहार की जेलों में शराब का सेवन करने के बाद पकड़ाने वाले कैदियों की संख्या बढ़ती जा रही है. जेलों पर बढ़े लोड को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है.बता दें कि पिछले साल केवल दस महीने के अंदर बिहार में करीब 50 हजार लोगों को शराब मामले में जेल भेजा गया था. इसकी संख्या में अब और बढ़ोतरी हो गयी है. वहीं हाल में ही सुप्रीम कोर्ट ने भी शराबबंदी कानून को लेकर सरकार के ऊपर सवाल खड़े कर दिये. जेलों में शराब कांड से जुड़े मामलों में बढ़ रहे कैदियों की संख्या और अदालतों में शराब से जुड़े मामले में जमानत याचिकाओं की बढ़ी संख्या पर अदालत ने चिंता जाहिर की थी.

गौरतलब है कि बिहार में शराब मामले को लेकर उत्पाद विभाग की टीम अब और अधिक सक्रिय हो गयी है. पुलिस को ड्रोन कैमरे और मिनी हेलिकॉप्टर मुहैया कराये गये हैं. वहीं पुलिस की सक्रियता बढ़ी तो शराब माफियाओं ने नये-नये तरीके ढूंढ निकाले हैं जिसके सहारे तस्करी जोरों पर की जा रही है.

## खोदावंदपुर पंचायत समिति की बैठक में उठाया गया विभिन्न समस्याओं का मुद्दा, अनुपस्थित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पहली बार सोमवार को खोदावंदपुर पंचायत समिति की बैठक हुई.प्रखंड मुख्यालय स्थित कपूर्री भवन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड प्रमुख संजू देवी ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया.प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी हेमनारायण महतो ने पिछले बैठक के मुद्दों एवं कृत कार्रवाई से सदन को अवगत कराया. बैठक में सभी सदस्यों ने पंचायत समिति की बैठक के आयोजन की सूचना का पत्र एक सप्ताह पूर्व हस्तगत कराये जाने का मांग किया.बैठक में मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह ने इस बैठक में अनुपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, पीएचइडी के कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, विधुत विभाग के कनीय अभियंता के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव लाते हुए इन सबों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.उन्होंने महत्वपूर्ण बैठक में स्थानीय सांसद, विधायक, विधान पार्षद एवं जिला पार्षद के नहीं आने पर आपत्ति जतायी. वहीं पंसस मिथलेश कुमार मिश्रा ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिदुलिया में राशि आवंटन के बाद भी विद्यालय भवन नहीं बनने का मुद्दा उठाया.उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मेघौल के जर्जर भवन की मरम्मती करवाये जाने की मांग की. इस मौके पर पंसस जुनैद अहमद ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुरुल्लाहपुर में एक शिक्षक के भरोसे विद्यालय चलने की बात कहीं. उन्होंने इस विद्यालय में रिक्त पदों के अनुरूप शिक्षकों के पदस्थापन की मांग की. उपप्रमुख नरेश पासवान ने पशु शेड बनाने वाले पशुपालकों को इस मद की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने पर चिंता जताई. उन्होंने पशुपालकों को इस मद की राशि दिए जाने की मांग की.साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में चयनित किए गये कई सेविका सहायिका को चयन पत्र नहीं दिये जाने का मामला उठाया एवं लंबित मानदेय भुगतान की मांग की. वहीं पंसस अंजना कुमारी ने बताया कि बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड 7, 8, 9, 10, 12 एवं 13 के लाभुकों को खाद्यान्न लेने के लिए लगभग चार किलोमीटर दूरी तय कर फफौत पंचायत के तारा गांव जाना पड़ता है.जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है.उन्होंने बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के लाभुकों को अपने ही पंचायत में खाद्यान्न उपलब्ध करवाये जाने की मांग की. इसके अलावे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा, विधुत आदि से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी. बैठक में बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, बीईओ दानी राय, बीसीओ अजीत शर्मा, मनरेगा जेई अरुण कुमार मिलन, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश सिंह, प्रभारी बीएओ श्याम किशोर शर्मा, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के जेई भरत कुमार, राजवाला वर्मा, मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, इरशाद आलम, उमा कुमार चौधरी, उषा देवी, शोभा देवी, पंसस विनोद सहनी, किरण देवी, कुमारी मेनका, शहाना खातुन, नीतू देवी, मालती देवी समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद थे.

## आपसी घरेलू विवाद में दो घायल!



» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। बांका जिला के रजौन प्रखंड के जगन्नाथपुर गांव में आपसी घरेलू विवाद को लेकर दो पक्ष भीड़ गए। जिसमें एक पक्ष के गुड़िया देवी और फंटूश राम घायल हो गए और वह घायल अवस्था में ही थाने पहुंची। जहां उसने आवेदन देते हुए कहा है की सोमवार की सुबह जब मैं घर पर अकेली थी तब बुद्धन राम गलत नियत से घर में प्रवेश कर गया। और हमने जब विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गया इसी बीच हो हल्ला सुनकर जब मेरे पति फंटूश राम मुझे बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी बुद्धन राम ने अपने साथी के साथ मिलकर बुरी तरह पिटाई कर दी। इधर द्वितीय पक्ष का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद है। जबकि थाने से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# बिहार के 108 भ्रष्ट अधिकारियों पर चलेगा मुकदमा: सरकार ने कहा- जल्द सभी के खिलाफ अभियोजन की दी जाएगी स्वीकृति

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बिहार के भ्रष्ट पदाधिकारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई शुरू हो सकती है। विधानसभा के बजट सत्र में इखढ विधायक संजय सरावगी के सवाल के जवाब में सरकार ने इसका आश्वासन दिया है। सरकार का पक्ष रखते हुए मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, 'भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन (मुकदमा चलाने) की स्वीकृति जल्द दी जाएगी।' चौधरी ने कहा, 'जिन-जिन विभागों की अभियोजन की स्वीकृति लंबित है उसका मुख्य सचिव स्तर से विभाग के सचिवों और प्रधान सचिवों के साथ बैठक कर स्वीकृति दे दी जाएगी।'

**विधायक ने कहा- टाइम फ्रेम में हो कार्रवाई**

विधायक संजय सरावगी ने मांग की है कि चलते सदन में अधिकारियों पर अभियोजन शुरू करने का आदेश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि कई भ्रष्ट अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाते हैं। उनकी मृत्यु हो जाती है। इस पर मंत्री ने कहा कि यह अलग-अलग मामला है। मंत्री ने बताया कि सबसे पुराना मामला 1999 का है। इसमें कई प्रकार के मामले होते हैं। पद के दुरुपयोग से संबंधित मामले में देर होती है। देर होना अच्छी बात नहीं है। हम लोग इसकी समीक्षा कर रहे हैं। शीघ्र समयबद्ध कर के अभियोजन शुरू की जाएगी।

**क्या है पूरा मामला**

राज्य के 125 भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का मामला अधिकारियों ने लटका रखा है। स्वीकृति न मिलने के कारण निगरानी विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। निगरानी विभाग ने अधिकारियों के रवैये से तंग आकर सामान्य प्रशासन विभाग को डोजियर सौंपा है, इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग हरकत में आ गया है।

**निगरानी विभाग ने समय से स्वीकृति की मांग की है**

निगरानी विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग को कहा है कि राज्य के अलग अलग विभाग व जिलों में अभियोजन स्वीकृति का मामला लम्बे समय से लटका है। नियंत्री पदाधिकारी से स्वीकृति में देरी के कारण इन भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर नियंत्री पदाधिकारी की स्वीकृति समय रहते मिल जाये तो भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई में देर नहीं लगेगी।

**इन विभागों के अफसरों पर गिर सकती है गाज**

विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग पटना में एक
मानव संसाधन विकास विभाग में 39
ग्रामीण विकास विभाग में 14
ग्रामीण कार्य विभाग में तीन



ईख विभाग में दो
दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में एक
पंचायती राज विभाग में दो
स्वास्थ्य विभाग में दो
पीएमसीएच पटना में एक
भवन निर्माण विभाग में एक
पथ निर्माण विभाग में एक
समाज कल्याण विभाग में दो
महालेखाकार कार्यालय में दो
गृह विभाग में एक
पटना विश्वविद्यालय में तीन
श्रम संसाधन विभाग में एक
सहकारिता विभाग में एक
जल संसाधन विभाग में एक
बिहार स्टेट इलेक्ट्रानिक कॉपोरेशन में तीन
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में एक
निबंधन सहयोग समिति में एक
जिला परिषद गया में दो
प्रधान डाकपाल जीपीओ पटना में दो
वन एवं पर्यावरण विभगा में छह
पथ निर्माण विभाग में एक
सांख्यिकी निदेशालय में एक
पटना कलेक्ट्रेट में एक
मुजफ्फरपुर कलेक्ट्रेट में आठ
बेगुसराय कलेक्ट्रेट में एक
गोपालगंज कलेक्ट्रेट में एक
समस्तीपुर कलेक्ट्रेट में एक
पश्चिमी चंपारण कलेक्ट्रेट में एक
मधुबनी कलेक्ट्रेट में एक

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने कोढ़ा के थानाध्यक्ष को किया सम्मानित



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिला के कर्मठ ऊजार्वान शराब तस्करों में खौफ पैदा करने वाले कोढ़ा थाना के थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा गैलंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ।कोढा.थाना के थानाध्यक्ष रुपक कुमार सिंह को सम्मानित किये जाने पर कोढा प्रखंड जनता दल यू परिवार की ओर से हार्दिक बधाई दिया है। कोढ़ा के जदयू प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बधाई देते हुये कहा कि कोढा.के थानाध्यक्ष से सभी पुलिस पदाधिकारी को प्रेरणा लेना चाहिये। रूपक रंजन सिंह पूर्व में फलका और बलरामपुर थानाध्यक्ष भी रह चुके है।

### घर के बगल स्थित पोखर में डूबने से दो जुड़वा भाई की मौत परिजनों पर दुखों का पहाड़ रो रो कर है बुरा हाल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरिहाना पंचायत स्थित कौआमारी गांव में एक हीं परिवार के दो जुड़वा भाई की डूबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है ।जानकारी के मुताबिक कौआमारी गांव के मो.जावेद आलम का दो जुड़वा बच्चा घर के निकट खेल रहा था ।खेलते-खेलते निकट स्थित पोखर में जा गिरा जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से दोनों सगे भाई की मौत हो गई ।कौआमारी गांव के जावेद आलम के दोनों जुड़वा बेटा लॉकडाउन के समय वर्ष2019में जन्म लिया था ।इत्तेफाक एक साथ जन्म और एक साथ दोनों सगे भाई की मौत हो गई यह काफी दर्दनाक हालात परिजनों के लिए है ।गांव में मातम की स्थिति परिजनों का रो रो कर बुरा हाल माँ बदहवास होकर घर पड़ी हुई है ।घटना की सूचना मिलते हीं अंचलाधिकारी संजय कुमार घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी से अवगत हुए साथ हीं दोनों बच्चे को पोस्टमार्टम हेतु भेजने की परिजनों से आग्रह किया अंचलाधिकारी संजय कुमार ने बताया सरकारी प्रावधान के तहत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को सहायता पहुंचाई जा सकती है। समाचार प्रेषण तक दोनों बच्चे को पोस्टमार्टम हेतु नहीं भेजा जा सका था।

### आजमनगर थानें में 24प्रहर हरिनाम संकीर्तन की तैयारी पूरी श्रद्धालु करेंगे यहां धूम-धाम से पूजा



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। महाशिवरात्रि को लेकर कटिहार जिले के आजमनगर थानें में होने वाली 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन की तैयारी पूरी कर ली गयी है ।मंगलवार को महापर्व के मौके पर गोरखधाम मंदिर सहित आजमनगर थाना,सालमारी ओपी प्रांगण एवं क्षेत्र के अन्य शिवालयों में मंगलवार 1 मार्च की अहले सुबह से हीं जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं का पहुँचना शुरू होगा ।आजमनगर के पंडित दया भूषण मिश्र ने बताया आज1 मार्च मंगलवार को महाशिवरात्रि के मौके पर लाखों श्रद्धालु गोरखधाम सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुँचेंगे,पंडित दया भूषण मिश्र के मुताबिक शिवभक्त इस अवसर पर भगवान भोले को खुश करने के लिए हर तरह से प्रयास करते हैं ।वहीं आजमनगर थाना परिसर में महाशिवरात्रि आयोजन की तैयारी में पूजा कमिटी सदस्यों में अशोक केशरी,रामजी केशरी,गुड्डू भगत उर्फ बाबा, मुखिया डॉ भरत राय,निखिल भगत,नूर परवेज,नदीम असरफी,जय प्रकाश ,अभिषेक भगत ,पंकज भगत, सुमन भगत, राहुल केशरी आदि जुटे दिखाई दिए ।आयोजन को सफल बनाने में आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार सहित उनकी पूरी पुलिस टीम अपेक्षित सहयोग प्रदान कर रही है ।जिसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

### पशु चिकित्सक कि भूमिका में अब होगी जीविका दीदियाँ




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। चनपटिया प्रखंड के अंतर्गत जीविका दीदियाँ संगठित तौर पर अपने जीविकोपार्जन में लगकर माडल बन रही हैं अब ये छोटा-छोटा कारोबार शुरू कर विशेष क्षेत्र में विशेष तरह कि भूमिका निभाने लगी हैं आज चनपटिया प्रखंड कार्यालय में कुल 21 पशु साखियों को मेडीकल किट, बार्डगो कास्टटेटर एवं अन्य का वितरण किया गया जिससे अब ये पशु चिकित्सक कि भूमिका में होगी एक दिन में एक पशु सखी 300 सौ से 400 सौ तक आमदनी कर सकती हैं बकरी पालन के क्षेत्र में पशु सखिया को बकरियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए आवश्यक दवाओं कि जानकारी दी गयी बार्डगो कास्टटेटर जैसे उपकार का इस्तमाल करके खस्सी को बधिया कराने का भी काम करेगी जिससे जीविका दीदियों को ज्यादा लाभ हो सके। मौके पर जीविका जिला कार्यालय बेतिया से डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह पशुधन प्रबंधक, डॉक्टर डीपी भगत एवं श्री ब्रजेश कुमार साह प्रखंड परियोजना प्रबंधक चनपटिया एवं अन्य जीविका कर्मी उपस्थित थे।

# बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा का चुनाव सम्पन्न




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा कटिहार का चुनाव पुलिस केंद्र परिसर में प्रारंभ हो गया है।इस चुनाव को लेकर कुल 8 पदों के लिए 25 फरवरी को नामांकन कराया गया था। सहरसा एवं पटना से प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव टीम द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर मुस्तैदी से मतदान केंद्र पहुंच चुकी है। 8 पदों के लिए हो रहे चुनाव में कुल 2 टीमें हिस्सा ले रही है। जिनमें एक गुट से अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार यादव उपाध्यक्ष पद के लिए शैलेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष पद के लिए रघुवंश कुमार संयुक्त सचिव पद के लिए सैयद नदीम निहाल केंद्रीय सदस्य पद के लिए बबलू कुमार चौड़े अंकेक्षक पद के लिए रवि शंकर कुमार यादव और सचिव पद के लिए देवेंद्र कुमार ने नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश की है।

वही दूसरे गुट में अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार यादव, उपाध्यक्ष पद के लिए अमरेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार, मुकेश कुमार पंडित संयुक्त मंत्री पद के लिए गोरेलाल कुमार केंद्रीय सदस्य पद के लिए ऋतु राय यादव और अंकेक्षक पद के लिए राहुल कुमार ने नामांकन कर अपना दावेदारी पेश किया है। वही एक ऐसे उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार राम थे। जिन्होंने सचिव पद के लिए निर्दलीय लड़ने का फैसला किया और अपना नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है।

फिलहाल जिले के 12 सौ सिपाही आज पुलिस केंद्र पहुंचकर शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कोढा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलासी गांव के वार्ड नंबर 9 के निवासी विश्वनाथ ततमा की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक की उम्र लगभग 52 वर्ष है। सड़क पर चलने के क्रम मे पीछे से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। धक्का लगने के कारण वे सड़क पर गिर गए। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक अकेला कमाने वाला था ।घर में पत्नी के आलावा दो बच्चे है। ग्रामीणो ने बताया कि तीन लडके परीक्षा देने हेतु कटिहार जा रहे थे। ग्रामीणो ने गाडी को कब्जे मे लेकर लडको को जाने दिया। घटनास्थल पर ग्रामीणो ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटनास्थल पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित सिंह, मुखिया ज्ञान चंद्र मंडल, पूर्व सरपंच मुकेश कुमार ठाकुर, वार्ड मेंबर संतोष महालदार कुछ गणमान्य लोगों ने आकर समझाने की कोशिश की। परंतु ग्रामीणो ने मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। कोलासी पुलिस प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर ग्रामीणो को समझाने का प्रयास किया। तब जाकर ग्रामीणो ने जाम को हटाया ।कोलासी पुलिस प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है और सरकारी मुआवजा दिलवाने का आश्वासन भी दिया है।

# गोरखधाम में विधि व्यवस्था का एसडीओ ने लिया जायजा कैमरे से गतिविधियों पर नजर



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। महाशिवरात्रि शिवरात्रि की तैयारी का जायजा लेने के लिए सोमवार को एसडीओ राजेश्वरी पांडे गोरखनाथ धाम पहुंच कर स्थिति से अवगत हुए विधि व्यवस्था की समीक्षा की उन्होंने बताया महाशिवरात्रि का पर्व शांति पूर्ण,सौहार्द के माहौल में मनाये जाने के लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है ।मंदिर परिसर के पास दमकल, एम्बुलेंस, मेडिकल टीम की तैनाती की गयी है ।कोरोना गाइडलाइन के तहत कोरोना जांच एंव कोविंड 19 का वैक्सीनेशन के लिए अलग से मेडिकल कैम्प लगाने की बात कह गए।जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एंव पुरूष के लिए अलग अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गयी है ।साथ ही इस अवसर पर गोरखनाथ धाम के तालाब पर डुबकी लगाने वाले महिलाओं के लिए अलग से चेंज रूम बनाया गया है ।हुरदंगीयों को सख्त हिदायत देते हुए कहा विधि व्यवस्था हेतु सीसीटीवी लगाया गया है ।जो भी हुरदंग करते पकडा जायेगा उसे सख्त सजा दी जायेगी ।श्रद्धालुओं एंव नागरिकों को श्रद्धापूर्वक शिवरात्रि मनाने की अपील करते हुए कहा किसी तरह की परेशानी होने पर दंडाधिकारी प्रशासनिक पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करने पर तुरंत सहायता करने का निर्देश दिया गया है।

# मंदिर न्यास कमिटी:-महाशिवरात्रि आज गोरखधाम सज-धज कर तैयार भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए लाखों श्रद्धालु करेंगे श्वेत मानस लिंग पर जलाभिषेक

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। महाशिवरात्रि को लेकर गोरखधाम मंदिर सहित आजमनगर थानें क्षेत्र के अन्य शिवालयों में तैयारी पूरी कर ली गयी।आज मंगलवार1मार्च को महापर्व के मौके पर

गोरखधाम मंदिर सहित अन्य शिवालयों में मंगलवार1मार्च की अल सुबह से हीं जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं का पहुँचना शुरू हो जाएगा ।वहीं गोरखधाम मंदिर में इसबार महाशिवरात्रि के अवसर पर निर्बान्ध भीड़ जुटने की संभावना मन्दिर न्यास कमिटी के सदस्यों ने जताई है ।गोरखधाम के प्रधान पुरोहित सुरजीत बनर्जी ने बताया कि आज1मार्च मंगलवार को महाशिवरात्रि के मौके पर लाखों श्रद्धालु गोरखधाम सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुँचेंगे ।बनर्जी के मुताबिक शिवभक्त इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिए हर तरह से प्रयास करते हैं ।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव को प्रसन्न कर आशीर्वाद पाना चाहते हैं ।शिवरात्रि के अवसर पर कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ।महाशिवरात्रि



पर चार प्रहर की शिव पूजा करें महाशिवरात्रि के दिन व रात में शिवपुराण का पाठ भी करें ।भगवान भोलेनाथ की पूजा का सबसे बड़ा और पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के दिन जो भक्त शिवजी की चार प्रहर की पूजा करते हैं ।महादेव उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे ।गोरखधाम मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी में मंदिर न्यास कमिटी के पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ बारसोई राजेश्वरी पांडेय के अलावे अन्य सदस्यों में पिंटू यादव,अक्षय सिंह ,अमित अग्रवाल,राधा कांत घोष,राम चंद्र शर्मा,राम चंद्र यादव,शनि यादव सहित अन्य सदस्य महाशिवरात्रि के सफल आयोजन को लेकर अपेक्षित सहयोग कर रहे हैं ।वहीं प्रशासनिक दृष्टिकोण से सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग जिलाधिकारी उदयन मिश्रा,एसपी जीतेन्द्र कुमार,बरसाओ एसडीओ राजेश्वरी पांडेय,बारसोई डीएसपी प्रेमनाथ राम स्वयं कर हीं नहीं रहे हैं ।बल्कि मंदिर परिसर से लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर दंडाधिकारियों सहित पुलिस बलों अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है ।जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे नारायणपुर चौक से मंदिर मार्ग पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

***कहते हैं बारसोई एसडीओः-***

कटिहार जिले के बारसोई अनुमंडल के एसडीओ राजेश्वरी पांडेय ने कहा महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर न्यास कमिटी की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गयी है ।वहीं प्रशासनिक स्तर पर दंडाधिकारीयों सहित पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति विभिन्न चौक चौराहों पर की गई है ।नारायणपुर चौक से मंदिर मार्ग पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

# यूक्रेन में भारतीय छात्रों पर हमला और जुल्म के खिलाफ जाप ने किया पुतला दहन

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार ।जन अधिकार पार्टी लो के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के अवाहन पर शहर के स्थानीय अंबेडकर चौक पर छात्र जिला अध्यक्ष चंदन यादव के नेतृत्व में यूक्रेन में फंसे हुए भारतीय छात्रों को जल्द से जल्द सकुशल घर पहुंचाने को लेकर जाप कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया। वहीं छात्र जिला अध्यक्ष चंदन यादव ने कहा कि यूक्रेन में बीस हजार से अधिक भारतीय छात्र फंसे हुए हैं, जिनके लिए सरकार की कोई पहल नजर नहीं आ रही है, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और उनके विदेश नीति भी पूरी तरह फेल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि आखिर क्या वजह है कि भारत के छात्रों को अन्य देशों में जाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि जल्द से जल्द सरकार यूक्रेन में फंसे हुए भारतीय छात्रों के घर वापसी को लेकर जल्द से जल्द कोई बड़ा फैसला ले। वही मौके पर जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द यूक्रेन में फंसे हुए भारतीय छात्रों को जल्द से जल्द सकुशल घर वापस पहुंचाया जाए उन्होंने कहा कि छात्रों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, उन्होंने कहा कि यूक्रेन में फंसे हुए छात्रों के अभिभावक भी परेशान और हताश हैं । वही प्रदेश महासचिव नैयर मसूद खान ने कहा कि सरकार को हमारे भारतीय छात्रों की परवाह नहीं है, इसलिए इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक सभी छात्रों को युक्रेन से सही सलामत वापस नहीं लाया गया है,उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि जल्द से जल्द सभी छात्रों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए सरकार पहल करें। मौके पर शैलेश दास,अजय पोद्दार, नूर आलम, शुभम सिंह, शमशुल हक,अंकित शर्मा,अब्दुल शकील, संदीप मेहरा,तौसीफ अख्तर, इम्तियाज उल हक, रवि यादव, अनिल कुमार,संजीव कुमार, सहित कई जाप के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रौतारा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के रौतारा पुलिस ने एक शराबी को शराब के नशे में उपद्रव करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सहायक अवर निरीक्षक मंटू कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के हथियादियरा गांव निवासी अब्दुल जलील को शराब पीकर अपने परिजनों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# एसडीओ राजेश्वरी ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर गोरखधाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर कहाँ कौन हैं प्रतिनुक्त पढ़ें पूरी खबर

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। गोरखधाम मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बारसोई एसडीओ राजेश्वरी पांडेय ने गोरखधाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर कहाँ कौन दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है ।जानकारी के मुताबिक गोरखधाम मंदिर परिसर में पामेला टुडू बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आजमनगर,अजय कुमार चंद्रा बीपीआरओ आजमनगर, धनेश्वर कुमार आपूर्ति पदाधिकारी आजमनगर,इनके साथ पुलिस अवर निरीक्षक देव कुमार मिश्रा सलमारी ओपी रहेंगे ।गोरखनाथ मंदिर परिसर के दक्षिण बैरियर पर अनिता कुमारी सीडीपीओ बारसोई,पीओ सत्येंद्र नारायण आजमनगर,सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जयशंकर प्रसाद आजमनगर के साथ पुलिस अवर निरीक्षक राज किशोर प्रसाद आबादपुर थाना रहेंगे ।प्राथमिक विद्यालय गोरखपुर मुख्य द्वार संगीता कुमारी सीडीपीओ कदवा अनिल कुमार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी आजमनगर अशोक कुमार वर्मा प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजमनगर के साथ सहायक अवर निरीक्षक हरीद्वारा पाल बलिया बेलोन थाना साथ रहेंगे ।गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर मयंक आशुतोष आनंद राजस्व अधिकारी आजमनगर अतीत कुमार गौरव प्रखंड अल्पसंख्यक पदाधिकारी बारसोई रामबाबू साह प्रखंड कृषि पदाधिकारी बलरामपुर इनके साथ पुलिस अवर निरीक्षक देवनारायण राम साथ रहेंगे ।हुराहजरा मोर पर बबीता राय सीडीपीओ बलरामपुर पुष्पदंत सिंह बलरामपुर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राज कुमार महतो सहायक अवर निरीक्षक दिनेश चौधरी आजमनगर थाना साथ रहेंगे ।नारायणपुर चौक धर्मशाला के पास रामू कुमार राजस्व अधिकारी बारसोई दिलीप कुमार कनीय अभियंता स्थाई क्षेत्र अभियंता सहायक कार्य प्रमंडल बारसोई टू,इनके साथ रहेंगे सहायक अवर निरीक्षक कमलानंद सिंह सालमारी ओपी,नारायणपुर रेलवे गेट ब्रजकिशोर राम कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बारसोई अरुण कुमार कनीय अभियंता स्थाई क्षेत्र अभियंत्रण



सहायक कार्य प्रमंडल दो बारसोई के साथ प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक प्रेम कुमार सिंह बारसोई थाना रहेंगे ।नारायणपुर ईट भट्ठा के पास अनुज कुमार कनीय अभियंता प्रखंड कार्यक्रम कार्यालय बारसोई सदानंद सिंह कनीय अभियंता प्रखंड कार्यक्रम कार्यालय बारसोई इनके साथ सहायक अवर निरीक्षक रामाशीष प्रसाद बारसोई थाना रहेंगे ।पेट्रोल पंप डोलमारा बजरंगबली मंदिर के समीप सीआई समीम अख्तर आजमनगर अतीक अहमद अंचल निरीक्षक बारसोई इनके साथ रहेंगे पुलिस अवर निरीक्षक जगदीश राम कदवा थाना ।कॉलेज मोर सालमारी रेणु कुमार महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना कार्यालय आजमनगर भागीरथ राम भवेश चंद्र दास इनके साथ रहेंगे पुलिस अवर निरीक्षक बच्चा यादव ।सालमारी रेलवे स्टेशन किरण कुमारी कालेश्वर प्रसाद अनीश कुमार रहेंगे ।सालमारी छठ घाट रेल गेट के पास नंदा कुमारी मुमताज अहमद बीईओ बारसोई,धनेश्वर कुमार एमओ आजमनगर सहायक अवर निरीक्षक सुधाकर आचार्य साथ रहेंगे ।मुकुरिया रेलवे स्टेशन पर मंजू रानी महिला पर्यवेक्षिका आजमनगर अनिल कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बारसोई अरविंद कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कदवा इन सभी को अनुमंडल पदाधिकारी बरसाओ राजेश्वरी पांडेय द्वारा निर्देशित किया गया है ।कि दिनांक4फरवरी से अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर उपरोक्त निर्धारित समय में उपस्थित होकर विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे एवं भीड़ समाप्ति के पश्चात स्थल छोड़ेंगे इनकी ड्यूटी विधि व्यवस्था संधारण हेतु1मार्च2022से 3 मार्च 2022तक वर्णित स्थानों पर श्रद्धालुओं को अपेक्षित सहयोग हेतु पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है ।जो कर्तव्य में लापरवाह पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ईश्वर और देवी के प्रति आस्था से शुद्ध होते हैं विचार, कर्तव्य पथ पर मिलती है नयी ऊर्जा

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बेतिया ईश्वर और देवी दुर्गा के प्रति आस्था से हमारे आचरण और विचार शुद्ध होते हैं। इसके साथ ही आध्यात्मिक विचार से हमारे कर्तव्य पथ पर नयी ऊर्जा मिलने लगती है।उक्त बातें शहर के नामचीन व्यवसायी और नगर निगम की सभापति गरिमा देवी सिकारिया के पति रोहित कुमार सिकारिया ने कही। वे सोमवार को नगर के बस स्टैंड के समीप जर्जर अवस्था में स्थित निमियामाई मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करने के बाद मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं व मंदिर जीर्णोद्धार समिति के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक सड़क हादसे घायल हुईं गरिमा देवी सिकारिया अपने सफल ऑपरेशन के बाद डॉक्टर के परामर्श स्वास्थ्य लाभ कर रहीं हैं।जल्दी ही वे अपने नगर निगम की आम जनता के बीच होंगी। उनके ही अनुरोध के अनुरूप यह शिलान्यास कार्य उनके प्रतिनिधि के रूप में मैंने आज सम्पन्न किया है। इस मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष शक्ति नाथ झा, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, सचिव नीरज सोनकर, बबलू साह, दिनेश कुमार, रवि सिंह, रंजन कुमार, सुमन सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# लक्ष्मीपुर मनोकामना पूर्ण मंदिर पर शिवरात्रि के पूर्व संध्या पे भव्य झांकी का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। सोमवार को परसौना पंचायत के वार्ड नंबर 1 में।लक्ष्मीपुर गांव में मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर पर शिवरात्रि के पूर्व संध्या पर गांव के सम्मानित आदरणीय और समस्त जनता के सौजन्य से हर साल की भांति इस साल भी 24 घंटा रमकोला के मशहूर झाकी कीर्तन के साथ लंगर की व्यवस्था की गई है।बाल्मीकि नगर विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया श्री मुन्ना सिंह चंदेल ने सभी को शिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा की शिवरात्रि के दिन।शक्ति बिना सब सूनाङ्ग.शक्ति चेतना का रूप है और अगर शिव में शक्ति हटाने का प्रयास भी किया जाए तो पीछे शव ही रह जाता है। वही गांव के सम्मानित मनोज सिंह ने कहा शक्ति का शिव और शिव का शक्ति के मिलन की अवस्था हो शिव है।इसलिए शिव को 'अनार्रीश्वर भी कहते है। लालबाबू सिंह वे रामप्रवेश सिंह डॉक्टर साहब ने बताया शिव को ऋग्वेद में रुद्र रूप में पूज्यकर उनके रुद्र स्तवन में स्तुति की है। शिव पुराण, लिंग, पुराण, स्कन्दपुराण, मत्स्य पुराण कर्म पुराण पुराण और ब्रह्मांड पुराण-यह



छह पुराण तो पूर्णतः शैव उपासना से भरे पड़े हैं। वहां स्थानीय सूरज सिंह, अंकित सिंह, सोनी सिंह, उपसरपंच नागेंद्र सिंह, सोनू सिंह रितिक रोशन, धर्मेंद्र सिंह, गुंजन सिंह, अकाश कुमार,मधुरेंद्र सिंह ,सत्येंद्र सिंह, प्रिंस सिंह ,अभिषेक सिंह ,आदि लोगों ने बताया कि मानसिक मंथन करें, तो गहन अंधकार से जागना, स्वयं को उबारना आदि सङ्कल्प हमें शिवरात्रि से सीखने को मिलता है। भारत की परंपरा है कि-सात वारों में 9 उत्सव मनाते हैं क्योंकि उत्सव से उंत्साह, उमंग, ऊर्जा की प्राप्ति होती है। उत्सवों, त्योहार, व्रत-उपवास से हमें शक्ति मिलती है।शिवरात्रि का महत्व इसलिए ज्यादा है क्योंकी ये शिव सङ्कल्प का उत्सव है। आज के की रात शिवलिंग पर रुद्राभिषेक कर सुखी जीवन का संकल्प किया जाता है:- पूर्व प्रमुख मधुबनी मन्नू सिंह चंदेल।।

## संक्षिप्त समाचार

### साठी थाना परिसर में महाशिवरात्रि पुजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को दोपहर बाद साठी थाना परिसर में किया गया थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महाशिवरात्रि के मौके पर विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में दरोगा अरविंद सिंह ,अब्दुल हाफिज, कन्हैया पासवान ,रणविजय सिंह सहित मुखिया पति विनोद ठाकुर अजय सिंह उर्फ सरकारी सिंह, गंगा प्रसाद वर्मा , मंतोष पटेल , विकास निराला ,एनामुल हक ,एवं अन्य कई लोग शामिल रहे।
अ३ ३ॅल्ल३२ंर्१ीं

### नवनियुक्त शिक्षक ने प्रधान शिक्षक के समक्ष किया योगदान..

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया।ठकराहा प्रखंड में शुक्रवार को 16 प्रखंड शिक्षक और 11 पंचायत शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिसमें कुछ शिक्षकों ने शनिवार के दिन ही अपने स्कूल पहुंचकर प्रधान शिक्षक के समक्ष योगदान किया। मेडिकल नहीं बनने के कारण कुछ शिक्षकों के द्वारा सोमवार को प्रधान शिक्षक के समक्ष योगदान किया। प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में नियुक्त शिक्षक ने प्रधान शिक्षक प्रभात रंजन मिश्र के समक्ष अपना योगदान किया। योगदान के बाद प्रधान शिक्षक ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए बताया कि समाज में माता-पिता और गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। मैं उम्मीद करता हूं कि आप लोग गुरु के स्थान को हमेशा ऊंचा रखेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि शिक्षकों के ऊपर समाज के उत्थान और शिक्षा के स्तर को उठाने की जिम्मेदारी है। नवनियुक्त शिक्षक अपने कर्तव्य पथ पर अविचल होकर आगे बढ़े। साथ ही नई चुनौती का सामना करते हुए।शिक्षा के अंतिम लक्ष्य जागृत और शिक्षित समाज के निर्माण में अपना संपूर्ण समर्पण दें। जिससे एक नए समाज का उदय हो सके। वही नवनियुक्त शिक्षक योगदान के समय काफी हर्षित नजर आ रहे थे। और उन लोगों ने बताया कि शिक्षा दान करना सबसे बड़ा दान है हम लोग अपने छात्रों को शिक्षा का दान करेंगे। नवनियुक्त शिक्षकों के योगदान करते समय सचिव पति तारकेश्वर तिवारी,शिक्षक शशि तिवारी,पाल जी,प्रभु राम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### मातृ वंदना योजना, कन्यादान योजना एवं सुकन्या योजनाओं को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं ने की बैठक



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया।ठकराहा प्रखंड कार्यालय में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षिका निर्मला ने की। बैठक में मुख्यरूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना व सुकन्या योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इस बाबत महिला पर्यवेक्षिका निर्मला ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का फॉर्म जमा नहीं हो रहा है। इसी आलोक में आंगनबाड़ी सेविकाओं की यह बैठक की गई है। बताया कि सेविकाओं को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिलाने के लिए लाभुकों का फॉर्म जमा करवाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम दिन सब कामों के साथ बैठक कर उनके केंद्र पर बच्चों की संख्या का विवरण लिया जाता है।मौके पर अर्चना तिवारी, ज्योति तिवारी, चंचला देवी, सुनैना देवी, कंचन कुमारी, विमल राय समेत अन्य सेविका मौजूद थी।

# बिहार में कांग्रेस नेता ऋषि मिश्रा राजद में शामिल हुए

पटना, एजेंसी। बिहार में कांग्रेस नेता ऋषि मिश्रा को लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने राजद में शामिल किया। मिश्रा 2019 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) से नाता तोड़ने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने 2014 में जद (यू) के टिकट पर एक उपचुनाव जीता था, लेकिन एक साल बाद भारतीय जनता पार्टी से हार गए थे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए, मिश्रा ने दावा किया कि वह इसको लेकर आश्वस्त हैं कि ह्यह्यराजद एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बिहार में भाजपा को विश्वसनीय चुनौती दे सकती है।" हालांकि, उन्होंने कांग्रेस और राजद के बीच तनावपूर्ण संबंधों पर कोई टिप्पणी करने से परहेज करते हुए कहा कि यह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय किया जाने वाला मामला है।मिश्रा ने हाल ही में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि वह पार्टी की संभावनाओं की कीमत पर 'स्व-हित' को बढ़ावा दे रहा है। उनका इशारा उन अटकलों की ओर था कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख मदन मोहन झा आगामी विधानपरिषद चुनावों के लिए अपने एक स्वजन के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हैं।

इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि मिश्रा का पार्टी में प्रवेश इसका एक और सबूत है कि राजद ह्यह्यए टू जेड" (समाज के सभी वर्गों) से संबंधित है। मिश्रा ने उत्तर बिहार के मिथिला क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया, जहां उनके परिवार का ब्राह्मणों के बीच अभी भी प्रभाव माना जाता है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव ने तेजस्वी यादव के आवास पर घोषणा की कि वह अपनी पार्टी समाजवादी जनता दल का राजद में विलय करेंगे। यादव ने कहा, ह्यह्यविलय 23 मार्च को राम मनोहर लोहिया की जयंती के दिन होगा।"



जल जीवन हरियाली का संदेश देता नवनियुक्त गुरुजी!

# नवनियुक्त शिक्षक कौशल किशोर ठाकुर पौधा लेकर पहुंचे योगदांन देने !

» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। सूबे के मुखिया नीतीश कुमार जहां जल जीवन हरियाली और वृक्षारोपण पर विशेष जोर दे रहे हैं। और कहीं न कहीं अब यह धरातल पर उतरने लगा है। दरअसल ताजा मामला बांका जिला के रजौन प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जगरनाथपुर रमानी टोला का है। जहां आज नवनियुक्त शिक्षक कौशल किशोर ठाकुर अपना योगदान देने पहुंचे तो साथ में एक आम का पौधा लेकर और अपने योगदान देने के बाद उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार, शिक्षिका स्वरलता कुमारी, और बच्चों के साथ मिलकर पौधा लगाया जिससे चारों ओर चर्चा का विषय बना रहा। जबकि शिक्षक कौशल किशोर ठाकुर बताते हैं कि लगातार वार्मिंग ग्लोबल का खतरा बढ़ रहा है। कम से कम हर इंसान पौधा जरूर लगाएं और इसे जिम्मेदारी समझकर लगाए। वही प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने बताया कि समय के अनुसार नवनियुक्त शिक्षक कौशल किशोर ठाकुर ने अपना योगदान देकर वृक्षारोपण इच्छा जताया। जिसके बाद हम सबों ने मिलकर विद्यालय परिसर में आम का पौधा लगाया। और प्रण लिया गया कि पौधे की रखवाली भी करेंगे। और माह के प्रत्येक रविवार को विद्यालय परिसर में एक पौधा जरूर लगाया जाएगा।



# नीति आयोग के उपाध्यक्ष पंहुचे देवों की नगरी देवघर....

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार का कुण्डा स्थित देवघर एयरपोर्ट पर हुआ। इस दौरान उपाध्यक्ष महोदय के साथ नीति आयोग के विशेष सचिव डॉ के. राजेस्वरा राव एवं उपाध्यक्ष महोदय के निजी सचिव श्री रविंद्र प्रसाद सिंह एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (झारखंड सरकार) के सचिव कृपा नंद झा उपस्थित थे। वहीं मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार व अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने बाबा मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना बाबा बैद्यनाथ से की। पूजा के उपरांत नीति आयोग के उपाध्यक्ष महोदय को उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह समर्पित किया गया।



इसके अलावे मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने कहा कि बाबा मंदिर की सुविधाएं और व्यवस्था भक्तों के लिए अच्छी है और पर्यटन के क्षेत्र में देवघर जिले में अपार संभावनाएं है। भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 09 जिलों का चयन किया गया है। जिसमे देवघर जिले का चयन पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए किया गया है, जिससे आने वाले दिनों में यहाँ और सुविधाएं बढ़ेगी। देवघर जिले के साथ झारखंड के सभी जिलों में काफी क्षमता है।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक श्री धनजंय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार ताराचंद, अनुमंडल पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्ता श्री चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अमित कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्री प्रशांत दीपक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बिहार में अब शराब पीने वाले नहीं जाएंगे जेल, राज्य सरकार का फैसला

पटना, एजेंसी। बिहार में मद्य निषेध विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि अब शराब पीने वाले जेल नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि शराब पीने वाला व्यक्ति तस्कर का पता बताएगा तो उसे छूट मिलेगी। उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तस्कर का सही पता बताने और छापेमारी पर छूट मिलेगी। शराब पीने वाले को जेल नहीं होगी। साथ ही सुरक्षा की जिम्मेदारी भी विभाग की ही होगी। वहीं अब शराब पीने वाले अगर शराब बेचने वाले और किसने उन्हें शराब पिलाई है, यह जानकारी प्रशासन को देंगे तो उसे थाने से छोड़ दिया जाएगा। ऐसी सुविधा वैसे शराबियों को दी जा रही है, जो शराब पीकर पकड़ आते हैं, लेकिन पकड़ आने के बाद शराब जिसने पिलाई है और जहां से शराब लाई है, इसकी जानकारी मिलती है तो उसे रिलैक्सेशन मिलेगा। उसे छोड़ दिया जाएगा और उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी प्रशासन लेगी।

# बिहार के स्वास्थ्य महकमे में नर्स के 62 पदों पर की फर्जी पोस्टिंग



- स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने कहा फर्जी बहाली पदस्थापना आदेश जारी किया
- सभी सिविल सर्जनों से आगाह, ऐसी नर्सों की तलाश खुद अपने स्तर पर करें

पटना, एजेंसी। बिहार में शातिरों द्वारा जालसाजी कर स्वास्थ्य महकमे में फर्जी तरीके से पर बड़े पैमाने पर नौकरी और पोस्टिंग की गई है। शातिरों ने न केवल फर्जी नर्सों की नियुक्ति कर दी बल्कि बकायदा बिहार के विभिन्न सरकारी हॉस्पिटल समय उनकी तैनाती भी करा दी। स्टाफ नर्स ए ग्रेड पद पर 62 लोगों की नियुक्ति कर दी गई। मामले का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में खलबली मची हुई है। बिहार स्वास्थ्य विभाग मामले का खुलासा होने के बाद इसकी छानबीन में जुट गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉक्टर महेश्वर प्रसाद के नाम जारी आदेश पत्र में कहा गया है कि असामाजिक तत्वों द्वारा निदेशालय आदेश ज्ञापांक 122 (6) दिनांक 18 फरवरी से 62 स्टाफ नर्स ए ग्रेड के पद पर फर्जी बहाली और पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। यह पूरी तरीके से फर्जी है। स्वास्थ्य विभाग में बिहार ने सभी सिविल सर्जनों को पत्र के माध्यम से आगाह कर दिया है कि इस तरह से फर्जी बहाली के माध्यम से ऐसे नर्सों की तलाश खुद अपने स्तर पर करें।

अगर इस तरह की नर्सें पहचान में आती हैं और उन्हें चिन्हित कर लिया जाता है तो उनके खिलाफ केस भी दर्ज कराया जाएगा। इधर इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में पटना के सचिवालय थाना में फर्जी तरीके से 62 नर्सों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। नर्सों का नाम पता से संबंधित सूची भी थाने को सौंप दी गई है पता चलते ही इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

# विस अध्यक्ष एवं सदस्यों की गरिमा के मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा

## बिहार विधानसभा में विपक्ष ने सरकार से मांगा जवाब



पटना, एजेंसी। बिहार विधानसभा अध्यक्ष के साथ लखीसराय में उपाधीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार पर सरकार के रुख से नाराज विपक्षी दलों ने आज सभाध्यक्ष एवं सदस्यों की गरिमा के मुद्दे को लेकर जबरदस्त हंगामा किया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के सदस्यों ने इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। इस बीच मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य सचेतक ललित यादव ने इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सभाध्यक्ष सदन के संरक्षक होते हैं और जब उनकी गरिमा को बनाए नहीं रखा जा सकता तो सदन के अन्य सदस्यों की गरिमा भी खतरे में है। उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार से जवाब देने की मांग की।

इस पर भाजपा विधायक संजय सरावगी ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विशेषाधिकार नोटिस पर अपना पक्ष रखने के लिए बुलाई गई बैठक में शामिल होने के बाद मीडिया में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का आचरण बेहद आपत्तिजनक रहा। उन्होंने कहा कि किसी भी सदस्य की भावना आहत होने के बाद उन्हें विशेषाधिकर नोटिस भेजने का अधिकार है। सभाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सदस्यों से मुद्दों के समाधान के लिए सदन में शांति-व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया और कहा कि सभी की गरिमा की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से इस मुद्दे पर सरकार के जवाब को शांति से सुनने का भी अनुरोध किया।

# रूस की मुद्रा रूबल में फिर से बड़ी गिरावट

## करेंसी डॉलर के मुकाबले रूबल करीब 30 फीसदी टूटी



मास्को, एजेंसी। यूक्रेन के साथ जारी जंग और अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों के साथ तनातनी के बीच रूस की मुद्रा रूबल में एक बार फिर से बड़ी गिरावट आई है। सोमवार को यह करेंसी डॉलर के मुकाबले करीब 30 फीसदी टूट गई और नए रिकॉर्ड लो लेवल पर आ गई। ऐसा माना जा रहा है कि पश्चिमी देशों के कड़े प्रतिबंधों का असर अब साफ दिखने लगा है। अमेरिका समेत कनाडा, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी जैसे देशों ने पहले रूस के खिलाफ हल्के प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था। हालांकि रूस पर इन कदमों का कोई असर नहीं हुआ और उसने यूक्रेन के ऊपर हमला बोल दिया। इसके बाद अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने प्रतिबंध कड़े कर दिए। अब न सिर्फ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन प्रतिबंधों के दायरे में आ चुके हैं। बल्कि रूस का सेंट्रल बैंक भी इसका शिकार बन चुका है। इसके अलावा रूस को इंटरनेशनल पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट से भी बाहर करने की तैयारी है। करेंसी मार्केट में डॉलर और येन जैसी सुरक्षित करेंसीज की डिमांड तेज हो गई। रूबल डॉलर के मुकाबले करीब 20 फीसदी गिरकर 119 पर आ गया। अन्य करेंसीज को देखें तो यूरो में भी सोमवार को गिरावट देखने को मिली। यह डॉलर के मुकाबले 0.76 फीसदी, जापानी करेंसी येन के मुकाबले 0.73 फीसदी और स्विस फ्रैंक के मुकाबले 0.60 फीसदी के नुकसान में रही। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ऑस्ट्रेलियाई करेंसी में 0.75 फीसदी की गिरावट आई। न्यूजीलैंड की करेंसी 0.79 फीसदी तो ब्रिटिश स्टर्लिंग में 0.29 फीसदी की गिरावट देखने को मिली।

# एफपीआई ने फरवरी में भारतीय बाजारों से 35,506 करोड़ निकाले




नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय बाजारों से 35,506 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह लगातार पांचवां महीना है जबकि एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल रहे हैं। एफपीआई अक्टूबर, 2021 से लगातार भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। फरवरी, 2022 में एफपीआई की निकासी मार्च, 2020 के बाद सबसे ऊंची रही है। उस समय एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 1,18,203 करोड़ रुपए निकाले थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा प्रोत्साहन उपायों को वापस लेने और देर-सवेर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद से एफपीआई की निकासी तेज हुई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रूस-यूक्रेन तनाव की वजह से भी एफपीआई सतर्कता का रुख अपना रहे हैं और भारत जैसे उभरते बाजारों से दूरी बना रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 25 फरवरी के दौरान शेयरों से 31,158 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 4,467 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने हाइब्रिड उत्पादों में 120 करोड़ रुपए डाले हैं। एफपीआई का रुख डॉलर के मुकाबले रुपए के रुख, कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका में बांड पर प्रतिफल से तय होता। अमेरिका में 10 साल के बांड पर रिटर्न बढ़ने पर एफपीआई बांड बाजार में निवेश को तरजीह देते हैं। फिलहाल ये सभी चीजें एफपीआई को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में एफपीआई आगे और निकासी कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंसेक्स 870 अंक गिरा, निफ्टी 16,400 पर

मुंबई, एजेंसी। रूस और यूक्रेन तनाव और गहराने के बीच निवेशकों की कमजोर भावनाओं के कारण सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स की शुरूआती कारोबार में कमजोरी के साथ शुरूआत हुई। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 869.33 अंक की गिरावट के साथ 54,989.19 पर था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 233.80 अंक की गिरावट के साथ 16,424.60 पर आ गया। सेंसेक्स में पावरग्रिड, टाटा स्टील और सन फार्मा को छोड़कर सभी शेयर लाल निशान में थे। इससे पहले शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,328.61 अंक चढ़कर 55,858.52 पर बंद हुआ था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 410.45 अंक बढ़कर 16,658.40 पर पहुंच गया था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे टूटा

मुंबई, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे टूटकर 75.33 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर खुला। रुपया 75.78 और 75.70 के सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। शुरूआती सौदों में स्थानीय मुद्रा अपने पिछले बंद भाव से 40 पैसे की गिरावट के साथ 75.73 पर थी। रुपया पिछले सत्र में 27 पैसे की तेजी के साथ 75.33 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्न वाला डॉलर सूचकांक 0.78 प्रतिशत बढ़कर 97.37 पर था।

### अमरूद का निर्यात अप्रैल-जनवरी में बढ़कर 20.9 लाख डॉलर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-जनवरी 2021-22 में अमरूद का निर्यात बढ़कर 20.9 लाख अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-जनवरी 2013-14 में 5.8 लाख अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत से ताजे फलों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ताजे फलों के प्रमुख निर्यात स्थलों में बांग्लादेश, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, नेपाल, ईरान, रूस, सऊदी अरब, ओमान और कतर शामिल हैं। बयान के मुताबिक दही और पनीर का निर्यात भी अप्रैल-जनवरी 2021-22 में बढ़कर तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-जनवरी 2013-14 में एक करोड़ डॉलर था। डेयरी उत्पादों के प्रमुख निर्यात स्थलों में यूएई, बांग्लादेश, अमेरिका, भूटान, सिंगापुर, सऊदी अरब, मलेशिया, कतर, ओमान और इंडोनेशिया शामिल हैं।

### बीएसईएस का डिजिटल पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना महामारी और इससे होने वाले व्यवधानों से सबक लेते हुए बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपनी ग्राहक सेवाओं के डिजिटलीकरण पर जोर दे रही है। बीएसईएस ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कई डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि इन सेवाओं को विभिन्न डिजिटल मंचों के लिए बनाया गया है ताकि उपयोगकताओं को बीएसईएस की सेवाएं मिलती रहें। इस क्रम में बीएसईएस ने सोशल मीडिया मंच व्हाट्सऐप का इस्तेमाल भी शुरू किया है। व्हाट्सऐप सेवा के जरिए बिजली न आने की शिकायत, मीटर रीडिंग और बिजली बिल डाउनलोड करने के अलावा बिल का भुगतान भी किया जा सकता है। ग्राहक व्हाट्सऐप के जरिए नए कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### ब्रिगेड की बिक्री नौ महीनों में 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल्टी फर्म ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,994.8 करोड़ रुपए हो गई। बेंगलूरु स्थित कंपनी ने निवेशकों के समक्ष अपनी प्रस्तुति में कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2021 की अवधि में उसने 1,994.8 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तयों की बिक्री की है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,749.1 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 के पहले नौ महीनों में उसकी कुल बिक्री बुकिंग में आवासीय इकाइयों के खंड का योगदान 1,957.4 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में रहे 1,668.2 करोड़ रुपए से 17 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, आलोच्य अवधि में वाणिज्यिक खंड की बिक्री 54 प्रतिशत गिरकर 37.4 करोड़ रुपए पर आ गई। अप्रैल-दिसंबर 2020 में वाणिज्यिक संपत्तियों की बिक्री 80.9 करोड़ रुपए रही थी।

### मारुति सुजुकी के असली कलपुर्जे ऑनलाइन उपलब्ध

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की प्रमुख कार विनिमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी ने सोमवार को कहा कि उसके असली कलपुर्जे भारत के 100 से अधिक शहरों में ऑनलाइन ऑर्डर पर उपलब्ध हैं। कंपनी ने कहा कि इस समय 2,000 से अधिक मारुति सुजुकी के असली कलपुर्जे ऑनलाइन उपलब्ध हैं और इस पहल में अधिक उत्पादों को शामिल किया जाएगा।

# देश के 3.6 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने निविदा निरस्त



नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड (बीबीएनएल) ने 16 राज्यों के 3.6 लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर आधारित हाई स्पीड ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जोड़ने के लिए जारी 19,000 करोड़ रुपए की निविदा को योग्य बोलीदाता नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया है। इस परियोजना को पिछले साल जून में भारतनेट अभियान के तहत मंजूरी दी गई थी। इसके तहत 16 राज्यों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के साथ कुल 29,430 करोड़ रुपए के निवेश से ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाने की मंजूरी दी गई थी। केंद्र ने इस परियोजना के लिए व्यवहार्यता-अंतर वित्त पोषण के रूप में 19,041 करोड़ रुपए देने की मंजूरी दी थी। इस परियोजना को नौ हिस्सों में विभाजित किया गया था, और प्रत्येक हिस्से के लिए अलग-अलग निविदाएं जारी की गई थीं। जानकारी के मुताबिक, बीबीएनएल ने नौ निविदाओं में से प्रत्येक के लिए किसी भी बोलीदाता के नहीं आने के कारण इन्हें रद्द करने का फैसला किया गया है। इस संबंध में बीबीएनएल को भेजे गए एक ई-मेल का कोई जवाब नहीं आया। हालांकि एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि कुछ फर्मों ने निविदा के तहत बोली लगाई थी, लेकिन मूल्यांकन के दौरान वे योग्य नहीं पाए गए। नाम न बताने की शर्त पर सूत्र ने कहा कि उद्योग से परामर्श के बाद फिर से टेंडर निकाला जाएगा। सरकार गांवों को जल्द से जल्द ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बायोकॉन बायोलॉजिक्स खरीदेगी वियाट्रिस के बायोसिमिलर कारोबार




नई दिल्ली, एजेंसी। जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायोकॉन ने सोमवार को कहा कि उसकी सहायक कंपनी बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने 3.335 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 24,990 करोड़ रुपए) में वियाट्रिस इंक के बायोसिमिलर कारोबार खरीदने के लिए एक समझौता किया है। बायोकॉन ने कहा कि बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने एकीकृत वैश्विक बायोसिमिलर उद्यम बनाने के लिए वियाट्रिस इंक के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है, जिसके तहत उसके बायोसिमिलर कारोबार का अधिग्रहण किया जाएगा। बयान के मुताबिक समझौते के तहत वियाट्रिस को 3.335 अरब अमेरिकी डॉलर तक मिलेंगे, जिसमें 2.335 अरब अमेरिकी डॉलर तक नकद और शेष बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड में अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) के रूप में मिलेंगे। दोनों कंपनियों के निदेशक मंडल ने इस लेनदेन को मंजूरी दे दी है और सौदा मौजूदा साल की दूसरी छमाही में पूरा होने की उम्मीद है। बयान में आगे कहा गया कि अधिग्रहण से बायोकॉन बायोलॉजिक्स को एक व्यापक पोर्टफोलियो बनाने में मदद मिलेगी, जिसमें वाणिज्यिक इंसुलिन, ऑन्कोलॉजी और इम्यूनोलॉजी बायोसिमिलर की वर्तमान श्रृंखला के साथ ही कई अन्य बायोसिमिलर संपत्तियां शामिल हैं। बायोकॉन बायोलॉजिक्स की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार-शॉ ने कहा कि वियाट्रिस के साथ दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी से कंपनी बायोसिमिलर उद्योग के लिए नए मानक स्थापित कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी में सभी हितधारकों का लाभ है।

## महाराष्ट्र की परली ताप बिजली संयंत्र की एक इकाई बंद



औरंगाबाद, एजेंसी। कोयले की कमी के चलते महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित परली ताप बिजली संयंत्र में तीन बिजली उत्पादन इकाइयों में से एक को बंद कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। परली ताप बिजली संयंत्र महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी (महाजेनको) के कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में से एक है। संयंत्र की तीन इकाइयों में से प्रत्येक प्रतिदिन 250 मेगावाट बिजली पैदा कर सकते हैं। बिजली संयंत्र के एक अधिकारी ने बताया कि एक इकाई 25 फरवरी को बंद कर दी गई थी और कोयले की आपूर्ति अभी भी सुचारू नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि तीनों इकाइयों को पूरी क्षमता से चलाने के लिए आमतौर पर 30,000 टन कोयले की आवश्यकता होती है। इस समय संयंत्र में लगभग 16,000 टन कोयला है।

## अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों का निलंबन अगले आदेश तक जारी: डीजीसीए



नई दिल्ली, एजेंसी। विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को कहा कि देश में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों के निलंबन को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले 19 जनवरी को निलंबन 28 फरवरी तक बढ़ा दिया गया था। कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के बाद 23 मार्च, 2020 से भारत में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें निलंबित हैं। हालांकि इसके बाद गठित एयर बबल व्यवस्था के तहत जुलाई 2020 से भारत और लगभग 45 देशों के बीच विशेष यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को एक परिपत्र में कहा कि सक्षम प्राधिकारी ने भारत से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं के निलंबन को अगले आदेश तक बढ़ाने का फैसला किया है। परिपत्र में कहा गया कि यह प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ानों तथा डीजीसीए द्वारा विशेष रूप से मंजूरी प्राप्त उड़ानों पर लागू नहीं होगा।

# यूक्रेन पर हमले के बाद रूस अरबपतियों को 126 बिलियन का नुकसान

## एलेकपेरोव को सबसे ज्यादा नुकसान, संपत्ति में 3.8 बिलियन डॉलर की गिरावट



मास्को, एजेंसी। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद सबसे ज्यादा नुकसान रूस को ही हो रहा है वो भी आर्थिक तौर पर। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस अरबपतियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अब तक रूसी अरबपतियों को करीब 126 अरब डॉलर नुकसान हुआ है। वहीं पुतिन ने प्रमुख बिजनेसमैन के साथ मुलाकात की और कहा कि यूक्रेन पर हमले के अलावा हमारे पास कोई उपाय ही नहीं था। जानकारी के मुताबिक रूस के करीब 116 अरबपतियों को 16 फरवरी से अब तक करीब 126 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। कम से कम 5 ऐसे अरबपति तो ऐसे ही जिनकी जिनकी दौलत 1-1 बिलियन डॉलर से ज्यादा गिरी है। रूस के सबसे अमीर व्यक्ति वाजित एलेकपेरोव को इस बदलाव से सबसे ज्यादा घाटा उठाना पड़ा है। एलेकपेरोव की दौलत में 3.8 बिलियन डॉलर यानी 15.4 फीसदी की गिरावट आई है। एलेकपेरोव कभी कैस्पियन सागर के तेल के कुएं में काम करते थे। बाद में वह सोवियत के समय में तेल मंत्री बने। अभी वह रूस की सबसे बड़ी प्राइवेट तेल कंपनी के चेयरमैन हैं, उन्हें पुतिन का करीबी माना जाता है।

गौरतलब है कि रूस ने जैसे ही यूक्रेन पर हमला किया, दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी बिकवाली शुरू हो गई। रूस के शेयर बाजार मॉस्को एक्सचेंज में बिकवाली के डर से पहले ट्रेड को ही सस्पेंड कर दिया गया था। बाद में जब मार्केट खोला गया तो करीब-करीब 50 फीसदी की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई। बता दें कि अमेरिका, इंग्लैंड समेत कई देशों ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों का ऐलान किया। इन प्रतिबंधों के दायरे में रूस के कई बैंक, बड़ी कंपनियां और बिजनेसमैन भी लाए गए हैं। इन प्रतिबंधों का रूसी अरबपतियों पर सीधा असर पड़ रहा है।

# यूक्रेन और रूस संकट से बढ़ सकती हैं बीयर की कीमतें



नई दिल्ली, एजेंसी। गर्मियों का मौसम शुरू होने वाला है जिसमें बीयर कंपनियों की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। बीयर जौ से बनती है और यूक्रेन दुनिया में सबसे ज्यादा जौ उपजाने वाले पांच प्रमुख देशों में शामिल है। जानकारों का कहना है कि यूक्रेन में चल रही जंग के कारण जौ की ग्लोबल सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इससे बीयर की कीमत में इजाफा हो सकता है। देशभर में 31 से अधिक कैफे और बार चलाने वाली कंपनी बीयर कैफे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दो साल गर्मियों में कोरोना लॉकडाउन के कारण बीयर की बिक्री प्रभावित हुई। अब यूक्रेन संकट ने सप्लाई चेन प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है। प्रीमियम बीयर ब्रांड के अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन संकट के कारण सेक्टर पर मार्जिन प्रेशन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जौ की कीमत काफी बढ़ गई है और यूक्रेन संकट से शॉर्ट से मीडियम टर्म में कीमतें बढ़ सकती हैं। बीयर कंपनियां तुरंत कीमत बढ़ाएंगी या नहीं यह देखना होगा। कुछ मामलों में यह सरकार तय करती है। बीयर कंपनियों की सालाना बिक्री में 40 से 45 फीसदी मार्च से जुलाई के दौरान होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन संकट के कारण जौ की वैश्विक आपूर्ति बाधित होगी, जिससे ग्लोबल मार्केट में इसकी कीमतें चढ़ेंगी। भारत में भी स्वाभाविक तौर पर जौ के दाम बढ़ जाएंगे। इससे बीयर की कीमत में भी तेजी आ सकती है।

# गूगल ने प्ले पास किया शुरू, बिना विज्ञापन 1,000 ऐप की पेशकश




नई दिल्ली, एजेंसी। गूगल ने सोमवार को प्ले स्टोर में प्ले पास सेक्शन शुरू करने की घोषणा की, जिसमें एक निश्चित मासिक या वार्षिक शुल्क पर बिना विज्ञापन के 1,000 से अधिक ऐप और गेम की पेशकश की जाएगी तथा उनकी प्रीमियम सुविधाओं तक पहुंच दी जाएगी। प्ले पास संग्रह में गेम, पहेलियां या जंगल एडवेंचर्स, वर्ल्ड क्रिकेट बैटेल जैसे जैसे एक्शन गेम्स शामिल होंगे। इसके जरिए यूटर, यूनिट कन्वर्टर, ऑडियोलैब और फोटो स्टूडियो प्रो जैसे ऐप की पेशकश भी करेगा। कंपनी ने कहा कि प्ले पास 59 देशों के डेवलपर्स से 41 श्रेणियों में 1,000 से अधिक उच्च गुणवत्तापूर्ण और क्यूरेटेड संग्रह की पेशकश करेगा, जिसमें भारत के कई ऐप भी शामिल हैं। उपयोगकर्ता एक महीने के ट्रॉयल के साथ शुरूआत कर सकते हैं और 99 रुपए प्रति माह या 889 रुपए वार्षिक की सदस्यता ले सकते हैं। उपयोगकर्ता 109 रुपए में एक महीने की प्रीपेड सदस्यता का भी लाभ उठा सकते हैं।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद




मुंबई, एजेंसी मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ हालांकि सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार की कमजोर शुरूआत हुई पर इसके बाद यह गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। दिन-भर के कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा।

कारोबार के दौरान दिग्गज कंपनियां रिलायंस इंडस्ट्रीज, ईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीददारी से तेजी आई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 1,025 अंक से अधिक फिसलकर 54,833.50 अंक तक नीचे आ गया। वहीं अंत में यह 388.76 अंक तकरीबन 0.70 फीसदी की बढ़त के साथ ही 56,247.28 अंक पर बंद हुआ।

इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 135.50 अंक तकरीबन 0.81 फीसदी की बढ़त के साथ ही 16,793.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 लाभ में जबकि 17 नुकसान में रहें। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा 6.61 फीसदी की तेजी के साथ सबसे ज्यादा लाभ में टाटा स्टील के शेयर रहे। वहीं 3.29 फीसदी की बढ़त रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में रही। इसके अलावा पावर ग्रिड, टाइटन, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, इन्फोसिस और सन फार्मा के शेयर भी ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज में सबसे ज्यादा 2.81 फीसदी की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक भी गिरे हैं।

# वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर रामदीन का निधन

## एक मैच में सबसे अधिक गेंद फेंकने का है विश्व रिकॉर्ड

जमैका, एजेंसी। वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सोनी रामदीन का निधन हो गया है। रामदीन 92 साल के थे और इंग्लैंड में साल 1950 में पहली बार सीरीज जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के सदस्य भी रहे थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने रामदीन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं भी जाहिर की हैं। रामदीन के नाम अनौखा विश्व रिकॉर्ड है जिसे आज तक कोई भी टीम नहीं तोड़ पायी है। रामदीन के नाम साल 1957 में किसी एक टेस्ट की पारी में सबसे ज्यादा गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है। रामदीन ने 1957 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच की एक पारी में कुल 98 यानी 588 गेंद फेंकी थी और विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस मैच में उन्होंने कुल 774 गेंद फेंकी और दोनों ही वर्ल्ड रिकॉर्ड आज तक बरकरार है हालांकि वह मैच ड्रॉ रहा था। रामदीन इस पारी में कुल 2 विकेट ले पाए। उनके 98 में से 35 ओवर मेडन रहे थे। इस मैच की पहली पारी में भी रामदीन ने 31 ओवर गेंदबाजी की और 7 बल्लेबाजों को आउट किया था।



इंग्लैंड के खिलाफ 1950 में ओल्ड ट्रैफर्ड में पदार्पण करने वाले रामदीन ने अपने करियर में 43 टेस्ट मैच खेले और 28.98 की औसत से 158 विकेट लिए। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा, ह्यक्रिकेट वेस्टइंडीज की ओर से वेस्टइंडीज के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहे रामदीन के परिवार और मित्रों के प्रति सहानुभूति जाहिर की है ह्व

● इंग्लैंड में साल 1950 में पहली बार सीरीज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे

उन्होंने कहा, ह्यविश्व क्रिकेट में कदम रखते ही रामदीन ने अपना प्रभाव छोड़ा। 1950 के दौरे पर उनकी शानदार उपलब्धियों की कई कहानियां सुनाई जाती हैं, जब उन्होंने एल्फ वेलेंटाइन के साथ मिलकर क्रिकेट की ह्यस्पिन ट्विनह्व जोड़ी बनाई जिससे वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पहली बार उसकी धरती पर हराया था ह्व रामदीन ने इंग्लैंड में वेस्टइंडीज की पहली टेस्ट जीत के दौरान हुए मैच में 152 रन देकर 11 विकेट लिए थे।

# एफआईएच प्रो लीग के दूसरे मैच में स्पेन से हारी भारतीय टीम

भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के दूसरे मैच में स्पेन ने 5-3 से हरा दिया। वहीं भारतीय टीम ने पहले चरण के मैच के अंतिम मिनट में गोल कर स्पेन को 5-4 से हराया था। इस मैच में स्पेन ने अपने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर मेजबान भारतीय टीम को पूरी तरह से पीछे छोड़ दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने छठे मिनट में ही अभिषेक के गोल से मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली पर भारतीय टीम इसके बरकरार नहीं रख पायी। स्पेन ने पाउ कुनिल के 14वें और 24वें मिनट के 2 पेनल्टी और जोन टैरेस के 14वें मिनट में मैदानी गोल से 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। पेपे कुनिल ने 54वें और कप्तान मार्क मिरालेस ने 59वें मिनट में दो और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्पेन को 5-3 से आगे कर बेहद अच्छी स्थिति में ला दिया।



वहीं भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह ने 27वें और सुखजीत सिंह ने 51वें ने दो गोल किये। एफआईएच प्रो लीग में यह भारत की दूसरी हार है। भारतीय टीम को इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में फ्रांस के हाथों 2-5 से हार का सामना करना पड़ा था। इस लीग में अपनी दूसरी हार के बाद भी छह मैचों के बाद भारतीय टीम अभी अंक तालिका में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहीन की लाहौर ने जीता पीएसएल खिताब

लाहौर, एजेंसी। शाहीन अफरीदी की टीम लाहौर कलंदर्स ने फाइनल में मुल्तान सुल्तान को 42 रनों से हराकर पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) खिताब जीता है। फाइनल में लाहौर ने पहले खेलते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाये। वहीं इसके जवाब में सुल्तांस की टीम 138 रनों पर ही आउट हो गयी। खिताबी मुकाबले में लाहौर की जीत में मोहम्मद हफीज की अहम भूमिका रही। हफीज ने केवल 46 गेंदों पर 69 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने दो विकेट भी लिए। हफीज के अलावा सुल्तान के शाहनवाज दहानी भी इस मैच में छाये रहे। इसका कारण यह रहा कि 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर ही दहानी ने हफीज को कैच आउट करा दिया जैसे ही हफीज कैच आउट हुए, दहानी अंपायर अलीम डार के पास गए और हाथ जोड़कर बल्लेबाज को पवेलियन भेजने को कहा। इसपर अंपायर ने भी हाथ जोड़कर बल्लेबाज को पवेलियन जाने का इशारा किया। गेंदबाज और अंपायर के इस अंदाज के वीडियो को प्रशंसकों ने सोशल मीडिया में काफी पसंद किया है।

### पंजाब किंग्स ने मयंक को बनाया कप्तान



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए पंजाब किंग्स टीम ने सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। मयंक ने कप्तानी की दौड़ में अनुभवी शिखर धवन को पछाड़ा है। वह साल 2018 से ही लगातार पंजाब टीम में शामिल होने के साथ ही टीम के उप कप्तान भी रहे हैं। मयंक ने कहा: ह्लमैं साल 2018 से ही पंजाब किंग्स में हूं और मुझे इस टीम का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से स्वीकार करता हूं। साथ ही, मेरा मानना है कि इस सत्र में पंजाब किंग्स की जो टीम हमारे पास मौजूद है उसकी प्रतिभा से मेरा काम आसानी से हो जाएगा।' उन्होंने कहा ह्लहमारी टीम में कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ ही प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं जो इस अवसर का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। ऐसे में टीम खिताब जीतने की प्रबल दावेदार टीमों में शामिल है। साथ ही कहा कि में टीम प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे टीम का नेतृत्व करने की नई जिम्मेदारी सौंपी है। मैं नए सत्र और इसके साथ आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैया हूं।

# सभी खिलाड़ियों को अवसर देना चाहते हैं : रोहित



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने पर उत्साहित होते हुए कहा कि टीम की बेंच स्ट्रेंथ अच्छी है और वह सभी को अवसर देना चाहते हैं ताकि टीम में कोई कमी नहीं रहे।

रोहित ने इस सीरीज में कई बदलाव करते हुए अधिकतर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर दिया था। उन्होंने, शुरूआती टी20 मैचों में 6 बदलाव किए गए थे जबकि तीसरे टी20 मैच में रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव सहित पांच युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया। रोहित ने मैच के बाद कहा, ह्ययह एक प्रकार का प्रयोग है। मने बहुत अच्छा खेला। सीरीज से काफी सकारात्मक बातें सामने आई है। हम यह समझना चाहते हैं कि हमारे पास किस तरह की बेंच स्ट्रेंथ है , इसलिए हमने सभी खिलाड़ियों को अवसर दिया। खिलाड़ियों को यह बताना भी जरुरी है कि अपने स्थान के बारे में परेशान न हों ह्वउन्होंने आगे कहा, ह्यहमारे पास जो भी कमी है, उसे भरना चाहते हैं। इसे ही ध्यान में रखते हुए हम आगे बढ़े हैं ह्व श्रीलंका के खिलाफ आने वाले समय में दो मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर कप्तान ने कहा कि लंबे प्रारुप में खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी और इसके लिए हमें लय बनाये रखनी होगी।



चेलेसा और लीवरपूल मुकाबले में रोमिलू लूकाकू गोल दागते हुए।

# आईपीएल में टिम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन : वॉटसन

दुबई, एजेंसी। सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम डेविड पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारी दबाव रहेगा क्योंकि उन्हें मोटी रकम में खरीदा गया है और वह अपने को साबित करना चाहेंगे। टिम को मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 8.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शेन वॉटसन ने कहा कि बड़ी राशि मिलने से टीम की भी आपसे अपेक्षाएं बढ़ जाती है जिससे खिलाड़ी पर दबाव आता ही है। साथ ही कहा कि यह तब तक नहीं है जब तक आप खेल में हैं। यह तब भी रहता है जब आप मैदान से बाहर रहते हैं। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने को मानसिक रुप से भी तैयार रखना होता है। यह तभी संभव होता है जब आप दबाव को झेलते हैं और उससे कैसे बाहर निकलते हैं उसका विचार करते हैं। मैंने



ऐसे कई खिलाड़ी देखे हैं जिन्हें यह उम्मीद थी और वे इसके तहत आगे बढ़े। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर उस तरह के खिलाड़ी हैं जिनपर दबाव का प्रभाव नहीं पड़ा।

वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी है जिनका खेल दबाव के कारण बेकार हो गया। सिंगापुर के टिम बीबीएल में खेलते हैं। उन्हें पहली बार आईपीएल में खेलने का मौका मिला है और वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। इसलिए वहां दबाव होगा। विश्व स्तर के शीर्ष खिलाड़ियों के होने के कारण आईपीएल में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिली है। इससे भी मुकाबले कठिन होते हैं और खिलाड़ियों पर दबाव आता है।

# कोमा के गए पूर्व ऑस्ट्रेलयाई क्रिकेटर मार्श

सिडनी, एजेंसी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रॉड मार्श की हालत दिल के दौरे के बाद से ही गंभीर बनी हुई है। मार्श अभी कोमा में हैं। उन्हें एक चैरिटी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बुंडाबर्ग पहुंचने के दौरान ही दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था। उसके बाद से ही मार्श की हालत गंभीर बनी हुई है।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ ने मार्श के परिवार की तरफ से एक बयान जारी किया जिसमें कहा कि मार्श जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। वह कोमा में हैं। वहीं उनके बेटे पॉल ने कहा कि हमारा परिवार दुनिया भर से मिले प्यार और समर्थन के संदेशों से अभिभूत है।

74 साल के रॉड ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से साल 1970 से 1984 के बीच 96 टेस्ट मैच खेले



थे। इस दौरान उन्होंने 26.51 की औसत से 3 हजार 633 रन बनाए थे। उनके नाम 3 शतक और 16 अर्धशतक हैं। उन्होंने 92 एकदिवसीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था जिसमें उन्होंने 1225 रन बनाए थे। उनके नाम 4 अर्धशतक भी हैं। रॉड साल 2016 तक ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के चयनकर्ता भी रहे थे।

# स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी में भारत की निकहत और नीतू को मिले स्वर्ण

सोफिया, एजेंसी। भारत की महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और नीतू ने स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं। जरीन ने (52 किग्रा) भार वर्ग में यूक्रेन की तेतियाना कोब को 4-1 से हराया जबकि नीतू ने (48 किग्रा) भार वर्ग में इटली की एरिका प्रिसियांडारो को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निकहत को तीन बार की यूरोपीय चैम्पियनशिप तेतियाना के साथ मुकाबले में कड़ा संघर्ष करना पड़ा।



राष्ट्रीय महिला टीम के कोच भास्कर भट्ट ने कहा, ह्यह्यदोनों ही भारतीय खिलाड़ियों ने पूरी तरह से अलग शैली का प्रदर्शन किया लेकिन दोनों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ह्वह्वजरीन ओर नीतू के अलावा नंदिनी ने 81 किग्रा में जीत के साथ ही कांस्य पदक पर कब्जा किया है। वहीं स्वर्ण विजेता नीतू दो बार की पूर्व युवा विश्व चैंपियन के साथ एशियाई युवा चैंपियनशिप में पूर्व स्वर्ण पदक विजेता भी हैं। दूसरी ओर भारतीय पुरुष टीम का प्रदर्शन इस बार अच्छा नहीं रहा। इसमें सात में से कोई भी पदक दौर में नहीं पहुंच सका। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल यूरोप की सबसे पुरानी मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में से एक है और इसमें दुनिया भर के शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा लेते है।

# मंधाना विश्वकप के लिए फिट हुई

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट की प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना शुरूवार से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट मुकाबले के लिए फिट हो गयी हैं। इससे पहले मंधाना को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए अभ्यास मैच में एक गेंद सिर पर लग गयी थी। जिसके कारण उनकी फिटनेस पर सवालिया निशान लग गये थे। अभ्यास मैच में मंधाना के सिर पर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज शबनम इस्माइल की एक बाउंसर लग गई थी, जिसके कारण मंधाना को रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। वहीं आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम डॉक्टर ने मंधाना की जांच के बाद उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बल्लेबाज में कनकशन (सिर में चोट) के कोई लक्षण नहीं नजर आ रहे।



मंधाना अभी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपना 20वां अर्धशतक लगाया था। ऐसे में मंधाना की फिटनेस को लेकर भारतीय टीम चिन्तित थी। इस बल्लेबाज ने अब तक 64 एकदिवसीय मुकाबलों में चार शतक की मदद से 2461 रन बनाए हैं। भारतीय टीम को छह फरवरी को पाकिस्तान से खेलना है और मंधाना के फिट होने से टीम की बल्लेबाजी बेहतर हुई है।

# तीसरे टी20 में जडेजा को इसलिए नहीं मिली गेंदबाजी

धर्मशाला, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले को जीतकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की है। भारतीय टीम ने अंतिम मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। इस मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने बल्लेबाजी के दौरान 15 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाये पर उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी। गेंदबाजी नहीं दिये जाने का करण भी जडेजा ने बताया है उनका कहना है कि युवा गेंदबाजों रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव को गेंदबाजी अभ्यास कराने के कारण उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम को जडेजा से बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीथ थी। इसी कारण उन्हें ऊपरी क्रम पर भेजा गया। साथ ही कहा कि कुलदीप और विश्नोई को गेंदबाजी अभ्यास कराने की जरुरत थी। इसी कारण जडेजा को गेंदबाजी नहीं दी गयी। इस मैच में कुलदीप और विश्नोई की गेंदबाजी की बात करें तो विश्नोई ने 4 ओवर की गेंदबाजी में 32 रन देकर 1 विकेट लिया जबकि कुलदीप ने 22 रन दिए पर उन्हें एक विकेट भी नहीं मिला।

# श्रेयस एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बने

मुम्बई, एजेंसी। युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर एक टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में भी अर्धशतकीय पारी खेली। इससे पहले के दो मैचों में भी उन्होंने अर्धशतक लगाया था। वहीं जब इस बल्लेबाज से पूछा गया कि 3 अर्धशतक में से कौन-सा सबसे खास रहा, तो उन्होंने कहा कि तीनों



विशेष थे पर साथ ही कहा कि तीसरे मैच की पारी एक अहम क्षण में आई थी। इसलिए मैं उसे ही विशेष मानूंगा।

श्रेयस ने कहा कि फॉर्म में आने के लिए केवल एक गेंद की जरूरत होती है।

3 मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

204 - श्रेयस बनाम श्रीलंका (2022)
199 - कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया (2016)
183 - कोहली बनाम वेस्टइंडीज (2019)
164 - राहुल बनाम वेस्टइंडीज (2019)
162 - रोहित बनाम श्रीलंका (2017)

# डेविस कप टेनिस में चार और पांच मार्च को डेनमार्क से खेलेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम को अगले माह चार और पांच मार्च को डेविस कप टेनिस मुकाबले में डेनमार्क से खेलना है। अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रहे प्रकाश अमृतराज ने कहा है कि भारतीय टेनिस टीम को डेनमार्क के खिलाफ होने वाले इस डेविस कप मुकाबले में एक इकाई की तरह तरह खेलना चाहये। प्रकाश ने कहा कि जब खिलाड़ी देश को आगे रखते हैं तो एक अलग ही जुनून होता है। इससे आपको अपने अहंकार को अलग रखते हुए करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। देश के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ियों में शामिल रहे प्रकाश के पिता विजय अमृतराज भी महान खिलाड़ी थे।

डेममार्क के खिलाफ विश्व ग्रुप 1 प्ले ऑफ मुकाबले के लिए रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन, दिविज शरण और रोहन बोपन्ना भारतीय टीम के सदस्य हैं। वहीं डेनमार्क टीम में होलगर रूने सबसे ऊंची 88 रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। इस



मुकाबले के विजेता को इस साल के अंत में विश्व ग्रुप 1 में खेलने का अवसर मिलेगा। प्रकाश ने कहा कि डेनमार्क की टीम में कई ऊंची रैंकिंग के खिलाड़ी हैं पर इसके बावजूद हम इस मुकाबले में जीत के प्रबल दावेदार हैं।

# डार्क सर्कल दूर करने के घरेलू उपचार



**टमाटर से होंगे डार्क सर्कल दूर :**

टमाटर खाना वैसे भी हमारी सेहत के लिए लाभकारी है। टमाटर खाने से सेहत ठीक रहती है। टमाटर का खाने में इस्तेमाल करने से डार्क सर्कल कम हो जाते हैं। एक चम्मच टमाटर का रस, आधा चम्मच नींबू का रस,एक चुटकी हल्दी,बेसन को मिलाकर पैक तैयार कर लें। इसे आंखों के नीचे 10 मिनट के लिए लगाएं और इसे हल्के हाथों से मसाज करके पानी से धो लीजिए। नियमित प्रयोग से डार्क सर्कल दूर हो जाएंगे।

**खीरा:**

खीरे के रस को रूई में भिगो कर आंखों के आसपास लगाएं। इससे डार्क सर्कल (काले घेरे) धीरे-धीरे कम होना शुरू हो जाएगा।

**बादाम का तेल:**

डार्क सर्कल दूर करने के लिए हम कई प्रकार के जतन करते रहते है, लेकिन जो घरेलू नुस्खे है उन्हीं से डार्क सर्कल दूर हो जाएंगे। आपको बता दें कि बादाम के तेल और शहद को मिक्स करके रात को आंखों की हल्के हाथों से मसाज करें और सुबह पानी के साथ धो लीजिए।

**बादाम का सेवन:**

हर रोज बादाम खाना सेहत के लिए लाभकारी है। क्योंकि बादाम से सेहत बनती है, साथ में कई प्रकार की बीमारियां भी दूर हो जाती है। बादाम की 5 गिरीया रात को भिगो कर चबा-चबाकर दूध के साथ 21 दिन खाने से बहुत लाभ मिलता है।

# कर्णफूल सेहत की समस्याओं को करते हैं दूर



कर्णफूल यानी ईयररिंग्स-झुमके, कुंडल, गोल, लंबे आदि आकार व डिज़ाइन में पाए जाते हैं। आमतौर पर महिलाएं सोने, चांदी, कुंदन आदि धातु से बने ईयररिंग्स पहनती हैं।

मान्यताओं के अनुसार, कर्णफूल यानी ईयररिंग्स महिला के स्वास्थ्य से सीधा संबंध रखते हैं। ये महिला के चेहरे की ख़ूबसूरती को निखारते हैं। इसके बिना महिला का श्रृंगार अधूरा रहता है।

वैज्ञानिक मान्यताओं के अनुसार हमारे कर्णपाली (ईयरलोब) पर बहुत से एक्यूपंक्चर व एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जिन पर सही दबाव दिया जाए, तो माहवारी के दिनों में होनेवाले दर्द से राहत मिलती है।

ईयररिंग्स उन्हीं प्रेशर पॉइंट्स पर दबाव डालते हैं। साथ ही ये किडनी और मूत्राशय (ब्लैडर) को भी स्वस्थ बनाए रखते हैं।इनसे एक्यूप्रेशर होता है।

कान की नसें स्त्री की नाभि से लेकर पैर के तलवों के बीच के सभी अंगों को प्रभावित करती हैं। इसलिए कान में छेद कराके उसमें धातु (विशेषकर सोना) धारण करने से स्त्रियों को पीरियड्स से संबंधित समस्याएं नहीं होती हैं। सोने के ईयर रिंग्स से शारीरिक उर्जा और बल का विकास होता है।

# हरे चने के फायदे



हरे चने में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन तथा विटामिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा कर उन्हें स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं।

- हरे चने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं। क्योंकि चनें में विटामिन सी और कैल्शियम भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जिससे हड्डियां मजबूत बनती हैं।
- एनर्जी बढ़ाने का ये एक बेहतर स्त्रोत है। इसमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो शरीर में एनर्जी बढ़ाने का काम करता है।
- अगर आप हर रोज नियमित रूप से हरे चने का सेवन करेंगे तो ये शरीर में बैड कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है।
- इसमें विटामिन ए, सी और बी काफी मात्रा में पाए जाते हैं, जो त्वचा की झुर्रियों को कम कर आपको जवां बनाए रखने में भी मदद करता है।
- इन सबके अलावा हरे चने में विटामिन ई भी पाया जाता है, जो आंखों की रोशनी के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं।

# स्पाइसी फूड के सिर्फ नुकसान ही नहीं फायदे भी हैं



अब तक हम यही सुनते आए हैं कि सेहत (Health) के लिए मसालेदार खाना या तीखा खाना नुकसानदेह होता है। सुना है कि कम मसाले वाला खाना खाकर ही हम बीमारियों से दूर रह सकते हैं। हम इन बातों को अक्सर मान भी लेते हैं लेकिन जैसे ही सामने तीखी मनपसंद चाट, चटपटे गोल गप्पे, मसालेदार राजमा छोलों का नाम आता है, हमारा सारा कंट्रोल खो जाता है। अगर आप भी स्पाइसी खाना पसंद करते हैं तो आपको बता दें कि दरअसल स्पाइसी फूड सीमित मात्रा में खाया जाए तो वह सेहत के लिये उतना बुरा भी नहीं है। विज्ञान और आयुर्वेद भी इसकी वकालत करता है। भोजन में अगर सही मात्रा में इलाइची, दालचीनी, हल्दी, लहसुन, अदरक और मिर्च आदि मसाले मिलाए जाएं तो ये सेहत के लिए फायदेमंद ही साबित होते हैं। तो आइए जानते हैं कि स्पाइसी फूड खाने के क्या क्या फायदे हैं।

# महिलाओं में पुरुषों की तुलना में अनिद्रा की संभावना क्यों होती है ज्यादा



सभी लोगों के लिए पर्याप्त नींद लेना जरूरी होता है। अनिद्रा से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। स्टडीज में सामने आया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में नींद नहीं आने की समस्या ज्यादा होती है। सभी लोगों के लिए रात में सात से आठ घंटे की शांतिपूर्ण नींद लेना आसान नहीं है। कुछ लोग जल्दी सोने का प्रयास करते हैं लेकिन फिर उन्हें नींद नहीं आती। महिलाओं के साथ यह समस्या ज्यादा है।

**अनिद्रा की समस्या क्या है?**

अनिद्रा यानी नींद नहीं आने की स्थित को एक स्लीप डिसऑर्डर के रूप में जाना जाता है जिसमें लोगों को अक्सर सोने में परेशानी होती है। यह स्थिति कम या ज्यादा हो सकती है। इसको 3 कारण से समझा जा सकता है कि महिलाओं को अनिद्रा का खतरा क्यों होता है और उन्हें कैसे ठीक किया जा सकताहै।

**हार्मोन का प्रभाव पड़ना**

आपके हार्मोन और आपकी नींद के बीच एक मजबूत संबंध है। एक अध्ययन के अनुसार, जब तक दोनों जेंडर युवावस्था में नहीं आते, तब तक स्लीप साइकिल में कोई अंतर नहीं होता है। नींद के पैटर्न में बदलाव तब शुरू होता है जब लड़कियों में मासिक धर्म शुरू होता है। उनका स्लीप साइकिल मासिक धर्म के आधार पर हार्मोन में उतार-चढ़ाव के कारण अच्छा या खराब हो जाता हैं। गर्भावस्था और मोनोपॉज में भी हार्मोनल परिवर्तन आते हैं और नींद पर इसका प्रभाव पड़ता है।

**मूड डिसऑर्डर**

दूसरा कारण चिंता और अवसाद जैसे मूड स्विंग हैं। हम सभी जानते हैं कि महिलाएं ज्यादा भावुक होती हैं। पीरियड्स के समय यह ज्यादा होता है और इससे उन्हें नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। क्योंकि मस्तिष्क में कई केमिकल जो मूड डिसऑर्डर के लिए जिम्मेदार हैं।

**ज्यादा कार्य से तनाव का बढ़ना**

एक बात जो मानते हैं कि महिलाएं बच्चों और बुजुर्गों ज्यादा प्राथमिक से देखभाल करती हैं। उनके पास घर का काम ज्यादा होता है। ये सभी गतिविधियां तनाव स्तर को बढ़ाती हैं और स्लीप साइकिल को बिगाड़ती हैं।

**अनिद्रा की समस्या का समाधान**

नींद नहीं आने की समस्या आपके दैनिक जीवन में इंटरफेर करे, इससे पहले इसका समाधान करना जरूरी है। इस समस्या से निपटने के कई तरीके हैं, लेकिन सबसे पहले इसके कारणों को समझना और अपनी नींद की आदतों का रिव्यू करना महत्वपूर्ण है। अधिकांश लोगों के जीवन में किसी न किसी समय अनिद्रा का अनुभव करते हैं।

# ऑफिस के लिए तैयार होने के मेकअप टिप्स

अक्सर महिलाओं को सुबह ऑफिस जाने के लिए तैयार होने में काफी समय लगता है। ऐसे में महिलाएं सुबह तो काफी फ्रेश दिखती हैं, लेकिन शाम होते होते उनका चेहरा काफी डल हो जाता है। इसके लिए महिलाओं को सही मेकअप प्रोडक्ट और इस्तेमाल करने का तरीका पता होना काफी जरूरी है। इसी बीच आज हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से आप ऑफिस जाने के लिए तैयार होने में समय भी नहीं लगेगा और आपको परफेक्ट लुक भी मिलेगा।

**प्राइमर को ऐसे करें यूज**

मेकअप करते वक्त आपको प्राइमर लगाने का सही तरीका पता होना चाहिए। प्राइमर लगाने से पहले फेश वॉश जरूर करें। इसके फेस पर मॉइश्चराइजर लगाएं और इसके बाद ही प्राइमर फेस पर लगाएं। ऑयली स्किन के लिए मैट प्राइमर लगाएं और ड्राई स्किन के लिए जेल बेस्ड प्राइमर का इस्तेमाल करें।

**फाउंडेशन पेंसिल**



दिन भर की थकान के कारण फेस डल लगने लगता है। ऐसे में डार्क सर्कल्स भी साफ नजर आने लगते हैं। ऐसे में आप फाउंडेशन पेंसिल का यूज करते आंखों के पास अच्छे से ब्लेंड करें। इसके बाद ही आईलाइनर और काजल लगाएं।

**कॉम्पैक्ट**

मेकअप को सेट करने के लिए कॉम्पैक्ट का इस्तेमाल करें। इसके बाद पिंक कलर का ब्लश लगाएं।

**मॉइश्चराइजर लिप्सटिक**

ऑफिस के लिए पिंक और पीच कलर की लिपस्टिक बेस्ट है। यह होठों के नेचुरल कलर से मिलता है। ये आपको एक अच्छा फॉर्मल लुक देता है।

# किसी वरदान से कम नहीं है यह फूल

भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के अनुसार गुड़हल की जड़ों को पीस कर कई दवाएँ बनाई जाती हैं। मेक्सिको में गुड़हल के सूखे फूलों को उबालकर बनाया गया पेय एगुआ डे जमाईका अपने रंग और तीखे स्वाद के लिये काफी लोकप्रिय है। अगर इसमें चीनी मिला दी जाय तो यह क्रैन-बेरी के रस की तरह लगता है। डायटिंग करने वाले या गुर्दे की समस्याओं से पीडित व्यक्ति अक्सर इसे बर्फ के साथ पर बिना चीनी मिलाए पीते हैं, क्योंकि इसमें प्राकृतिक मूत्रवर्धक गुण होते हैं।



गुड़हल के पेड़ को एक संपूर्ण औषधि माना गया है। इसकी जड़ से लेकर पुष्प तक हर चीज किसी न किसी बीमारी का इलाज है, खास तौर पर स्किन तथा बालों से जुड़ी समस्याओं का। इसके सेवन से आपके सेहत को काफी ज्यादा फायदा हो सकता है, आइए जानते हैं गुड़हल के फूल तथा पत्तियों के कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे-

- गुड़हल के 20 फूल तथा पत्तियों को सुखाकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को रोजाना एक गिलास दूध के साथ पीने से याददाश्त बढ़ती है। साथ ही इस उपाय से शरीर में खून की कमी भी दूर होती है।
- चेहरे से मुंहासे व धब्बे दूर करने के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है। इसके फूल की पत्तियों को पानी में पीसकर उसमें शहद मिलाकर चेहरे पर लगाया जाता है।
- मुंह में छाले होने पर गुड़हल के पत्ते चबाएं। जल्दी आराम मिलेगा।
- यदि आप बालों को सुंदर और मजबूत बनाना चाहते हैं तो गुड़हल के ताजे फूलों को पीसकर बालों पर लगाएं।
- गुड़हल के फूलों का उपयोग बालों को सुंदर बनाने के लिए भी किया जाता है। इसे पानी में उबाल कर सिर धोने से बालों के झड़ने की समस्या दूर हो जाती है।

# कुछ इस तरह उबालें अंडे

**हर डिश बन जाएगी परफेक्ट**



**प्रोटीन का रिच सोर्स अंडा:**

अंडा एक ऐसा हरफनमौला इंग्रीडिऐंट है, जिससे आप सैंडविच और ओमेलेट्स जैसी डिशेज से लेकर, केक जैसे डिजर्ट तक जो चाहें बना सकते हैं। ये बनाने में आसान हैं और प्रोटीन के रिच सोर्स हैं।

**उबालने के तरीके:**

जब बात अंडे को उबालने की आती है तो इसे उबालने के दो मेन तरीके हैं- सॉफ्ट बॉइल्ड एग और हार्ड बॉइल्ड एग। सॉफ्ट बॉइल्ड एग में अंडे का योक थोड़ा सा रनी यानी बहता हुआ सा होता है और टेक्सचर क्रीमी सा रहता है। वहीं दूसरी तरफ हार्ड बॉइल्ड एग में योक सॉलिड होता है।

**स्वाद के मुताबिक अंडे उबालने की टाइमिंग:**

- एक पैन में थोड़ा ठंडा पानी लें और उसमें अंडे रखें। ध्यान रखें कि एक बार में बहुत सारे अंडे न डालें। गैस स्टोव जलाएं और जब पानी उबलने लगे तो पैन को आंच से उतार लें। यदि आप चाहते हैं कि आपके अंडे का सफेद भाग थोड़ा हल्का सॉफ्ट, गुदगुदा और योक लिक्विड जैसा रहे तो ठीक 3 मिनट के लिए अंडे उबालें।
- अगर अंडे का योक थोड़ा कम लिक्विड वाला और उसका सफेद भाग नरम और थोड़ा सा ठोस चाहिए तो अंडे को 4 मिनट तक उबालें।
- अगर आप चाहते हैं कि अंडे की जर्दी यानी योक नर्म व चिकना रहे और अंडे की सफेदी मुलायम लेकिन ठोस हो तो आपको अंडों को 6 मिनट तक उबालना चाहिए।

# धनिए का जूस पीने के फायदे



भारत के हर घर में खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए धनिये का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है. इसका सेवन करने से शरीर को स्वस्थ रहने में भी मदद मिलती है. रोजाना नियमित रूप से धनिये के जूस का सेवन करना भी बहुत लाभदायक रहता है. आइये जानते है धनिये के प्रयोग से हमारे शरीर को क्या-क्या लाभ होते है :

**ड्रिंक बनाने का तरीका :-**

धनिये का जूस बनाने के लिए सबसे पहले धनिये को काटकर एक ग्लास पानी में अच्छी तरह उबाल ले फिर इसको अच्छे से छान ले। फिर इसमें स्वाद के लिए नींबू और नमक मिलाकर इसका सेवन करे। इस प्रकार इसका सेवन करने से स्वास्थ्य सम्बन्धी कई परेशानियां दूर हो जाएगी।

**किडनी की समस्या से मुक्ति**

धनिये के जूस का सेवन करने से किडनी संबंधी हर परेशानी से छुटकारा मिलता है। इसको पीने से शरीर के टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते है और हमारा स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है।

**मोटापे की समस्या को दूर करना**

जो लोग मोटापे की समस्या से परेशान होते है अगर उनके द्वारा धनिये के जूस का सेवन किया जाए तो उनके शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी नष्ट हो जाएगी और उनका मोटापा जल्द ही कम हो जाएगा।

**हर्ट प्रॉब्लम के लिए**

धनिये में पोटाशियम की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। जिन लोगो को हार्ट की परेशानी होती है अगर उनके द्वारा खाने में धनिये का प्रयोग किया जाता है तो वे इस बीमारी से जल्द ही बाहर निकल सकते है।यह शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होता है।

**त्वचा की समस्या मुक्ति**

धनिए में कार्बोहाइड्रेट्स की प्रचूर मात्रा होती है और इसका सेवन करना स्किन के निखार के लिए बहुत ही गुणकारी होता है। जिनकी स्किन डल होती है अगर वे धनिये के जूस का नियमित रूप से सेवन करे तो उनकी स्किन भी चमकदार बन सकती है।

# एक ही तेल को बार-बार यूज करना हानिकारक

सामान्यतः घरों में ऐसा देखा गया है की पूरी-कचौड़ी जैसी चीजों को डीप फ्राई करते हैं तो तेल बच जाता है जिसका लोग कई बार दोबारा प्रयोग करने लगते है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ये आपकी सेहत के लिए कितना अधिक खतरनाक है? एक नई रिसर्च के मुताबिक, एक बार इस्तेमाल किए हुए तेल को बार-बार यूज करने से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं।

शोध में यह बताया गया कि तलने के लिए एक ही तेल का इस्ते-माल करने से उसमें फ्री रेडिकल्स भी बनने लगते हैं जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं।

इसकी वजह से कैंसर, स्ट्रोक और अलजाइमर जैसी घातक बीमारियों के होने की संभावना अत्यधिक बनी रहती है।

इसके अलावा एक ही तेल को कई बार उच्च तापमान पर गर्म करने से उसमें एल्डीहाइड बनने लगते हैं जिस वजह से लोगों में डायबिटीज, हाइपरटेंशन, लिवर आदि की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

अगर बचा हुआ तेल इस्तेमाल कर भी रहे हैं तो सबसे पहले उसे छान जरूर लें और कि वो गाढ़ा, काला या चिप-चिपा ना दिखाई दे।



**आज की रेसिपी**

## तिल पनीर पकौड़ा



यह क्रिस्पी और क्रंची पकौड़े जितने खाने में स्वाद लगते हैं उतने ही बनाने में भी बहुत आसान है तिल की वजह से इन पकौड़ों में एक अलग ही स्वाद आता है.

**सामग्री :**

- 200 gms पनीर क्यूब्स, बड़े
- 1/4 कप तिल
- 1/4 कप मैदा
- 1 टी स्पून लहसुन , कद्दूकस
- 1 टी स्पून अदरक , कद्दूकस
- 2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- स्वादानुसार नमक
- स्वादानुसार लाल मिर्च पाउडर
- 1 टी स्पून गरम मसाला पाउडर
- 1 टी स्पून चाट मसाला
- 1 कप ब्रेड क्रम्ब्स
- 2 टेबल स्पून चावल का आटा

**विधि :**

- मैदे में नमक और सभी मसाले डालकर एक घोल बना लें. बैटर को पतला न करें इसे थोड़ा गाढ़ा ही रखें.
- पनीर के टुकड़ों को इसमें डीप करें और चारों तरफ से घोल में लपेटे.
- एक बाउल में चावल का आटा, ब्रेड क्रम्बस और नमक को मिक्स करके रखें.
- अब पनीर के टुकड़ों को इस मिक्स में रोल करके तेल में डीप गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें.

# रात में खानी चाहिए दाल या नहीं ?



दाल और रोटी भारतीय थाली में परोसे जाने वाली सबसे प्रमुख भोजन हैं। दाल, चावल, रोटी और सब्ज़ी का सेवन करने वालों को सभी प्रकार के पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और पेट भरने की संतुष्टि भी होती है। लेकिन, कई बार लोगों को दाल का सेवन करने से कुछ परेशानियां होती हैं। इसकी वजह है ग़लत तरीके से दाल का सेवन। वहीं, कुछ लोगों के मन में अक्सर सवाल आता है कि क्या रात के समय दाल खाने से पेट से जुड़ी परेशानियां होती हैं। आइए जानते हैं दाल खाने से जुड़े इस मिथक के बारे में और जानें क्या है इसका पूरा सच।

**क्या कहता है आयुर्वेद ?**

जैसा कि आयुर्वेद में भोजन से जुड़े नियमों को बनाने के लिए शरीर की प्रकृति यानि दोष को आधार बनाया जाता है। इसीलिए, जब आप कुछ भोजन करते हैं तो उससे आपके शरीर की प्रकृति भी प्रभावित होती है और कफ, वात या पित्त दोष बढ़ जाता है। चूंकि, हर अनाज की तासीर भी अलग-अलग होती है इसीलिए, जब आप कोई ऐसा अनाज खाते हैं जो पचने में भारी हो तो आपके डायजेस्टिव सिस्टम को समस्या हो सकती है।

एक्सपर्ट्स के अनसार, रात के भोजन यानि डिनर में दाल खाना सेहत और शरीर दोनों के लिए अच्छा है। आमतौर पर रात के खाने में दाल खाने से लोगों को अपच या इनडायजेशन की समस्या होती है। अरहर या तूर दाल, चने की दाल, मटर की दाल खाने से बचें और मूंग या उड़द की दाल खाएं जो जल्दी पक जाती है और पचने में भी आसान होती है।